* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

01 नवंबर, 2022
कार्तिक, शुक्ल पक्ष, अष्टमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 08, अंक 13


शरद पवार ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती, महसूस हो रही थी बेचैनी




SURJABASHA






CHHOTANAGPUR PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE NEW DELHI No.: 3430699
Opp. : P.H.E.D. Office, Booty Road, Ranchi-834012
ADMISSION OPEN FOR SESSION
2023-24
NURSERY to IXth
Separate Hostel Facility For Boys & Girls
BUS FACILITY AVAILABLE.
CONTACT NO. :
98359 36571
94311 06503
83405 81301


# गुजरात के मोरबी पुल हादसे में 134 की मौत, नौ गिरफ्तार

## पीएम मोदी ने की उच्च-स्तरीय बैठक, आज जायेंगे मोरबी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गांधीनगर।** गुजरात के मोरबी पुल हादसे में पुलिस ने आरोपियों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। सोमवार को पुल का रखरखाव करने वाली ओरेवा कंपनी के दो मैनेजर, ब्रिज की रिपेयरिंग करने वाले दो कॉन्ट्रैक्टर, दो टिकट क्लर्क और तीन सिक्योरिटी गाड्र्स को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि पकड़े गये आरोपियों पर आइपीसी की धारा 304, धारा 308 के तहत केस दर्ज किया गया है। उधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मोरबी हादसे पर उच्च-स्तरीय बैठक की साथ ही राहत-बचाव कार्यों की समीक्षा भी की। गुजरात के मोरबी में हुए हादसे के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक नवंबर को मोरबी जायेंगे। बताया जा रहा है कि पीएम मोदी घटनास्थल का जायजा लेंगे। राजकोट रेंज के आइजी अशोक कुमार ने शाम को प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 50 लोगों की टीम मामले की जांच में जुटी है। पत्रकारों ने उनसे सवाल किया कि इस हादसे के लिए जिम्मेदार बड़े लोगों को कब गिरफ्तार किया जायेगा। इस सवाल पर आइजी ने कहा- अभी तक जिनकी भूमिका सामने आयी, उन्हें गिरफ्तार किया गया। जैसे-जैसे नाम सामने आते जायेंगे और गिरफ्तारियां होती जायेंगी। गुजरात के मोरबी पुल हादसे में मृतकों की संख्या सोमवार सुबह 134 पहुंच गयी। इनमें 45 की उम्र 18 साल से कम है। मृतकों में महिलाओं और बुजुर्गों की संख्या ज्यादा है। 170 लोग रेस्क्यू किये गये हैं। हादसा रविवार शाम 6.30 बजे तब हुआ, जब 765 फीट लंबा और महज 4.5 फीट चौड़ा केबल सस्पेंशन ब्रिज टूट गया। 143 साल पुराना पुल ब्रिटिश शासन काल में बनाया गया था। यह पुल पिछले 6 महीने से बंद था। कुछ दिन पहले ही इसकी मरम्मत की गयी थी। हादसे से 5 दिन पहले 25 अक्टूबर को यह ब्रिज आम लोगों के लिए खोला गया। रविवार को यहां भीड़ क्षमता से ज्यादा हो गयी। हादसे की भी यही वजह बतायी जा रही है। हादसे का 30 सेकेंड का वीडियो भी सामने आया है। इसमें 15 सेकेंड के बाद पुल टूट गया और लोग मच्छू नदी में समा गये।



### पुतिन-लापिड समेत कई वैश्विक नेताओं ने जताया दुख

गुजरात के मोरबी में पुल गिरने से जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों के प्रति रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन और इस्राइल के प्रधानमंत्री यैर लापिड समेत विश्व नेताओं संवेदना व्यक्त की है। रूस की सरकारी वेबसाइट पर राष्ट्रीय द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक संदेश में पुतिन ने कहा, प्रिय राष्ट्रपति और प्रिय प्रधानमंत्री..गुजरात राज्य में पुल ढहने से हुई दुखद घटना पर मेरी हार्दिक संवेदना स्वीकार करें। वहीं, इस्राइली प्रधानमंत्री यैर लापिड ने अपने शोक संदेश में कहा कि इस्राइलियों की संवेदनाएं और प्रार्थनाएं भारत के लोगों के साथ हैं। इस घटना पर पड़ोसी देश श्रीलंका ने भी दुख जताया है। देश के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम संदेश में कहा कि वह पुल ढहने की दुखद घटना से स्तब्ध और दुखी हैं। विक्रमसिंघे ने कहा कि हमारी सरकार और श्रीलंका के लोग भारत के लोगों, विशेष रूप से अपनी जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। राष्ट्रपति ने कहा, घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं और बचाव व राह कार्य के सफल संचालन की कामना करता हूं। नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा ने कहा कि वह इस घटना से बेहद दुखी हैं। उन्होंने ट्वीट कर कहा, हम बहुमूल्य जीवन के नुकसान पर भारत की सरकार और लोगों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। सऊदी रब के विदेश मंत्रालय ने भी मोरबी में हुई त्रासदी पर बयान जारी किया। भारत के पश्चिम राज्य गुजरात में पुल ढहने की दुर्भाग्यपूर्ण घटना में कई लोग हताहत और घायल हुए हैं। सऊदी अरब मैत्रीपूर्ण गणराज्य (भारत) के प्रति संवेदना व्यक्त करता है।बयान में कहा गया है कि राज्य मृतकों के परिजनों और रिश्तेदारों व मित्र भारतीय लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता है और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता है।उधर चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियान ने एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि वहां जो कुछ हुआ है, उस हमने उसे देखा है। हम जानमाल के नुकसान के लिए शोक व्यक्त करते हैं और शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं।

# आकस्मिक निधि से अब 1200 करोड़ तक निकाल सकेगी हेमंत सरकार

- बिहार और ओड़िशा सरकार की राह पर झारखंड सरकार, अधिनियम में होगा संशोधन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड में चल रही कल्याणकारी और रोजगारोन्मुखी योजनाओं में किसी तरह के फंड की कमी नहीं हो, इसके लिए हेमंत सोरेन सरकार ने एक बड़ा फैसला किया है। सरकार अब राज्य की आकस्मिक निधि से 1200 करोड़ रुपये तक की निकासी कर सकेगी। पहले यह राशि 500 करोड़ रुपये तक की थी। सरकार का तर्क है कि राज्य गठन के बाद का बजटीय आकार में काफी बढ़ोतरी हुई है। 2001-02 में राज्य का बजटीय आकार 7114.12 करोड़ रुपये था, जो 2015-16 में 55,492.95 करोड़ रुपये हो गया। वर्तमान में राज्य का बजटीय आकार 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक का हो गया है। ऐसे में कल्याणकारी योजनाओं को तेजी से धरातल पर उतारने और भविष्य की आवश्यकता की पूर्ति के लिए आकस्मिक निधि को पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। बता दें कि हाल में राज्य सरकार ने कई रोजगारोन्मुखी योजनाओं की शुरुआत की है।

**संविधान के अनुच्छेद 267 (2) में है राज्य आकस्मिक निधि का प्रावधान :** कभी-कभी ऐसी परिस्थिति बनती है, जब सरकार को विधानसभा से स्वीकृति लिए बिना ही योजनाओं के लिए राशि खर्च करनी पड़ती है। इस तरह का खर्च करने के लिए संविधान के अनुच्छेद 267 (2) राज्य आकस्मिक निधि का प्रावधान किया गया है। यह निधि राज्यपाल या कार्यपालिका या सरकार के अधीन होती है। इस निधि से पैसा निकालने के लिए विधानसभा की इजाजत की जरूरत नहीं होती है, लेकिन विधानसभा ही तय करती है कि निधि में कितना पैसा होगा और कितने की निकासी होगी।

**2001 में अधिनियम बना, 2015 में पहली बार किया गया था संशोधन :** राज्य गठन के बाद झारखंड राज्य आकस्मिक निधि 2001 का गठन किया गया था। अधिनियम में 150 करोड़ रुपये तक की निकासी का प्रावधान किया गया था। झारखंड आकस्मिक निधि (संशोधन) अधिनियम 2015 में इस राशि को बढ़ा कर 500 करोड़ रुपये किया गया था। राज्य सरकार अब इस अधिनियम में एक बार फिर से संशोधन कर 1200 करोड़ करने जा रही है। कई राज्यों यथा ओड़िशा और बिहार ने भी अपनी आकस्मिक निधि से राशि निकासी में बढ़ोतरी की है। ओड़िशा ने 400 करोड़ रुपये की आकस्मिक निधि को 2000 करोड़ और बिहार सरकार ने स्थायी तौर पर 350 करोड़ के अतिरिक्त अस्थायी तौर पर कुल बजट का 4 प्रतिशत निकासी की राशि तय की है।

# रेप की जांच के लिए टू-फिंगर टेस्ट पर रोक

## ये साइंटिफिक नहीं, सरकार किसी भी हालत में इसे न होने दे : सुप्रीम कोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने रेप केस में टू-फिंगर टेस्ट के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है। जस्टिस डीवाइ चंद्रचूड़ और जस्टिस हेमा कोहली की बेंच ने यह चेतावनी भी दी है कि इस तरह के टेस्ट करने वाले व्यक्तियों को कदाचार का दोषी ठहराया जाएगा। बेंच ने कहा कि दुर्भाग्य है कि यह टेस्ट आज भी जारी है।

बेंच ने स्वास्थ्य मंत्रालय को निर्देश दिया है कि यह सुनिश्चित किया जाये कि किसी भी स्थिति में यौन उत्पीड़न या रेप सर्वाइवर का टू फिंगर टेस्ट नहीं होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना हाइकोर्ट के उस फैसले के खिलाफ सुनवाई की, जहां कोर्ट ने आरोपियों को रिहा कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने इन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनायी है।

बेंच ने एक रेप केस में फैसला सुनाते हुए कहा कि कोर्ट ने बार-बार रेप केस में टू फिंगर टेस्ट नहीं करने आदेश दिया है। इसका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है। इसके बजाय यह महिलाओं को बार-बार रेप की तरह ही प्रताड़ित करता है। यह टेस्ट एक गलत धारणा पर आधारित है कि एक सेक्सुअली एक्टिव महिला का बलात्कार नहीं किया जा सकता है।

बेंच ने केंद्र और राज्य सरकारों को यह निर्देश भी दिया कि टेस्ट से जुड़े दिशा-निर्देश सभी सरकारी और निजी अस्पतालों तक पहुंच जाये।

## क्रिकेटर विराट कोहली के होटल रूम का वीडियो हुआ वायरल, बोले

# प्राइवेसी में दखल, खिलाड़ी मनोरंजन की चीज नहीं


एजेंसी

**पर्थ।** ऑस्ट्रेलिया के जिस होटल में टीम इंडिया रुकी है, वहां यह फैन विराट कोहली के कमरे में घुस गया। उनकी गैर-मौजूदगी में इस फैन ने उनके कमरे का वीडियो रिकॉर्ड किया और उसे सोशल मीडिया पर शेयर कर दिया। इस घटना से विराट नाराज हैं। फैन की इस हरकत को लेकर विराट कोहली ने नाराजगी जाहिर की है।

विराट ने अपनी पोस्ट में लिखा, 'मैं जानता हूं कि फैंस अपने पसंदीदा खिलाड़ियों को देख कर बहुत खुश और उत्साहित रहते हैं। मैंने हमेशा फैंस के इस उत्साह की सराहना की है, लेकिन यह वीडियो जो आया है, उससे मैं आहत हूं। इसने मुझे मेरी प्राइवेसी को लेकर चिंतित किया है। अगर होटल रूम में मुझे प्राइवेसी नहीं मिल सकती तो मुझे पर्सनल स्पेस कहां मिलेगा। मेरी निजता में ऐसे दखल से मुझे आपत्ति है। प्लीज लोगों की प्राइवेसी का सम्मान कीजिए और उन्हें अपने मनोरंजन की चीज जैसे ट्रीट मत कीजिए।'

**इस वाकये से एक इंसान की गरिमा का उल्लंघन हुआ - अनुष्का :** विराट की पत्नी और बॉलीवुड एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा ने भी फैन की इस हरकत को सरासर गलत बताते हुए कहा कि इससे उनके पति की गरिमा को ठेस पहुंची है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, 'इससे पहले भी ऐसे कई मौके आए हैं, जब फैंस ने हमारे प्रति कोई करुणा या दया नहीं दिखाई, लेकिन यह घटना अब तक की सबसे बुरी है।' 'यह सरासर गलत है और एक इंसान की गरिमा का उल्लंघन करता है। वो सभी लोग जो सोचते हैं कि ह्यसेलिब्रिटी हो तो डील करना पड़ेगा वो भी इस समस्या का हिस्सा हैं। थोड़ा सा संयम बरतने से सबका भला होता है। और अगर ये सब आपके बेडरूम में हो रहा है, तो आखिर पब्लिक लाइफ और पर्सनल लाइफ के बीच की लाइन कहां हैं?'

**होटल ने की कार्रवाई :** विराट कोहली के होटल कमरे के वीडियो वायरल होने पर नाराजगी जताने के बाद अब होटल क्राउन ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए इस मामले में शामिल व्यक्ति को तुरंत हटा दिया है। वहीं इसके लिए विराट से माफी भी मांगी है।




## आजाद सिपाही में प्रकाशित खबर का असर

# सरकार ने लिया संज्ञान, अड़की-बीरबांकी और बंदगाव सड़क का अधूरा काम जल्द होगा शुरू

- अड़की की सात पंचायतों के ग्रामीणों की दूसरी मांगों पर भी होगा विचार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने अड़की की सात पंचायतों के ग्रामीणों की मांगों पर समुचित विचार करने का आश्वासन दिया है। इस बाबत राज्य सरकार के वरीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। इन ग्रामीणों ने अड़की-बीरबांकी- बंदगाव सड़क का अधूरा पड़ा कार्य शुरू नहीं होने पर तमाड़-खूंटी सड़क को बेमियादी जाम करने की चेतावनी दी थी। इसके अलावा ग्रामीणों ने कई दूसरी मांगें भी सामने रखी थीं।


खूंटी जिला प्रशासन के आश्वासन के बाद भी ठेकेदार ने अधूरे पड़े कार्य को शुरू नहीं किया
पंद्रह दिन बाद तमाड़-खूंटी रोड को अनिश्चितकाल के लिए जाम करेंगे सात पंचायत के 12000 ग्रामीण
कोरबा में हुई बैठक में आंदोलन की बनी रूपरेखा, शुरू होगा जनसंपर्क अभियान

आजाद सिपाही ने ग्रामीणों की समस्याओं और उनकी मांगों से संबंधित खबर 28 अक्टूबर के अंक में प्रकाशित की थी। तमाड़ डेटलाइन से प्रकाशित इस खबर में करीब 12 हजार ग्रामीणों द्वारा तय किये गये आंदोलनात्मक कार्यक्रम का विस्तार से ब्योरा दिया गया था।

जानकार सूत्रों ने बताया कि खबर प्रकाशित होने के बाद सरकार ने इसे गंभीरता से लिया। सरकार के शीर्ष स्तर से संबंधित अधिकारियों को तत्काल इस मामले का समाधान करने का निर्देश दिया गया। सूत्रों ने कहा कि अधिकारियों की टीम जल्दी ही इस इलाके में जायेगी। सड़क निर्माण को यथाशीघ्र पूरा करने का निर्देश पहले ही दिया जा चुका है।

बता दें कि अड़की की सात पंचायतों के 12 हजार लोगों ने अधिकारियों की वादाखिलाफी और प्रशासन तथा ठेकेदार की उदासीनता के विरोध में बड़े आंदोलन का फैसला किया है। इसके तहत उन्होंने यह तय किया है कि अगर पंद्रह दिनों के अंदर अड़की-बीरबांकी- बंदगाव सड़क का अधूरा पड़ा कार्य शुरू नहीं होता है, तो वे तीर धनुष लेकर खूंटी-तमाड़ रोड को अनिश्चितकाल के लिए जाम कर देंगे। इस सड़क का निर्माण कार्य 2019 से ही चल रहा है। यह 44 किलोमीटर लंबी सड़क है। बीच-बीच में सड़का का निर्माण अधूरा है। इस कारण से बरसात के दिनों में इस क्षेत्र के लोगों का संपर्क अन्य क्षेत्रों से कट जाता है।

# लापरवाही और बदइंतजामी का नतीजा है मोरबी पुल हादसा

## बड़ा सवाल : 130 से अधिक मौतों के लिए कौन है जिम्मेदार, आखिर कब तक होते रहेंगे इस तरह के हादसे

आजाद सिपाही विशेष

गुजरात के मोरबी में हुए पुल हादसे में 136 लोग जान गंवा चुके हैं। सरकार से लेकर सेना तक सभी अलर्ट मोड पर हैं। घटनास्थल पर बचाव कार्य जारी है। साथ ही जांच के भी आदेश दिये गये हैं। अब तक इस हादसे के कारणों के बारे में जो जानकारी सामने आयी है, उससे तो साफ लगता है कि 140 साल पुराना यह पुल समुचित रख-रखाव के अभाव का शिकार बन गया। पुल पर कायम बदइंतजामी के कारण इतना बड़ा हादसा हो गया। इस घटना के बाद एक गंभीर सवाल यह उठ रहा है कि आखिर इस बदइंतजामी और लापरवाही का जिम्मेदार कौन है? पुल का रख-रखाव करने की जिम्मेदारी जिस निजी कंपनी को दी गयी थी, उसने आखिर कैसे एक सौ लोगों की क्षमता वाले पुल पर पांच सौ से अधिक लोगों को चढ़ने की इजाजत दे दी। इस कंपनी ने बिना जांच और फिटनेस सर्टिफिकेट के ही पुल को आम जनता के लिए किसकी अनुमति से खोला? इन सवालों का जवाब मिलना अभी बाकी है। हालांकि इस हादसे की जांच के आदेश दे दिये गये हैं, लेकिन गुजरात जैसे प्रदेश में, जो पूरे देश के लिए एक मॉडल है, इस तरह का हादसा होना साबित करता है कि अधिकारियों का बड़ा वर्ग आज भी अपनी जिम्मेदारी ठीक से नहीं निभा रहा है। यह बहुत गंभीर बात है, क्योंकि इस हादसे ने स्थानीय प्रशासन के साथ गुजरात सरकार को भी कटघरे में खड़ा कर दिया है। चूंकि यह हादसा गुजरात में हुआ है, इसलिए यह और भी गंभीर हो गया है। स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच ही इस हादसे के कारणों की असलियत सामने ला सकती है। लेकिन तब तक इस हादसे पर जो राजनीति हो रही है, उसका खामियाजा तो पूरे देश को भुगतना ही होगा। मोरबी पुल के इतिहास के साथ इस हादसे के कारणों की पड़ताल कर रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

गुजरात के मोरबी में माच्छू नदी पर 140 साल पहले बना केबल ब्रिज टूट गया। इस हादसे में खबर लिखने तक 134 लोगों की मौत की सुचना है। वहीं करीब 177 लोगों को बचाया जा चुका है और कई घायल हैं। इस दर्दनाक हादसे के बाद पुलिस ने गुनहगारों की धर-पकड़ तेज कर दी है। फिलहाल अब तक इस मामले में 9 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के मुताबिक गिरफ्तार किये गए आरोपियों में ओरेवा कंपनी के 2 मैनेजर, 2 टिकट क्लर्क, 3 सिक्योरिटी गार्ड और 2 रिपेयरिंग कांट्रेक्टर शामिल हैं। इनमें से कुछ को गिरफ्तार करने की भी जानकारी मिल रही है। यह पुल ब्रिटिश शासन के दौरान बनाया गया था। राजा-महाराजाओं के समय का यह पुल ऋषिकेश के राम-झूला और लक्ष्मण झूला पुल की तरह झूलता हुआ सा नजर आता था। इसलिए इसे झूलता पुल भी कहते थे। इसे गुजराती नव वर्ष पर महज पांच दिन पहले ही मरम्मत और रिनोवेशन के बाद चालू किया गया था। यह पुल सात महीने से बंद था। ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि अगर मरम्मत के बाद इस पुल को खोला गया था, तो इसमें क्या काम हुआ था और यह कैसे गिर गया? इसका जवाब अब तक कोई नहीं दे सका है। मार्च 2022 में मोरबी की ओरेवा ग्रुप (अजंता मैन्युफैक्चरिंग प्राइवेट लिमिटेड) को पुल के रखरखाव का ठेका दिया गया था। अधिकारी इस बात से इनकार कर रहे हैं कि पुल का फिटनेस सर्टिफिकेट जारी ही नहीं किया गया था। मोरबी नगरपालिका के मुख्य अधिकारी संदीपसिंह जाला ने कहा कि पुल मोरबी नगरपालिका की संपत्ति है, लेकिन हमने 15 सालों तक रखरखाव और संचालन के लिए इसे कुछ महीनों पहले कराया जा सका। अब सवाल उठता है कि आखिर बगैर सर्टिफिकेट पुल को आम जनता के लिए कैसे खोल दिया गया। प्रशासन भले ही यह



कहकर पल्ला झाड़ रहा हो कि कंपनी ने बिना फिटनेस सर्टिफिकेट के पुल खोला, लेकिन अगर यह पुल पांच दिन पहले जनता के लिए शुरू किया गया था, तो क्या प्रशासन को इस बात की कोई जानकारी नहीं हुई। अगर प्रशासन को पुल के शुरू होने की जानकारी थी, तो उसकी ओर से कंपनी पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गयी।

दूसरा बड़ा सवाल यह है कि जब इस पुल पर एक साथ अधिकतम एक सौ लोगों का भार सहने की क्षमता थी, तो फिर इससे ज्यादा लोगों को पुल पर जाने क्यों दिया। पुल पर जाने के लिए टिकट लगता था और निजी कंपनी के कर्मी ही टिकट बेचते हैं। इससे साफ है कि पुल पर लोग टिकट लेकर गये थे। इससे यह भी साफ है कि पुल की क्षमता और लोगों की गिनती के बारे में टिकट बेचने वाले को जानकारी थी। पुल पर घूमने आये लोगों को 17 रुपये का टिकट खरीदना होता था। बच्चों के लिए 12 रुपये का टिकट अनिवार्य था।

रविवार को छुट्टी की वजह से पुल पर काफी भीड़ थी। प्रशासन और पुल का प्रबंधन करने वाली कंपनी लोगों से टिकट तो वसूल रही थी, लेकिन उनके पास भीड़ को काबू करने का कोई इंतजाम नहीं था। हादसे से पहले कुछ लड़के जब झूले को हिला रहे थे, तब कुछ लोगों ने कंपनी से इसकी शिकायत भी की। तब कंपनी ने यह कह कर पल्ला झाड़ लिया कि उनके पास भीड़ को काबू करने का कोई इंतजाम नहीं है। यदि यह सही है, तो फिर इस काम का जिम्मा इस गैर-जिम्मेदार कंपनी को क्यों दिया गया था, यह भी जांच का विषय है।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हुए भावुक

इस हादसे को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भावुक हो गए। उन्होंने गुजराती में कहा, मोरबी हादसा भयंकर पीड़ादायक है। वह कहते-कहते कई बार रुक गए। उनकी आवाज भारी हो गयी। पीएम ने कहा, मन बहुत व्यथित है। मैं दुविधा में था कि विकास के कार्यक्रम जो हैं, उन्हें करुं कि न करुं। बनासकांठा के लिए ये कार्यक्रम जरूरी हैं। लेकिन आपके प्रेम और सेवाभाव और हमारे कर्तव्य निभाने के संस्कार की वजह से मैं मन मजबूत कर के आपके वास्ते यहां आ गया। बनासकांठा मतलब पूरा उत्तर गुजरात। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक नवंबर को मोरबी जायेंगे। वह हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों से भी मिलेंगे।

### मोरबी झूला पुल की कहानी

लगभग डेढ़ सौ वर्ष पूर्व मोरबी के राजा सर वाघजी ठाकोर ने इस पुल का निर्माण कराया था। उस समय इसे 'कलात्मक और तकनीकी चमत्कार' कहा जाता था। इस पुल का उद्घाटन 20 फरवरी 1879 को मुंबई के तत्कालीन गवर्नर रिचर्ड टेंपल ने किया था। पुल के निर्माण के लिए आवश्यक सभी सामग्री इंग्लैंड से आयी थी और निर्माण की लागत तब साढ़े तीन लाख रुपये थी। वर्षों पुराना यह पुल मोरबी के शाही दिनों की याद दिलाता था। इस पुल के कारण शहर में बड़ी संख्या में पर्यटक आते थे और उस समय इसे एक 'कलात्मक और तकनीकी चमत्कार' के रूप में देखा जाता था। यह पुल 1.25 मीटर चौड़ा और 233 मीटर लंबा था। यह दरबारगढ़ पैलेस और शाही निवास नजरबाग पैलेस को भी जोड़ता था। वर्ष 2001 में गुजरात में आये विनाशकारी भूकंप से यह पुल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। इस पुल के निर्माण के पीछे सर वाघजी ठाकोर पर औपनिवेशिक काल के स्थापत्य का स्पष्ट प्रभाव था। वाघजी ठाकोर मोरबी शहर के विकास में तेजी लाने के लिए इससे प्रेरित हुए थे। सर वाघजी ठाकोर ने 1922 तक मोरबी पर शासन किया। शाही काल के दौरान मोरबी शहर की प्लानिंग में यूरोपीय शैली का प्रभाव स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। शहर के मुख्य चौराहे को 'ग्रीन चौक' के नाम से जाना जाता है, जहां तीन अलग-अलग दरवाजों के माध्यम से पहुंचा जा सकता है। इन तीनों दरवाजों के निर्माण में राजपूत और इतालवी शैली का मेल साफ देखा जा सकता है। मोरबी जिले की वेबसाइट के अनुसार, सस्पेंशन ब्रिज मोरबी रॉयल्टी के 'प्रगतिशील और वैज्ञानिक दृष्टिकोण' को प्रदर्शित करता है। इस पुल का मालिकाना हक फिलहाल मोरबी नगरपालिका के पास है।

---

दुमका के हंसडीहा में गैस टैंकर विस्फोट में झुलस गये थे 20 से अधिक लोग

## झुलसे मरीजों के इलाज के लिए मौके पर पहुंची रिम्स के तीन डॉक्टरों की टीम

आजाद सिपाही संवाददाता



**दुमका।** दुमका के हंसडीहा थाना क्षेत्र के बढ़ैत गांव में पिछले दिनों गैस टैंकर विस्फोट में कई ग्रामीण घायल हुए थे। घायलों का इलाज दुमका दुमका स्थित फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा था। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश और पहल पर रांची के रिम्स से तीन चिकित्सकों की टीम रविवार को दुमका पहुंची। चिकित्सकों ने मरीजों के इलाज का जायजा लिया। मरीजों की जांच कर आवश्यक दिशा- निर्देश दिये। टीम ने वहां भर्ती मरीजों के चल रहे इलाज को संतोषप्रद बताया।

**मरीजों की जांच की, चार को किया रांची रेफर :** रविवार को दुमका पहुंचे चिकित्सकों ने अपने स्तर से बारी-बारी से मरीजों की जांच की। टीम में सर्जन डॉ गौरव, क्रिटिकल केयर के डॉ वरुण और प्लास्टिक सर्जन डॉ विक्रांत रंजन मौजूद थे।

मरीजों की जांच के बाद रिम्स के तीनों चिकित्सक ने अब तक चले इलाज को संतोषप्रद बताया। उन्होंने कहा कि इन्हें जो भी दवा दी गयी, जिस तरह से यहां इलाज किया गया, वह सटीक है। सभी मरीजों की स्थिति खतरे से बाहर है। हालांकि 20 मरीजों में 4 ऐसे मरीज हैं, जिन्हें रांची के लिए रेफर कर रहे हैं, ताकि उन्हें और बेहतर इलाज मिल सके।

**सीएम की पहल पर गयी थी डॉक्टरों की टीम :** बता दें कि गैस टैंकर विस्फोट में आग से झुलसे सभी लोगों को पहले सरैयाहाट के सीएचसी और अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया। वहां से तीन घायलों को फूलो झानो मेडिकल कॉलेज में रेफर कर दिया गया था। अचानक शनिवार की रात हादसे में जले 17 मरीज, जो स्थानीय अस्पताल में इलाज कर अपने घर भी लौट गये थे, वे मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे। उनका कहना था कि घाव वाले स्थान में काफी जलन हो रही है। मुख्यमंत्री को जैसे ही इसकी जानकारी मिली, तो उन्होंने त्वरित संज्ञान लेते हुए ट्वीट किया कि रविवार को रांची रिम्स से चिकित्सकों की टीम दुमका जाएगी और अग्निकांड के पीड़ित मरीजों के इलाज का जायजा लेगी।

---

कोर्ट की छुट्टियां खत्म

## आज से हाइकोर्ट समेत राज्य भर के सिविल कोर्ट में रेगुलर सुनवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** करीब एक महीने बाद 1 नवंबर से झारखंड की सभी निचली अदालतों (सिविल कोर्ट) में नियमित सुनवाई शुरू हो जायेगी। 1 अक्टूबर से सिविल कोर्ट में सिर्फ बेल एवं अन्य महत्वपूर्ण मामलों की ही सुनवाई वैकेशन कोर्ट में हो रही थी। अब मंगलवार से दुबारा सभी जिला अदालतें अपनी पूरी क्षमता के साथ काम करेंगी।

रांची सिविल कोर्ट के अधिवक्ता प्रीतांशु सिंह ने बताया कि वैकेशन कोर्ट के दौरान ट्रायल की प्रक्रिया पर ब्रेक लग जाती है, लेकिन छुट्टी के बाद रेगुलर कोर्ट शुरू होने से मुकदमों में गवाही और ट्रायल की प्रक्रिया सुचारू रूप से चलेगी, जिससे पक्षकारों को भी सहूलियत होगी।

**हाइकोर्ट ने काउज लिस्ट भी जारी की :** वहीं करीब 10 दिनों के बाद झारखंड हाइकोर्ट में भी मंगलवार से मुकदमों की सुनवाई दुबारा शुरू होगी। हाइकोर्ट ने मंगलवार को होने वाली सुनवाई से पहले काउज लिस्ट भी जारी कर दी है। अधिवक्ताओं एवं उनके मुवक्किलों के लिए सूचीबद्ध मामलों की लिस्ट अपडेट कर दी गयी है।

झारखंड हाइकोर्ट के एडवोकेट एसोसिएशन की युवा निर्वाचित सदस्य शौर्या कश्यप द्विवेदी कहती हैं कि न्यायालय में छुट्टी के दौरान मुकदमे में उलझे अधिवक्ताओं को एक ब्रेक मिलता है, जिससे अपने केस में बेहतर करने के लिए वकीलों को अध्ययन करने का थोड़ा समय भी मिल जाता है।

---

## मोरबी ब्रिज हादसे पर जताया दुख

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गुजरात में मोरबी ब्रिज की दुर्घटना में अब तक 146 से अधिक लोगों के मारे जाने की खबर है। दुर्घटना में सबसे ज्यादा मौत बच्चों और महिलाओं की हुई है। इस घटना पर झारखंड के नेताओं ने भी दुख व्यक्त किया है।



पूर्व सीएम **बाबूलाल मरांडी** ने लिखा, गुजरात के मोरबी स्थित झूलता पुल के अचानक टूटने से कईयों के हताहत होने एवं लापता होने की अत्यंत दुःखद सूचना मिली। राहत एवं बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी है। ईश्वर पीड़ित परिजनों को दुःख के इस वज्रपात सहने की शक्ति प्रदान करें। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।



झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री **रघुवर दास** ने भी घटना पर दुख जताते हुए लिखा है, गुजरात के मोरबी में केबल ब्रिज टूटने के हादसे का दुखद समाचार मिला। राहत और बचाव कार्य तेजी से चलाया जा रहा है। ईश्वर से हादसे में घायल हुए लोगों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं।



भाजपा नेता और सांसद **निशिकांत दूबे** ने भी घटना पर दुख जताया है। सोशल मीडिया पर इन्होंने लिखा गुजरात के मोरबी में पुल टूटने से हुई दुर्घटना अत्यंत दुःखद है। इस हादसे में दिवंगत सभी को ईश्वर शांति प्रदान करें और घायलों को शीघ्र स्वास्थ्यलाभ की प्रार्थना करता हूं। शोकाकुल परिवारों के साथ मेरी संवेदनाएं हैं।



झारखंड में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष **राजेश ठाकुर** ने इस घटना पर खेद प्रकट करते हुए लिखा, अत्यंत दुखद घटना। गुजरात के मोरबी में केबल पुल टूटने से करीब 400 लोगों के नदी में गिरने एवं 40 लोगों के निधन की खबर आ रही है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दुर्घटनाग्रस्त लोगों को सही सलामत रखें एवं दिवंगत भक्तगणों को अपने श्री चरणों में स्थान दें।

### सीएम हेमंत सोरेन ने हादसे में घायल लोगों की कुशलता की कामना की



झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ट्विटर पर लिखा- गुजरात के मोरबी में नदी पर बने ब्रिज के टूटने से कई लोगों के निधन होने की दुःखद खबर मिली है। परमात्मा से हादसे में घायल हुए लोगों की कुशलता की कामना करता हूं।

---

## पलामू में दो लोगों को मारी गोली

### पुलिस जवान ने सर्विस रिवाल्वर से चलायी गोली, एक गंभीर रूप से घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**पलामू।** पलामू जिले में झारखंड पुलिस के एक जवान ने छठ पर्व की रात अपने सर्विस रिवाल्वर से दो लोगों पर गोली चला दी। एक व्यक्ति बाल बाल बच गया, जबकि दूसरे का इलाज मेडिका हॉस्पिटल, रांची में चल रहा है। आरोपी जवान विनीत मिश्रा मेदिनीनगर सेंट्रल जेल के सुप्रीटेंडेंट का बॉडी गार्ड है। इसे घटना के तुरंत बाद गिरफ्तार कर लिया गया है। मामला शहर थानाक्षेत्र का है। रविवार की रात करीब आठ बजे रेड़मा का रहने वाला अंजन तिवारी चियांकी स्थित लाइन होटल अपने पिता को लेने जा रहा था। रास्ते में बक्शी टेंपो शो रूम के पास पुलिस जवान विनीत मिश्रा अपने साथी रेड़मा के काशीनगर निवासी गुड्डू तिवारी के साथ हथियार लिए खड़ा था। अंजन को देख उस पर गोली चला दी। गोली अंजन के पीठ को छूते हुए निकल गया। इसकी जानकारी अंजन ने अपने घर वालों को दी। गोली चलाने का कारण जानने लोग गुड्डू तिवारी के घर पंहुचे। वहां जवान विनीत भी मौजूद था। इसी दौरान उसने मनीष तिवारी उर्फ रिंकू (38) परभी गोली चला दी। गोली रिंकू की छाती के पास लगी। एमएमसीएच में प्राथमिक उपचार के बाद उसे रांची रेफर कर दिया गया। मेडिका में ऑपरेशन के बाद गोली निकाल दी गयी है। इस संबंध में जख्मी रिंकू के पिता ललन तिवारी ने नामजद एफआईआर दर्ज कराया है। घटना की जानकारी मिलते ही रात में एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने हॉस्पिटल पहुंच कर थाना प्रभारी को छानबीन और आरोपियों के गिरफ्तारी के लिए निर्देश दिया। थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा ने बताया कि आरोपी जवान को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसका सर्विस रिवॉल्वर जब्त कर लिया गया है।

---

## सोशल मीडिया कैंपेन से रिम्स पहुंची एथलीट जूली

सड़क हादसे में हुई थी घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** समाज के कुछ युवाओं ने मदद के लिए अभियान चलाया और जूली को रिम्स के न्यूरोसर्जरी विभाग में भर्ती कर लिया गया है। न सिर्फ इलाज की व्यवस्था, बल्कि पैसे के लिए क्राउड फंडिंग भी की गयी। इसके जरिए एक लाख 20 हजार रुपये जमा कर लिया गया है। बता दें कि 16 साल की जूली महतो रांची में आयोजित 37वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के ट्रायल में हिस्सा लेने के लिए रांची आ रही थी। वो अपने ममेरे भाई और एथलीट राहुल के साथ बाइक से निकली थी। इसी दौरान धनबाद के महुदा लालबंगला के पास बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। जूली के सिर में अंदरूनी चोट लगी है।





**रिम्स में चल रहा इलाज :** मामा भरत महतो ने कहा कि घटना के बाद मेरे बेटे राहुल ने फोन कर जानकारी। घर में चीख-पुकार मच गयी। आनन-फानन में इलाज के लिए एसएनएमसीएच धनबाद लेकर गये, जहां से बेहतर इलाज के लिए बोकारो के बीजीएच हॉस्पिटल रेफर किया गया। पैसे की तंगी आड़े आ रही थी। इसके बाद धनबाद के मुकुंदा गांव के युवक राहुल मोदक और तोपचांची के महाबीर महतो ने सोशल मीडिया के जरिए क्राउड फंडिंग और ट्विटर के जरिए मंत्री चंपई सोरेन का ध्यान आकृष्ट करवाया। इसके बाद जूली को रिम्स के न्यूरोसर्जरी विभाग में भर्ती किया गया है, जहां जूली की हालत पहले से बेहतर है।

**धनबाद जिले की चैंपियन रह चुकी है जूली :** जूली धनबाद जिले के बलियापुर प्रखंड बन्दरचुआ की रहने वाली है। बचपन में सिर से पिता का साया उठ गया, जिसके बाद जूली ने पढ़ाई के साथ स्पोर्ट्स को अपना भविष्य मान गांव की पंगडंडियों पर दौड़ना शुरू किया। जुनून ने उसे साल 2022 में कामयाबी दिलायी, जब उसने धनबाद जिले में आयोजित अंडर-16 में 100 और 300 मीटर दौड़ में वो चैंपियन बन कर आपने गांव और जिले का नाम रौशन किया। गुवाहाटी में 11 से 15 नवंबर तक आयोजित 37वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के ट्रायल में भाग लेने के लिए मोरहाबादी फुटबॉल स्टेडियम आ रही थी कि यह घटना घट गयी।

**बेहतर प्रयास कर रहे हैं डॉक्टर :** जूली का इलाज रिम्स के न्यूरो सर्जरी विभाग के आइसीयू में चल रहा है। डॉ अनिल कुमार केकी यूनिट में उसे भर्ती किया गया है। विभाग के सीनियर रेसिडेंट डॉ विकास कुमार ने ट्विटर पर घटना का संज्ञान लिया। इसके बाद जुली का इलाज यहां शुरू हो पाया। उन्होंने कहा कि जूली के सिर पर गंभीर चोट लगी है, जिस वजह से ब्लड क्लॉट कर गया है। उन्होंने कहा कि हम लोग बेहतर प्रयास कर रहे हैं। उम्मीद है कि रिजल्ट अच्छा होगा।

## उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ छठ महापर्व संपन्न, घाटों पर उमड़ा सैलाब

# छठ महापर्व प्रकृति की पूजा का प्रतीक है : हेमंत सोरेन





### सीएम ने सपरिवार हटनिया तालाब जाकर भगवान भास्कर को दिया अर्घ्य

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही महा आस्था का छठ पर्व का सोमवार को संपन्न हो गया। राजधानी सहित राज्यभर के नदियों, तालाबों के किनारे के साथ ही घर में बने कुंडों में छठव्रती महिलाओं और उनके परिजनों ने भगवान भास्कर के दोनों रूपों (अस्ताचलगामी और उदीयमान सूर्य) को अर्घ्य दिया।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर राज्य के विकास और राज्यवासियों की सुख- समृद्धि के लिए आशीर्वाद मांगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रांची के नक्षत्र वन स्थित हटनिया तालाब पहुंचे तथा सैकड़ों व्रतियों के बीच छठ पूजा में शामिल हुए। इस दौरान उनकी धर्म पत्नी कल्पना सोरेन और दोनों बेटे साथ थे।

**प्रकृति पर आस्था और उससे जुड़ाव भारतीय संस्कृति की रही है परंपरा :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि यह महापर्व सूर्य भगवान की आराधना के लिए जाना जाता है। छठ महापर्व प्रकृति की पूजा का प्रतीक है। प्रकृति पर आस्था और उससे जुड़ाव भारतीय संस्कृति की परंपरा रही है। हमारी माताएं-बहनें 72 घंटे का व्रत रखकर भगवान भास्कर की आराधना करती हैं। यह हजारों साल पुरानी अद्भुत परंपरा है। राज्यवासियों को महापर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छठी मैया से उनकी प्रार्थना है कि सभी सुखी हों, सब निरोगी रहें, छठी मैया सबका मंगल और कल्याण करें। मुख्यमंत्री एवं उनकी पत्नी कल्पना सोरेन ने हटनिया तालाब में डिप्टीपाड़ा निवासी छठ व्रती विनोद कुमार वर्मा एवं दीनदयाल नगर निवासी छठ व्रती शिवनारायण राम के परिजनों के साथ डूबते भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर अपनी श्रद्धा अर्पित की।




**कोरोना संक्रमण से मिली राहत ने बढ़ाया महापर्व का उत्साह :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि छठ महापर्व के अवसर पर हर तरफ भक्ति का रंग कुछ अलग ही दिखायी पड़ा। कोरोना महामारी के कारण जहां पिछले वर्ष महिलाओं ने सीमित रूप में ही व्रत किया था, वहीं इस बार कोरोना से राहत मिलने की स्थिति में फिर वही पुराना उत्साह और जोश के साथ छठ पर्व मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने भगवान भास्कर से प्रार्थना की कि इसी उत्साह और उमंग के साथ हमारी सभी परंपराएं आगे बढ़ती रहें। सभी छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं पर भगवान भास्कर अपनी कृपा दृष्टि बनाये रखें।

**OXFORD (N) SCHOOL**
(A Play School)
Bahu Bazar, Opp. Yogda Math, Ranchi; Phone: 7485096734/35

**REGISTRATION FOR ADMISSION - PRE-NURSERY, NURSERY & PREP**

Registration forms for admission in Pre-Nursery, Nursery & Prep for the session 2023-24 will be available in the school office from **1.11.2022 to 25.11.2022** on working days **(Timing – 8:30 a.m. to 1:00 p.m.)**. For further details, contact school office or visit **www.oxfordkidsworld.org.** Parents must carry a copy of the Municipal Birth Certificate and Aadhar Card to procure the registration form. ***BUS FACILITY AVAILABLE.***

**Principal**

**OXFORD PUBLIC SCHOOL**
Pragati Path, Old H.B. Road, Ranchi; Phone: 7485096733

**REGISTRATION FOR ADMISSION - NURSERY, PREP & STD-I**

Registration forms for admission in Nursery, Prep and Std-I for the session 2023-24 will be available in the Junior Wing office counter and on school's official website **www.oxfordpublicschool.net.in** from **1.11.2022 to 25.11.2022** on working days **(Timing – 8:30 a.m. to 1:00 p.m.)**. Parents must carry a copy of the Municipal Birth Certificate and Aadhar Card to procure the registration form. ***BUS FACILITY AVAILABLE.***

**Principal**

## हरीद्रानंद का 74वां जन्मदिवस मनाया गया



**रांची (आजाद सिपाही)।** शिव शिष्यता के जनक साहब हरीद्रानंद का 74वां जन्म दिवस मनाया गया। साहबश्री के शरीर त्यागने के बाद पहली बार बिना उनकी शारीरिक उपस्थिति के शिव शिष्यों ने उनका जन्मदिन मनाया। रांची स्थित मुख्यालय उपवन में सवा घंटे का शिव नाम संकीर्तन किया गया और पुष्पांजलि अर्पित की गयी। ऐसा ही आयोजन देश-विदेश में भी किया गया। बहुत सारे अनाथालय/ वृद्धाश्रम में भी दैनिक वस्तुओं का वितरण किया गया और वृक्ष भी लगाये गये। इस अवसर पर उनके पुत्र सह उनके आप्त सचिव अर्चित आनंद ने बताया कि साहब शिवलीन जरूर हुए हैं, परंतु वो अपने विचारों का बीज जनमानस के अंदर बोकर गये हैं। हम सभी शिव शिष्यों का यह कर्तव्य है कि उनके द्वारा दिये गये शिवचर्चा के पथ पर खुद भी चलें और लोगों को भी प्रेरित करें। अर्चित आनंद ने बताया कि हरीद्रानंद की समाधि रांचीमें बनायी जायेगी। इस आयोजन में शिव शिष्य हरीद्रानंद फाउंडेशन की अध्यक्ष बरखा सिन्हा, अनुनिता आनंद, अभिनव आनंद, शिव कुमार, गौतम, राजेश सहित 1000 से अधिक शिवशिष्य/ शिष्या उपस्थित थे।



P.R. 281079 (IPRD) 22-23
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

# उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ महापर्व छठ संपन्न





आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** चार दिनों से जारी आस्था का महापर्व छठ सोमवार को उदयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हो गया। जिला के सभी छठ घाटों, नदी, तालाब और ऐतिहासिक झील में व्रतियों ने उगते और डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया। इस बार कई लोग घर के छत पर भी अर्घ्य देते हुए दिखे। छठ व्रतियों ने अस्तांचलगामी सूर्य देव को अर्घ्य देकर आस्था के महापर्व छठी मैया की पूजा की। मातायें-बहने 72 घंटे का व्रत और 36 घंटे निर्जला रखकर भगवान भास्कर की आराधना की। यह हजारों साल पुरानी अद्भुत परंपरा है, यह समर्पण, सात्विकता, आस्था और स्वच्छता का एक बड़ा उदाहरण है। शहर के झील, छठ तालाब, यूनिवर्सिटी तालाब, खजांची तालाब, मीठा तालाब, हुडहुडू तालाब, कोनार नदी समेत सभी घाटों पर छठ व्रतियों और छठ मईया की आराधना करने वालों की भारी भीड़ रही। शहर के सभी छठ घाटों पर जिला प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद दिखी। एसपी मनोज रतन चौथे खुद घाटों पर घूम घूम सुरक्षा की व्यवस्था को देख रहे थे। इसके अलावे सदर एसडीपीओ महेश प्रजापति, सदर थाना प्रभारी गणेश सिंह, लोहसिंघ्ना प्रभारी अरविंद सिंह, पेलावल प्रभारी अभिषेक सिंह सुरक्षा बल के साथ घूम घूम सुरक्षा का जायजा ले रहे थे। हर चौक चराहो पर भी सुरक्षा बल मुस्तैद दिखी। शहर को आकर्षक रूप से सजाया गया था। छठ पर्व को लेकर पूरा शहर आकर्षक रूप से सजाया गया था। मेन रोड, नवाबगंज, झील रोड, मटवारी रोड, न्यू एरिया रोड समेत कई रोड और मुहल्ले को छठ व्रतियों के लिए आकर्षक रूप से सजाया गया था। जगह जगह लोग नारियल, सूप, अगरबती, फल के अलावे कई सामान लोगों के बीच बांट रहे थे। छठ घाटों पर कई स्टाल लगा कर छठ व्रतियों और लोगों के लिए चाय, काफी, दूध, बांटने में लगे थे।

## हर्षोल्लास के साथ छठ महापर्व संपन्न हुआ

**चरही (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कोयलांचल एवं बरगहियां में छठ महां पर्व संपन्न हुआ। चार दिन से चल रहे छठ महा महां पर्व सोमवार को समाप्त हुआ महापर्व को लेकर छठ घाट से लेकर रास्तों को खुब आधुनिक तकनीकों से सजाया गया था, बाजार गुलजार रहा छठ घाटों से लेकर घरों तक छठ व्रतियों का तांता लगा रहा। इस दौरान कई स्टोल लगाकर छठ व्रतियों को स्वागत भी किया गया। छठ घाट में पुजा कराने से लेकर तमाम व्यवस्था छठ समिति के द्वारा उपलब्ध करया गया था।

## विभिन्न छठ घाटों पर आस्था का भीड़ उमड़ पड़ी

**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा के अवसर पर प्रखंड के विभिन्न छठ घाटों पर आस्था का भीड़ उमड़ पड़ी। बरकट्ठा प्रखंड का प्रमुख एवं प्रसिद्ध बेलवा नदी छठ घाट बरदबोही नदी छठ घाट, परबता नदी छठ घाट, बरवां नदी छठ घाट, सलैया बरसोती नदी छठ घाट, कोशो नदी छठ घाट, बेलकपी तालाब छठ घाट, बंडासिंघा छठ घाट, शिलाडीह छठ घाट, कोनहारा कला छठ घाटों पर सैकड़ों श्रद्धालुओ ने भक्तिभाव से उदयीमान एवं अस्तांचलगामी भगवान भाष्कर को अर्घ्य दिया। विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, प्रमुख रेणु देवी, पूर्व जीप उपाध्यक्ष चन्दन देवी, पंसस प्रीति गुप्ता एवं पूर्व मुखिया बसंत साव विभिन्न छठ घाटों पर उपस्थित रहकर भगवान भाष्कर से क्षेत्र की मंगल कामना की सबों ने व्रतियों का आशीर्वाद भी लिया। वहीं श्रद्धालुओं के सुविधा के लिये सार्वजनिक छठ पूजा समिति की ओर से सार्वजनिक भंडारे की व्यवस्था की गई थी बरकट्ठा के युवकों के अतुलनीय योगदान से छठव्रती युवकों को आशीष दे रहे है। बेलवा नदी छठ घाट पर आकर्षक विद्युत सज्जा का प्रदर्शन ने श्रद्धालुओं को मोहित कर दिया साथ ही तस्वीर खिचाने की होड़ लगी रही। बरकट्ठा छठ घाट से लेकर चौक बाजार रोड ब्लाक मोड़ परबता में विद्युत सज्जा का उदाहरण प्रस्तुत किया। सबने युवकों के प्रयास की सराहना की वहीं विधि व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस प्रशासन ने सराहनीय भूमिका निभायी। बेलवा नदी समिति, परवता के द्वारा महाप्रसाद का वितरण किया गया। प्रमुख रुप से पूजा समिति के अध्यक्ष बिंदू सोनी, सचिव संतोष साहनी, कोषाध्यक्ष धीरज गुप्ता, राजन विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष दिलीप सोनी, कुंदन वर्मा, विनोद सोनी, प्रदीप सिंह, दीपक सोनी, राहुल सोनी, अजीत सोनी, अशोक गुप्ता, शेरा गुप्ता, विकास विश्वकर्मा, गणेश सोनी, पीयूष दास, चंदन रजक, राजेश यादव, अजीत यादव, अजीत मंडल, बिट्टू मोदी, रामजी मंडल, मोनू मंडल, सचिन सोनी, अजय विश्वकर्मा, राहुल गुप्ता, छोटू विश्वकर्मा, सुमन सोनी, जगदीश दास, कैलाश दास, किशोर दास, प्रकाश सोनी, गुड्डु गुप्ता अजीत गुप्ता ईश्वर सिंह अनिल विश्वकर्मा सुमन गुप्ता राज गुप्ता शंकर यादव नीरज सोनी विक्की सोनी गुड्डु सोनी मंटू सिंह अमित कुमार गुप्ता, संजय कुमार, मोनु कुमार, मनोज विश्वकर्मा, सुमन, सुबोध, सुनील कुमार, पप्पू दास, रतन कुमार, अजय कुमार विक्रम, सोनू आदि लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

## महापर्व छठ उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ हुआ संपन्न

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में हर्षोउल्लास के साथ मनाए जाने वाला चार दिवसीय लोक आस्था का प्रतीक महापर्व छठ उदयमान सूर्य के अर्घ के साथ संपन्न हुआ। यह पर्व कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष चौठ तिथि से सप्तमी तिथि तक मनाया जाता है, भगवान सूर्य को अस्तगामी अर्घ्य और उदयगामी सूर्य का अर्घ्य देने का विशेष महत्व है। छठी मइया की कृपा से सभी का मनोकामना पूर्ण होता है। इस पर्व में साक्षात उगते हुए और अस्तगामी सूर्य को अर्घ्य देने एवम पूजा अर्चना करने से सभी प्रकार के कष्ट दूर होता है। टाटीझरिया में भव्य गंगा आरती किया गया। जिसमें टाटीझरिया मुखिया सुरेश यादव, राजू यादव, झुंझुन गुप्ता, मुकेश गुप्ता, डब्लू सहित सैकड़ों भक्तों ने गंगा आरती में भाग लिया। इस पर्व में नारियल, केला सेव, संतरा, सुतनी, गाजर, मुल्ली, बेर, मटर ठकुया ईख सहित प्रसाद मुख्य रूप से चढ़ाया जाता है। प्रखंड झरपो, भराजो, अमनारी, खंभवा डूमर, धर्मपुर, टाटीझरिया, केसड़ा, डहरभंगा, गोधिया सहित सभी घाटों में कमिटी द्वारा लाइट की व्यवस्था की थी। इस पर्व में सूप, टोकरी, ओर घीव का पूजा में विशेष महत्व है। 36 घंटे अखंड उपवास के साथ लोक आस्था का महापर्व संपन्न हो गया। छठ पूजा पर विशेष कमिटी के लोगो ने खूब जमकर भक्तों की सेवा की टाटीझरिया सनराइज युवा क्लब अध्यक्ष सुरेश यादव, सचिव राजू यादव, संरक्षक झुंझुन गुप्ता, मुकेश गुप्ता, डब्लू सहित सदस्यों से टाटीझरिया में व्यवस्था बनाये रखे और गंगा आरती का आयोजन किया अमनारी युवा संघर्ष समिति उपेंद्र पांडेय, महेश अग्रवाल, सूरज कुमार ने नारियल का वितरण किया।

**आजाद हिंद संस्था के सक्रिय सदस्यः** बिनोद महतो (अध्यक्ष), दशरथ प्रसाद, मनीष प्रसाद (मिनेश्वर), महेश भुइयां, स्व. विनोद प्रसाद, महेंद्र कुमार (झारखंड पुलिस) रवि बाबू (एसी वाला), मिथलेश प्रसाद घोटन शर्मा, मुकेश कुमार, विरेंद्र कुमार, सुरेंद्र कुमार, काली प्रसाद, टिकेंद्र कुमार, नारियल केला का वितरण किया और लाइट की व्यवस्था भी किया गया।

## घाटों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था



**हजारीबाग (धीरज पुरी)।** सदर और दारू प्रखंड में महापर्व छठ शांति पूर्वक संपन्न हो गई। इसकी तैयारी भक्तों ने कई दिनों से कर रहे थे। शुक्रवार को नहाय खाय के साथ महापर्व शुरू हो गया था। शनिवार को खरना किया गया। रविवार को डूबते हुए सूर्य और सोमवार को उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दी गई। इसके साथ ही महापर्व छठ संपन्न हो गया।।घाटो को साफ सफाई कर आकर्षक ढंग से सजाया गया था। छठ घाटों में भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। सदर के हुटपा, बनाहाप्पा, मेरू, सिलवार, अमनारी, सिंदूर, सिंघानी, सखिया, ओरिया, बेहरी, दारु के इरगा, जिनगा, झुमरा, पुनाय, हरली, कबिलासी, मेढकुरी, दारू, दिगवार के छठ घाटों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। सदर एवं दारू प्रखंड क्षेत्र में छठ गीतों से गूंजता रहा क्षेत्र। लोगों में काफी आस्था देखी गई। भक्तिमय वातावरण के बीच जिनके घर छठ हो रहा था। महिलाएं सुबह-शाम छठ गीत गा रही थी। छठ महापर्व को लेकर लोगों में खुशी का माहौल देखा गया। सभी छठ घाटों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। श्रद्धांलुओं को किसी तरह से परेशानी नहीं हो इसके लिए समाजसेवियों हर घाट को पहले से साफ सफाई कर रखी थी। लाइट की व्यवस्था किया गया था। समाजसेवीयों ने सभी जगह सुरक्षा को लेकर ध्यान दे रहे थे। हुटपा बजरंग दल के अध्यक्ष कमल प्रसाद, उपाध्यक्ष उपेंद्र प्रसाद, सचिव रूद्र प्रताप सिंह, उपसचिव भीम प्रसाद, कोषाध्यक्ष शिव कुमार सिंह, उपकोषाध्यक्ष अबोध कुमार, एवं रंजीत पाठक, रोहित पुरी, ललन पुरी, रोहित राम, संदीप ठाकुर, अभिमन्यु रविदास, सनी कुमार, प्रभात सिंह, नीरज पुरी, सुनील कुमार, दयाल प्रसाद, शैलेश प्रसाद, उमेश राम, मो अमजद, पिंटू प्रसाद, दीपू प्रसाद और बजरंग दल के सभी कार्यकर्ता सफल बनाने में लगे हुए थे।

## महापर्व छठ भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के साथ संपन्न

**इचाक (आजाद सिपाही)।** चार दिनों तक चलने वाला महापर्व छठ सोमवार को संपन्न हो गया। छठ व्रती और श्रद्धालुओं ने उगते हुए भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। इसके साथ ही उपासना का यह महापर्व का समापन हुआ। लोक आस्था के इस महापर्व में छठव्रती और श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने परिवारों की सुख-समृधि की कामना की। प्रखंड के भुसाई, साडम, चंदवारा, बरीयठ, बोंगा, नावाडीह, डूमरौन, तेतरिया, कारीमाटी, सिझुवा, लोहड़ी, उरुका, दरिया, बरका, खुटरा, करियातपुर, कारीमाटी, देवकुली, हदारी, मंगुरा, के अलावे इचाक के ऐतिहासिक सूर्य मंदिर, मोदीपोखर समेत सभी घाटों पर भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर सुख शांति की कामना की गई।

## टाटीझरिया प्रमुख ने किया पोड़ैया हाथीबार में बिजली ट्रांसफर्मर का उद्घाटन



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के डूमर पंचायत के आदिवासी टोला पोड़ैया हथिबार में 25 केवीए ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन प्रमुख संघ का जिलाध्यक्ष सह प्रमुख संतोष मंडल ने किया। बताते चलें कि जुलाई माह से यहां के लोग अंधेरे में जीने को विवश थे। ग्रामीण जितन मांझी ने कहा कि वे यहां ट्रांसफार्मर के लिए लगभग तीन माह से स्थानीय जनप्रतिनिधि को आग्रह किया। लंबे इंतजार के बाद यहां ट्रांसफार्मर लगा। उद्घाटन के मौके पर प्रमुख ने कहा कि हम सब हमेशा क्षेत्र की समस्या के निजात के लिये प्रयासरत रहते हैं। देर होने का कारण अधिकारियों की गलत मानसिकता है। वे अपने निजी स्वार्थ के कारण जानबूझकर उपभोक्ताओं को परेशान करते हैं। कहा कि वे क्षेत्र की हर छोटी-बड़ी समस्या को सुलझाने का प्रयास करते रहेंगे। इस अवसर पर उप मुखिया मुकेश मंडल, पंकज प्रसाद, लालचंद प्रसाद, रिंकू मंडल, कुलदीप प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद, जीतन मांझी, शिवलाल मांझी, हीरालाल मांझी, संजय मांझी, छोटी मांझी उपस्थित थे।

## टेंपो पलटने से छह घायल

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव उरीमारी रोड स्थित सांढ़ में टेंपो पलटने से 6 यात्री बुरी तरह घायल हो गये। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टेंपो की गति तेज थी, इस कारण मोड़ के पास टेंपो खेत में जा गिरा। जिससे मोहम्मद इकरार, मोहम्मद मेराज, मोहम्मद अफताब, मो अहमद मो. खालिद, सबीहा खातून, बुरी तरह घायल हो गये। जिन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती किया गया।

## छठ महापर्व हर्षोल्लास के साथ संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही चार दिवसीय लोक आस्था के महापर्व छठ का समापन हो गया। उगते सूर्य की उपासना के बाद छठ व्रतियों ने पारण कर 36 घंटे का निर्जला उपवास तोड़ा। बड़कागांव सूर्य मंदिर के प्रांगण व गुरूचट्टी कुशवाहा समाज के द्वारा सिरमा छट घाट में मेले का आयोजन हुआ। कुशवाहा समाज द्वारा छठ भर्तियों के लिये सुविधाये उपलब्ध कराये गये। लाइट साउंड का व्यवस्था कराया गया। बड़कागांव के पीपल नदी छठ घाट, झरिवा नदी, छवानियां नदी, कांड़तरी नदी, सांढ़, छपेरवा, नया टांड़, हाहारो नदी, बादम के बादमहि नदी, हरली महुगाई कला, नापोखुर्द, अंबाजीत, चन्दोल, सिन्दूवारी, सोनबरसा, आदि छठ घाटों पर आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ी। सभी छठ घाटों पर भक्ति के गीत गूंजते रहे। पीपल के छठ घाट में छठ पूजा समिति एवं अंबेडकरनगर समेत विभिन्न संगठनों द्वारा निः शुल्क पूजन सामग्री वितरण की गई। छठ घाट में पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, बड़कागांव प्रमुख फुलवा देवी, उप प्रमुख वचन देव कुमार, बड़कागांव पश्चिमी क्षेत्र के यासमीन निशा, मध्य के जिप सदस्य सुनीता देवी, पूर्वी क्षेत्र के जिप सदस्य गीता देवी, पश्चिमी पंचायत के मुखिया रंजीत कुमार मेहता, पूर्व मुखिया अनीता देवी, मध्य पंचायत के मुखिया तारिमउल्ला खान, पूर्व पंचायत समिति सदस्य राजीव रंजन, पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, पूर्व मुखिया विशुन रजक, बादम के मुखिया सुनीता सेवी, दीपक दास, चंदोल में मुखिया प्रतिनिधि सनित महतो, कांड़तरी मुखिया पारस नाथ महतो समेत विभिन्न संगठन सदस्यों ने शांति भूमिका निभायी। थाना प्रभारी विनोद तिर्की के नेतृत्व में छठ घाटों में पुलिस शांति व्यवस्था के लिए अपने कर्तव्य निर्वाहन किये। प्रखंड के छठ घाटों में विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा लाइट साउंड व्यवस्था किया गया था।

## वृक्षों को लाल डोर बांध लिया जंगल बचाने का संकल्प

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया पंचायत के पलटन टोंगरी मूरकी, बिशाय, कंदागढा वन में सोमवार को वृक्षबंधन की 19वीं वर्षगांठ के मौके पर लाल डोर बांध जंगल बचाने का संकल्प लिया गया। ग्रामीणों ने सुबह वन देवी की पूजा-अर्चना किया एवं दिनभर मूरकी नीचे टोला, बिशाय, कंदागढा, मूरकी ऊपर टोला और परतंगा गांव की ओर से नृत्य, संगीत, झूमर का आयोजन किया गया। संथाली में प्रस्तुत किये गये सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने लोगों के मन को मोह लिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मुखिया सुरेश यादव, पर्यावरणविद सुरेंद्र प्रसाद सिंह, दिनेश खंडेलवाल, मुरारी सिंह, छक्कन गोप, मूलचंद ठाकुर, खेमलाल महतो, परमेश्वर प्रसाद यादव, राजू यादव, लालमोहन महतो, प्रेमचंद गुप्ता, रवींद्र यादव, गोमदी देवी, शंभू सिंह शामिल हुए। वन संरक्षक सुखदेव हजाम ने कहा इस जंगल में सैकड़ों प्रजाति के पेड़-पौधे हैं।

## बजरंग क्लब ने किया नारियल और फल का वितरण



**इचाक (आजाद सिपाही)।** बजरंग क्लब द्वारा प्रखंड के पेठियाबगी में छठ व्रतियों के बीच नारियल एवम फल का वितरण किया गया। साथ ही सभी को छठ महापर्व की हार्दिक शुभकामनायें दी गई। मौके पर अमन सिन्हा, रोहित प्रजापति, सचिन कुमार, सागर कुमार, शिव शंकर पाठक, अमित कुमार प्रजापति, कुंदन कुमार, किशन सिंह, भूपेंद्र सिंह, शशि कुमार, आशीष कुमार, अंकु कुमार, राहुल देव पाठक, विकाश प्रजापति, रोहन कुमार, विशाल कुमार, अजीत यादव, नितीश कुमार, आकाश यादव, रोशन यादव समेत कई शामिल थे।

## आस्था का महापर्व छठ पूजा संपन्न



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ प्रखंड में आस्था का महापर्व छठ पूजा हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। पूजा के दौरान श्रद्धालुओं में श्रद्धा एवं उत्साह चरम पर रहा। छठ घाटों समेत विष्णुगढ़ की गलियों में साउंड एवं लाइट की व्यवस्था आकर्षक रही। विष्णुगढ़ के यमुनिया नदी में छठ घाट का उद्घाटन करने हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा पहुंचे एवं अस्तांचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर छठव्रतियों को छठ की बधाई देते हुए कहा कि आपकी सुविधा के लिए छठ घाट बनाया गया है। यमुनिया नदी में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इसके अलावा सात मिल मोड़ नदी, अस्पताल चौक स्थित नदी के अलावा नावाडीह,नवादा,बनासो,चानो,बन्दखारो, गाल्होबार, नरकि, खरकी, करगालो, मडमो, सीरय, बराय, गैड़ा, सबलाडीह, अलपिटो, भेलवारा,गोविंदपुर समेत विष्णुगढ़ प्रखंड के विभिन्न नदियों तालाबों में अर्घ्य दिया गया। मौके पर विपिन कुमार सिन्हा, पूर्वी जिप सदस्य सरयू पटेल, किशोर कुमार मंडल, आजसू के तिवारी महतो, चेडरा मुखिया निर्मल कुमार, सोबरन भगत, शंभूनाथ पांडेय, वरुण कुमार, शंकर सोनी समेत सूर्य मंदिर निर्माण समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# झुमरीतिलैया में बंगभाषी और राजस्थानी परिवारों ने भी मनाया छठ, महानगरों और विदेश से भी पहुंचे लोग

संजीव





**कोडरमा।** छठ पर्व दुनिया के हर हिस्से और लोगों के मन में बसा हुआ है। इस त्योहार को लेकर सभी भाषा-भाषियों में समान उत्साह और भक्ति भाव देखने को मिला, क्योंकि यह न केवल एक त्योहार है बल्कि एक परंपरा भी है। शहर के राजस्थानी समाज की मीना चौधरी लगातार 33 वर्षों से छठ व्रत कर रही हैं। त्योहार को नियमों और निष्ठा के साथ शहर के माइकनाइट स्थित झारखंड बंगाली समिति कोडरमा के पूर्व सचिव और साहित्यकार दाशरथी बनर्जी के घर यह छठ पर्व पिछले 18 साल से मनाया जा रहा है। पहले उनकी मंझली बेटी माला चटर्जी, बाद में उनकी बड़ी बेटी शुक्ला चटर्जी यह छठ व्रत करती आ रही हैं। इस बारे में दाशरथी बाबू कहते हैं कि दुर्गा पूजा में परिवार के लोग एक साथ इकट्ठे हो या ना हो पर छठ पूजा में शामिल होते ही हैं। इस बार भी छठ पूजा को बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। कोरियाडीह में स्थित तालाब में सभी नियमों का पालन करते हुए भक्ति भाव से पूजा की गयी। इस त्योहार में परिवार के 25-30 सदस्य इकट्ठा होते हैं। दोनों परिवारों के लोगों ने बताया कि पर्व को लेकर मन में जो खुशी है वह चार दिवसीय छठ पर्व के अलावा किसी और चीज में व्यक्त नहीं होती। सुबह से शाम तक पूजा सामग्री व अन्य व्यवस्थाओं में ही समय बीत जाता है। यह त्योहार ऐसा है कि यह संयुक्त परिवार की परिभाषा को भी मजबूत करता है। ज्ञात हो कि दीपावली से ही बिहारीलाल भगवान दास और स्टेशन रोड के चौधरी ब्रदर्स परिवार के 50 सदस्य एक साथ छठ पर्व में लगे होते हैं। ब्रती मीना चौधरी के भाई सुशील अग्रवाल त्योहार मनाने के लिए हर साल भीलवाड़ा से तिलैया पहुंचते हैं। ठीक वैसे ही शहर के बनर्जी परिवार के सदस्य दिल्ली, बेंगलुरु, कोलकाता से यहां पहुंचते हैं और बड़े ही निष्ठा के साथ आस्था के महापर्व में शामिल होते हैं। व्रती शुक्ला चटर्जी कहती है कि यह पर्व हमारा पारिवारिक पर्व है। साल भर से परिवार के सदस्य छठ पर्व के इंतजार में रहते हैं।

### 35 सूप की पूजा एक साथ हुई

**छठ को लेकर झुमरी तिलैया के बंदना होटला के समीप श्याम चौधरी के निवास स्थल पर छठ की छटा देखते ही बन रही थी यहाॅ चौधरी परिवार के 50 पुरूष महिलाओं ने अस्ताचलगामी एवं उदयमान सूर्य को अर्ध्य दिया। यहां 35 सूप की पूजा अर्चना की गई। व्रती राजस्थानी समाज की मीना चौधरी लगातार 35 वर्षो से एवं उनके भाई सुशील अग्रवाल जो भीलवाडा में रह रहे है वो झुमरी तिलैया पहुंचे और 36 घंटे का व्रत किया। चौधरी परिवार के अलावा शहर के कई अन्य लोग भी इस पूजा अर्चना में शामिल हुए।**

## ढाका से आए शिवशंकर ने कहा अद्भुत है छठ

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** लोक आस्था का महापर्व छठ सामाजिक समरसता का उदाहरण है। छठ का आयाम दिन दिन बढ़ता जा रहा है। नदी घाटी से शुरू हुआ पर्व सात समंदर पार चला गया है। वह भी अपने मूल रुप मे परिवर्तन नहीं आया है। बांग्ला देश के ढाका से आये शिवशंकर सिंह एवं स्थानीय व्रती अलका सिंह ने झुमरी तिलैया के विद्यापुरी में अपने ससुराल में छठ पूजा की। शिवशंकर सिंह ने कहा कि छठ अद्भुत है और इसको मनाने के लिए वे अपने ससुराल झुमरीतिलैया आये हैं। इनकी पत्नी ज्योति सिंह भी इनके साथ ढाका से पहुंची है। वहीं अलका सिंह ने बताया कि वे अपनी सास कुंती देवी के स्थान पर पिछले दो साल से छठ कर रही हैं।

## छठ पर्व त्यौहार होने के बाद भी धरना पर डटे हैं मजदूर: देवकी महतो

**चरही (आजाद सिपाही)।** चुरचू प्रखंड अंतर्गत बहेरा पंचायत के तापीन साउथ परियोजना के समक्ष विस्थापित/एवं प्रभावित संघर्ष मोर्चा के बैनर तले 71वें दिन भी अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन जारी रहा। जिसकी अध्यक्षता विधायक प्रतिनिधि आरीफ अंसारीवा संचालन रामजी महतो ने किया। इस धरना प्रदर्शन में बैठे विस्थापित/प्रभावित संघर्ष मोर्चा के मजदूरों ने बताया कि हम सब बड़े लंबे दिनों से अपनी मजदूरी और 6 सूत्री मांगों को लेकर आज 71वें दिन से धरना पर बैठे हैं। मगर अभी तक सकारात्मक फैसला नहीं हुई है। हम सब मजदूर हजारीबाग जिला के जिला प्रशासन एवं जिला उपायुक्त महोदया से छठ पूजा की बधाई देते हुवे आगरा करते हैं कि इसे संज्ञान में लेते हुए हमारी 6 सूत्री मांगों पर त्रिपक्षीय वार्ता बुला कर फैसला अभिलंब करें।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 01 नवंबर, 2022
www.azadsipahi.com


# उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ महापर्व छठ संपन्न, उमड़ा जनसैलाब

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** नहाय खाय के साथ शुरू हुआ चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हो गया। अंतिम दिन व्रती और श्रद्धालु अपने परिजनों के साथ सोमवार की सुबह दामोदर नदी, बिजुलिया तालाब सहित अन्य जलाशयों छठ घाट पहुंचे। इस दौरान पानी में खड़े होकर उगते सूर्य को दूसरा अर्घ्य दिया। उगते सूर्य की उपासना के बाद छठ व्रती पारण कर 36 घंटे का निर्जला उपवास तोड़ी। छठ पर्व के दौरान गजब का उत्साह देखने को मिला। वही, शहर के दामोदर नदी, बिजुलिया तालाब सहित अन्य जलाशयों छठ घाटों पर आस्था का जन सैलाब देखने को मिला। उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद लोक आस्था के महापर्व छठ का समापन हो गया। इस दौरान पूरा शहर छठी मइया की जय हो से गूंज उठा। पर्व को लेकर जहां तक सुरक्षा का सवाल है, उसमें भी प्रशासन ने कोई कोर कसर नहीं छोड़ा। गौरतलब है कि प्रशासन द्वारा भारी संख्या में पुरूष पुलिस व महिला पुलिस बल की तैनाती की गई है। छठ घाटों का निरीक्षण दंडाधिकारी और पुलिस अधिकारी व जवान करते दिखे। वही, डीसी माधुवी मिश्रा और एसपी पीयूष पांडे सहित अन्य अधिकारियों ने निरीक्षण करते दिखे। लोक आस्था के छठ महापर्व को लेकर विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भी स्टॉल लगाकर छठ भर्तियों के बीच पूजन सामग्री का वितरण किया।





## भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करने के साथ, आस्था का महापर्व छठ संपन्न

**कुजू (आजाद सिपाही)।** आस्था का महापर्व छठ महापर्व सोमवार को भगवान भास्कर का सूर्योदय बेला में अर्घ्य अर्पित के साथ कोयलांचल कुजू व आसपास के क्षेत्रों में छठ महापर्व धूमधाम से संपन्न हो गया। चार दिवसीय अनुष्ठान के दौरान कुजू व मांडू के जलाशयो एवं तालाबों में कोरोना काल बाद काफी भीड़ देखी गई। इधर, सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति एवं छठ पूजा कमेटी कुजू द्वारा भगवान भास्कर की प्रतिमा स्थापित की गई। वही, छठ व्रतियों के लिए तालाब तक आने-जाने वाले मार्गों में आकर्षक विद्युत सज्जा और कपड़ा बदलने की व्यवस्था करायी गई। वही, पहली बार पंडित यमुना पांडेय और भैरो गांगुली द्वारा लाउडस्पीकर के माध्यम से मंत्रोच्चार के साथ एक साथ छठ व्रतियों को पूजा अर्चना कराया गया। कमेटी द्वारा किये गये सराहनीय कार्य के लिये छठ व्रतियों समेत कोयलांचल वासियों ने भूरी-भूरी प्रशंसा की। वही, तोपा छठ पूजा कमेटी ने तोपा सरना मैदान में हर साल की तरह कृत्रिम तालाब का निर्माण कराकर भगवान भास्कर की प्रतिमा स्थापित की गई। जहां छठ व्रतियों ने अपना अनुष्ठान करते हुए कोयलांचल वासियों के लिए सुख-समृद्धि के साथ कुशल कामना की। वही, क्षेत्र के आरा - सारूबेडा, ओरला, पिंडरा, करमा, बोंगावार, सांडी, दिगवार, रतवे, छोटकिड़ूंडी समेत कई जगहों पर छठ पूजा धूमधाम से मनाई गई।

## उदीयमान सूर्य को अर्घ्यदान के साथ ही संपन्न हुआ चार दिवसीय छठ पूजा

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू क्षेत्र में सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्यदान के साथ ही चारदीवसीय छठ पूजा महोत्सव का समापन हो गया। इस मौके पर पतरातू क्षेत्र में पनकारी नदी और दामोदर नदी में छठ व्रतियों ने पूजा अर्चना की और अस्ताचलगामी और उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा को समाप्त की गईं। इस मौके पर नलकारी नदी और दामोदर नदी छठ घाट में साफ सफाई क साथ ही जरूरत के हिसाब से ररस्ता का निर्माण और बिजली की समुचित व्यवस्था की गई थी। दोनों ही छठ घाटों पर प्रशासन का सहयोग न के बराबर रहा। इसके बावजुद दोनों ही घाटों पर व्यवस्था में कोई कमी नहीं रहा।

## भुरकुंडा कोयलांचल में भक्ति और श्रद्धाभाव से संपन्न हुआ चार दिसवीय छठ महापर्व

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भक्ति एवं श्रद्धाभाव आस्था का महापर्व कार्तिक छठ विधि-विधान एवं धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर रविवार की शाम अस्तांचलगामी भगवान सूर्य को प्रथम अर्घ्य एवं सोमवार की तड़के सुबह उदीयमान भगवान भास्कर को द्वितीय अर्घ्य देने के लिए कोयलांचल के विभिन्न छठ घाटों पर छठव्रतियों एवं भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। भुरकुंडा नलकारी नदी छठ घाट, सौंदा डी नलकारी नदी छठ घाट, सेंट्रल सौंदा नलकारी नदी छठ घाट, सीसीएल सौंदा दुमुहानी छठ घाट, रिभर साइड दामोदर नदी छठ घाट, भदानीनगर आईएजी ग्लास फैक्ट्री डैम, चिकोर पारगढा नदी, सौंदा बस्ती छठ घाट सहित अन्य छठ घाटों में भक्तों की भारी भीड़ दिखी। छठ घाटों पर दोनों ही समय अर्घ्य देने से पहले छठव्रतियों ने आधे शरीर पानी में रहकर छठ माता, भगवान सूर्य की पूजा आराधना कर अपने परिवार व क्षेत्र की हरियाली खुशहाली की कामना की। उदयीमान भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद आरती हवन पश्चात छठ पूजा का प्रसाद ग्रहण कर छठव्रतियों ने पारण किया। इधर भुरकुंडा नलकारी नदी छठ घाट स्थित छठमाता मंदिर, भगवान सूर्य मंदिर, गंगा मां मंदिर में पूजा अर्चना के लिये भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद पूजा अर्चना के लिए लंबी लाइन लगी रही। छठ घाटों और छठ घाटों की ओर जाने वाले रास्ते को काफी बेहतरीन लाईटिंग आदि से सजावट की गई थी। जगह-जगह तोरणद्वार भी बनाये गये थे। छठ महापर्व के गीतों से भुरकुंडा कोयलांचल का वातावरण भक्ति के सागर में डूबा रहा। विधि-व्यवस्था बनाये रखने में भुरकुंडा ओपी प्रभारी बलवंत दूबे, बासल थाना प्रभारी अमर शुक्ला, भदानीनगर ओपी प्रभारी दुर्गा संकर मंडल दल बल के साथ मुस्तैदी से डटी रही। विभिन्न जनप्रतिनिधि क्षेत्र के घाटों में छठव्रतियों के सहयोग के लिए तत्पर दिखें। विभिन्न समितियों एवं संगठनों ने छठव्रतियों के बीच बांटे फल-फूल, प्रसाद, दूध एवं पूजन सामग्री। छठ महापर्व पर छठव्रतियों के सुविधा के लिए विभिन्न छठ पूजा समितियां तत्पर दिखीं। कार्तिक छठ महापर्व पर विभिन्न छठ पूजा समितियों, स्वयंसेवी संगठनों द्वारा फल, फूल, गाय का दूध, नारियल, अग्रबती सहित अन्य पूजन सामग्री का वितरण भी किया गया। इसमें छठ पूजा समिति के संजीत राम, अशोक तिवारी, संजय वर्मा, शिव कुमार दास, आजाद भुइया, रवि दीप, चमन लाल, दीपक कुमार, गोपाल करमाली, शशि कुमार, पिंटू कुमार, सयाल में पूर्व जिला पार्षद अर्चना देवी, पम्मी कुमार सतेंद्र यादव, मुखिया आशा देवी, बीरेंद्र पासवान, अमरेश सिंह, पुनिल सिंह, आशुतोह मिश्रा, मंट, बुलु सिन्हा, विनोद कुमार, उर्मिला देव, श्रीश्री छठ पूजा युवा समिति भुरकुंडा द्वारा जागरण का आयोजन किया। जिसमें अध्यक्ष रोशन पासवान, सचिव अभिषेक सोनी, नरेंद्र पासवान, सागर कुमार, अनिल पासवान, संतोष तुरी, गुरदीप सिंह, रोशन राम, मुखिया अजय पासवान, जय सिंह, अभिसेक मिश्रा, मंसूर खान, जयपाल सिंह, चुनू सिंह, पंकज कुमार, आकाश कुमार, झारखंड नवयुवक संघर्ष समिति के दीपक कुमार, दुरविजय, किशुन नायक, पवन सोनी, सोनू कुमार, बबलू कुमार, भुरकुंडा आभूषण व्यवसाई संघ सह स्वर्णकार संघ के द्वारा छठ व्रतियों के बिच 501 पीतल का लोटा दूध सहित वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से अध्यक्ष राजेश सोनी संरक्षक किशोरी वर्मा, सलाहकार श्याम सुंदर स्वर्णकार, विष्णु सोनी, संघ प्रभारी रोहित सोनी,सचिव संजीव वर्मा, मनोज सोनी,राकेश

# शौच चेंबर में गिरने से पांच वर्षीय मासूम की मौत, लोगों मे आक्रोश

**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** सीसीएल कॉलोनी नया नगर बरकाकाना के अम्बेडकर चौक के समीप बिना ढक्कन वाले शौच चेंबर में पांच वर्षीय मासूम के डूबने से मासूम की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीसीएल कर्मी रतन कुमार के यहां छठ पर्व के दौरान उनकी बेटी दामाद एवं नाती घर आया था। छठ पर्व संपन्न कर सभी लोग घर आए एवम घाट से आने के कुछ ही देरी बात पांच वर्षीय मासूम औरव कुमार के लापता होने की बात सामने आयी। श्री कुमार एवं उनके भाई लोजपा युवा प्रदेश अध्यक्ष रंजीत राम ने बच्चे का खोजबीन शुरू किया लेकिन कही भी जानकारी नहीं मिल पायी। बच्चे की गुमशुदगी की खबर सोशल मीडिया के साथ साथ बरकाकाना ओपी को दी गई। बरकाकाना ओपी प्रभारी विनय कुमार ततपरता के साथ बच्चे की खोज में जुटे। बच्चे के खोजबीन के दौरान घर के बाहर तारा संघ मैदान के समीप



बिना ढक्कन वाले शौच चेम्बर को खंगाला गया तो लापता मासूम की बरामदगी बेहोशी की हालत में की गई। मासूम औरव का इलाज के लिए सीसीएल अस्पताल नया नगर बरकाकाना लाया गया, जहां डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए होप अस्पताल रामगढ भेजा। अस्पताल में इलाज के दौरान मासूम औरव की मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों का बुरा हाल है वही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। मासूम औरव की मौत ने सीसीएल प्रबंधन एवं संबंधित ठीकेदार की घोर लापरवाही उजागर किया है। सीसीएल आवासीय परिसर क्षेत्र में कार्य करने वाले ठीकेदार संबंधित अधिकारियों को मोटी रकम का चढ़ावा चढ़ाते हैं। जिससे संपन्न किये गये कार्यो की जानकारी अधिकारी नहीं पूछते हैं।

### संगठनों की नाकामी को दर्शाता है यह घटना

यह घटना नया नगर बरकाकाना के सभी यूनियन संगठनों की नाकामी को दर्शाता है। श्रमिक संगठनों के पदाधिकारी अगर अपने कर्मचारियों के रहन सहन के प्रति सचेत रहते तो सायद इस प्रकार की घटना रुक सकती थी। बताते चलें कि पूर्व में भी इस शौच चेंबर में मवेशियों की डूबने की खबर आती रही है लेकिन उसके प्रति प्रबंधन एवं ठिकेदार को जागरूक होने के बजाय स्थिरता कई सवालों को जन्म देता है।

# मंत्री ने छठ घाट पहुंचकर भगवान भास्कर को दिया अर्घ्य

अजय चौरसिया

**चतरा (आजाद सिपाही)।** नेम निष्ठा एवं लोक आस्था का महापर्व उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर श्रद्धा का चार दिवसीय महापर्व छठ भक्तिमय एवं शांतिपूर्ण वातावरण के बीच चतरा जिलें में सोमवार को हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया। इस मौके पर सूबे के श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने चतरा के कई छठ घाट पहुंचकर भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया और राज्य में अमन चैन और खुशहाली के लिये भगवान भास्कर से दुआ मांगी। चतरा के विभिन्न छठ-घाटों पर हजारों श्रद्धालुओं ने प्रातः उदीयमान भगवान भास्कर को श्रद्धा एवं नेम निष्ठा के साथ अपना अंतिम अर्घ्य अर्पित किया।





### एसपी ने सपरिवार दिया अर्घ्य

**इटखोरी।** छठ महापर्व उदयीमान सूर्य को अर्घ्य के साथ चार दिवसीय छठ पर्व संपन हो गया। प्रखंड के सभी छठ घाटों में श्रद्धालुओं ने उगते सूर्य को अर्घ्य दिया। प्रखंड के साथ-साथ जिले के प्रसिद्ध मां भद्रकाली मंदिर स्थित मुहाने छठ घाट में छठव्रतियों ने उगते सूर्य (उदियमान सूर्य) को अर्घ्य दिया। चतरा एसपी राकेश रंजन ने छठ पर्व पर अर्घ्य देने सपरिवार इटखोरी पहुचें। एसपी सपरिवार उदयीमान सूर्य को अर्घ्य दिया। ब्लॉक से लेकर मुहाने छठ घाट तक संस्था ने पूरे लगन मेहनत कर कार्यक्रम को सफल बनाया। ट्रस्ट के अध्यक्ष व समाजसेवी प्रकाश राम ने अहम भूमिका निभाई। साथ ही भद्रकाली मंदिर के दुकानदारों व ट्रस्ट के सदस्यों ने आर्थिक सहयोग कर छठ घाट को दुल्हन की तरह सजाया। छठ पूजा के अध्यक्ष दीपक गिरी हिंदुस्तानी, मुखिया योगेश्वर दांगी, उपमुखिया आशीष दांगी, समेत युवाओं ने दिनरात मेहनत कर कार्यक्रम को सफल बनाया। वही मुहाने छठ घाट की सफाई में मंदिर सदस्य रतन शर्मा, थाना प्रभारी निरंजन मिश्रा, सतीश सिंह, रवि कुमार समेत सदस्यों ने किया था।

## छठ घाट के रास्ते में गंदगी फैलाने व अंडे का छिलका फेंकने के बाद नाराज हुए लोग

# आस्था के साथ खिलवाड़ करने के विरोध में लोगों ने किया रामगढ़ थाने का घेराव

**रामगढ़।** कुछ महीनों बाद दोबारा रामगढ़ थाना के थानेदार बने सुशील कुमार सिंह को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। उनकी कार्यकाल काफी चर्चा में है। उनसे विधि व्यवस्था नहीं संभलने की चर्चा होने लगा है। जिसका परिणाम है कि जगह जगह कोई न कोई घटना के साथ सांप्रदायिक माहौल बिगड़ रहा है। हालांकि बुद्धिजीवियों की सूझबूझ से हादसा टल जा रहा है। लेकिन पुलिस सब कुछ हाथ पर हाथ रख कर देख रही है। एक ऐसा ही मामला सोमवार को देखने को मिला। यहां गोलपार के लोगों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप एवं आस्था के साथ खिलवाड़ करने वालों पर कार्रवाई की मांग करते हुए थाने का घेराव कर दिया। काफी समझाने बुझाने के



बाद लोगों ने घेराव को समाप्त किया। आक्रोशित लोगों ने थाना में लिखित आवेदन देने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। अगर पुलिस कोई भी लापरवाही बरतती है तो आगे इससे भी बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

### क्या है आवेदन में

इधर पूणीमंडप गोलपार निवासी विनय सिंह पिता उपेंद्र सिंह द्वारा रामगढ़ थाना दिया गया आवेदन में कहा है कि मैं छठ पूजा समिति पूर्णिमंडप का अध्यक्ष हूं। कहा कि पूर्णिमंडप छठ घाट के रास्ते सोमवार की अहले सुबह छठ व्रती जा है थे। इसी दौरान देखा गया कि किसी ने जानबूझकर छठ घाट रास्ते मे अंडे का छिलका, मुर्गी का हड्डी सहित अन्य आपत्तिजनक समान फेका हुआ है। साथ ही जगह जगह शौचालय किया हुआ है। जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस पहुंची और उक्त सामानों को जब्त किया।

### छठ घाट बनाने के क्रम में भी कुछ लोगों ने किया था विरोध

आवेदन में कहा है कि छठ घाट बनाने के क्रम में ग्यास खान, वाजिद अली, दानिश खान, समशाद खान, अरबाज खान, अकरम खान सहित अन्य ने घाट बनाने का विरोध किया था। जिसके मामले की सूचना पुलिस को दी गई। जंहा पुलिस के समक्ष सुलह हुआ और आश्वासन मिला कि दोबारा ऐसा नहीं होगा। आवेदन में कहा है कि इस तरह की घटना पूर्णिमंडप में बार बार हो रही है। जिससे लगता है कि सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने मामले में ठोस कार्रवाई की मांग की है।

### आस्था का महापर्व छठ पूजा के साथ खिलवाड़ करने पर काफी गुस्से में है लोग

इधर घटना के बाद आसपास के लोग काफी आक्रोशित हैं। पुलिस और आरोपियों के खिलाफ गुस्से में हैं। गुस्से का इजहार करने लोग सीधे थाना पहुंचे। जहां थाना परिसर के बाहर जमा होकर आरोपियों और पुलिस लापरवाही के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। जिसके कारण पुलिस ने मुख्य द्वार को बंद कर लोगों को बाहर ही समझा-बुझाकर घेराव समाप्त कराने की कोशिश की। हालांकि बाद में ठोस आश्वासन मिलने के बाद लोगों ने घेराव संपन्न कराकर पुलिस को अल्टीमेटम दी है। लोगों ने कहा है कि समय रहते सौहार्द बिगाड़ने वालों पर कार्रवाई नहीं हुई तो हम लोग अपने आस्था के साथ किसी को खिलवाड़ करने का मौका नहीं देंगे। किसी भी हाल में आस्था एवं किसी के धर्म के साथ खेलने वालों के विरुद्ध पुलिस कड़ी कार्रवाई करें। बार-बार एक ही मोहल्ला में घटना घटने से लोगों में तनाव उत्पन्न हो रहा है। जिसके कारण वहां की विधि व्यवस्था भंग होने की संभावना है। ऐसे में पुलिस को चाहिए कि जो लोग दोषी हैं। उनपर कड़ी कार्रवाई करें।ताकि भविष्य में ऐसी कोई भी घटना की पुनरावृत्ति ना हो सके।

## सेवानिवृत्त शिक्षक का निधन, शोक

**गोला (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के मगनपुर गांव निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक नंदलाल महतो उम्र 89वर्ष का निधन हृदयगति रुकने से रविवार को अपने आवास में हो गया। उनका अंतिम संस्कार हिन्दू रिति रिवाज के साथ स्थानीय शमशान घाट में कर दिया गया। बताया जाता है कि स्व नंदलाल महतो कई स्कूलों में शिक्षक के रूप में सेवा देते हुए शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया था। उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किये गये कार्यों को आज भी लोग भुला नहीं पाते हैं। इसके अलावा समाज के विभिन्न कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते थे। उनके निधन से क्षेत्र के लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। शोक व्यक्त करनेवालों में प्रमुख गीता देवी, समाजसेवी दिनेश कुमार महतो, छ्दु प्रसाद, पंचायत के मुखिया नुरुल्लाह अंसारी, पूर्व मुखिया दयानंद प्रसाद, बीनु महतो, नित्यानंद महतो, कालीचरण महतो, महेश कुरमी, शालीग्राम महतो, खेमलाल महतो, भुषण णहतो, जनार्दन महतो, मिथिलेश महतो, अंदू महतो, ललकु महतो, धूमानाथ महतो आदि दर्जनों शामिल हैं।

## डीसी, एसपी सहित अधिकारियों ने किया सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर सोमवार को राष्ट्रीय एकता दिवस के तहत डीसी माधवी मिश्रा, एसपी पीयूष पांडे सहित जिले के अधिकारियों ने पटेल चौक पहुंच कर सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मौके पर डीसी माधवी मिश्रा ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल जी को माल्यार्पण कर उनके संदेशों को याद किया गया। उनकी यादों को प्रचार-प्रसार करने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबध है। इस अवसर पर डीडीसी नागेंद्र कुमार सिन्हा, नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया, उपाध्यक्ष मनोज महतो, अपर समाहर्ता नेल्सम एयोन बागे, एसडीओ मो जावेद हुसैन, डीटीओ सौरभ प्रसाद सहित जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारियों, अधिकारियों के द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

## सड़क दुर्घटना में वृद्ध घायल, रेफर

**गोला (आजाद सिपाही)।** सिकिदिरी मार्ग के बड़की कोईया पेट्रोल पंप के समीप सोमवार को कार की चपेट में आकर वृद्ध महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। बताया गया कि बड़की कोईया गांव निवासी तसमी देवी उम्र 65 वर्ष पति जोधिया मुंडा गेहूं पिसाने के लिए गोला जा रही थी। इसी क्रम में रांची निवासी गोपाल साव अपने परिजनों के साथ अपनी मारुति सुजुकी डिजायर कार नं0 जेएच 01 ईबी 4639 पर सवार होकर मां छिन्नमस्तिके मंदिर रजरप्पा पूजा अर्चना करने के लिए जा रहा था। इसी बीच उक्त स्थल पर महिला को चपेट में ले लिया। जिसके बाद कार चालक भागने के चक्कर में महिला को दो किलोमीटर तक घसीटता चला गया। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए रिम्स रांची रेफर कर दिया गया। इधर पुलिस ने कार चालक व कार को अपने कब्जे में कर थाने ले आई है।

## सीसीएल डीटी ने सीसीएल कुजू क्षेत्र का किया दौरा



**कुजू (आजाद सिपाही)।** सीसीएल कुजू क्षेत्र का दौरा सीसीएल रांची मुख्यालय डीटी पीएंडपी बी.साईंराम ने किया। इस दौरान उन्होंने करमा व तोपा परियोजना का निरीक्षण किया। साथ ही कुजू क्षेत्र के जीएम चंद्रशेखर तिवारी की मौजूदगी में उक्त दोनों परियोजनाओं की प्रगति रिपोर्ट ली। वहीं, परियोजनाओं के विस्तारीकरण में आ रही समस्याओं का शीघ्र समाधान का निर्देश दिया। उन्होंने करमा खदान के फेस, ओबी डंप एवं कोल क्रशिंग यूनिट का जायजा लिया। वहीं, खदान विस्तारीकरण में आड़े आ रहे ग्रामीणों के घर को कंपनी प्रावधान के अनुसार सुविधा प्रदान कर हटाने को कहा। उन्होंने तोपा खदान के विस्तारीकरण को लेकर भी कई दिशा निर्देश दिये। इधर, कुजू रेलवे साइडिंग का भी निरीक्षण किया। साथ ही उत्पादन की बेहतरी के लिए हरसंभव प्रयास की बात कही। मौके पर तोपा पीओ मनीष कुमार, खान प्रबंधक एमके सिंह, एसओ पीएंडपी पीसी साहू, करमा पीओ राजेश, खान प्रबंधक आरएन सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## छत्तीस घंटे के सूर्य उपासना के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ छठ महापर्व

**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** सूर्य आराधना के साथ धूमधाम से छठ महापर्व संपन्न हुआ। छठ घाटो में विभिन्न सामाजिक संगठनों ने दिया अहम योगदान। सामाजिक संगठनों ने छठव्रतियों के लिए महाप्रसाद व ठंडी को देखते हुए चाय की व्यवस्था किया। दामोदर तट पर श्रीश्री छिन्मस्तिका स्टील एवं सीमेंट ने घाटों में सहयोग किया तो सियरबुकि नदी में सत्य संकल्प सामाजिक संगठन के युवा सदस्यों ने छठव्रतियों के लिए दूध व फल की ब्यवस्था को संभाला। छठव्रतियों ने छत्तीस घंटे का निर्जला उपवास कर भगवान भास्कर की आराधना कर अर्ध्य दिया। छठ महापर्व के दौरान पुलिस प्रसाशन भी मुस्तैद दिखी। बरकाकाना ओपी प्रभारी विनय कुमार ने सभी छठ घाटों पर नजरें बनाये हुए थे। किसी तरह की घटना न हो इसकी सावधानी के लिए काफी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। जोड़ा तालाब के घाटो में बैरिकेटिंग किया गया था जिससे लोग गहरे पानी में ना जा सके। घाटों पर पुलिस प्रसाशन द्वारा ड्रोन कैमरे से भी नजर रखी जा रही थी।

## दुर्गा सेन भारती बनी भागीदारी पार्टी की महिला जिलाध्यक्ष, लोगों ने दी बधाई



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा जवाहनगर पंचायत निवासी सह सीसीएलकर्मी मनोज कुमार की पत्नी दुर्गा सेन भारती को भागीदारी पार्टी (पी) के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष श्याम बिहारी प्रजापति ने भागीदारी पार्टी का महिला जिलाध्यक्ष मनोनित किया है। साथ ही उन्होंने आशा व्यक्त की है कि इनके मनोनयन से भागीदारी पार्टी को और मजबूती मिलेगी। वहीं मनोनयन के बाद दुर्गा सेन भारती ने कहा कि जिस उम्मीद एवं विश्वास के साथ मुझे यह कार्यभार सौंपा गया। उसका ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। साथ ही अधिक से अधिक महिलाओं को पार्टी में जोड़कर संगठन को और बुलंदियों तक ले जाने का काम करूंगी। पत्र की प्रतिलिपि उपायुक्त रामगढ़, पुलिस अधीक्षक रामगढ़ एवं भुरकुंडा ओपी प्रभारी को भी प्रेषित की गई है। इधर दुर्गा सेन भारती के भागीदारी पार्टी का महिला जिलाध्यक्ष बनने पर लीलावती देवी, रानी देवी, शीला देवी, मालती मुर्मू, मनोज कुमार सिंह, शिवनंदन दास, अजय दास, चिंतामणि दास, महेश बेदिया, रमेश बेदिया, राजेंद्र राम, गौतम राम, सुरेंद्र यादव, शंकर मांझी, कुलदीप राम, सूर्यकिशोर राम आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी।

## सांकुल में मनाई गई पटेल की जयंति

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड के सांकुल गांव स्थित पंचायत सचिवालय में सोमवार को लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की जयंति मनाई गई। इस मौके पर पंचायत प्रतिनिधियों सहित ग्रामीणों ने पटेल जी के प्रति कृतज्ञता प्रकट की और उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर पंचायत की मुखिया सुमन भारती ने कहा कि अपने देश को संगठित रखने में सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की महत्वपूर्ण भूमिका है। इन्होने ही सैकड़ो रियासतों को भारत में विलय करवाया। मौके पर ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों ने पटेल जी के बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर पंसस अंजू कुमारी, उप मुखिया ज्योति कुमारी, आकाश कुमार रवि, गोपी कुमार, उपेंद्र सिंह, पीएसएस मनोहर मुंडा, परमानंद राजीव, आदित्य कुमार, जुगल राम, कुंभकरण सिंह सहित अन्य ग्रामीण शामिल थे।

# रक्षा में भारत की आत्मनिर्भरता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को गुजरात के वड़ोदरा में सी-295 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट बनाने की फैक्ट्री का शिलान्यास करके एक बड़ी शुरुआत की है। हालांकि इस प्रॉजेक्ट के इर्द-गिर्द कुछ ऐसे मुद्दे उठ गये हैं, जो इसे लगातार चर्चा में बनाये हुए हैं, लेकिन ये मसले अपेक्षाकृत कम महत्वपूर्ण पहलुओं से जुड़े हैं और इसलिए खतरा यह बन रहा है कि इन विवादों की धूल-धक्कड़ में कहीं प्रॉजेक्ट की वास्तविक अहमियत धुंधली न पड़ जाये। चूंकि गुजरात में विधानसभा चुनाव करीब आ गये हैं, इसलिए पहला विवाद तो यह है कि केंद्र की बीजेपी सरकार गुजरात के मतदाताओं को प्रभावित करने के उद्देश्य से ऐसे तमाम कार्यक्रम इसी समय घोषित कर रही है। लेकिन अगर यह आरोप सच हो, तो भी उससे इस प्रॉजेक्ट की अहमियत कम या ज्यादा नहीं होती। दूसरा विवाद महाराष्ट्र में इस बात को लेकर चल रहा है कि यह प्रॉजेक्ट गुजरात क्यों चला गया। पिछली महाविकास आघाड़ी सरकार में उद्योगमंत्री रहे शिवसेना नेता सुभाष देसाई ने कहा है कि इसे लेकर टाटा के अधिकारियों की सरकार के साथ तीन बैठक हो चुकी थी और अगर आघाड़ी सरकार होती, तो यह प्रोजेक्ट गुजरात नहीं जाता। इससे पहले वेदांता-फॉक्सकॉन के सेमीकंडक्टर बनाने के प्लांट से जुड़ा प्रॉजेक्ट गुजरात चले जाने पर भी ऐसे ही आरोप लगाये गये थे। इन विवादों की बारीकी में गये बगैर इतना जरूर कहा जा सकता है कि इस तरह के आरोप-प्रत्यारोप मोटे तौर पर देश के हित में हैं। इससे अगर विभिन्न राज्यों के बीच अधिकाधिक निवेश हासिल करने की स्वस्थ प्रतिद्वंद्विता शुरू होती है, तो वह देश में विकास की गति को बढ़ाने में मददगार ही होगी। लेकिन मौजूदा प्रॉजेक्ट के संदर्भ में बात की जाये तो उसका आकलन इस आधार पर नहीं हो सकता कि वह फलां राज्य में क्यों लगा और फलां राज्य में क्यों नहीं। संबंधित कंपनी को जो जगह सबसे उपयुक्त लगी, वहां यह फैक्ट्री लगायी जा रही है। देखने वाली बात यह है कि 22000 करोड़ रुपये के इस प्रोजेक्ट के तहत पहली बार देश में कोई प्राइवेट कंपनी भारतीय वायुसेना के लिए विमान बनाने जा रही है। यह मेक इन इंडिया के साथ ही देश के डिफेंस सेक्टर में आत्मनिर्भरता हासिल करने के सरकार के लक्ष्य की ओर भी एक बड़ा कदम है। यह देश में डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग के इकोसिस्टम को कितनी मजबूती देगा, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि टाटा कंसर्शियम ने इसके लिए देश में 125 एमएसएमइ सप्लायर्स की पहचान की है। इस प्रोजेक्ट से जहां 600 हाइली स्किल्ड जॉब प्रत्यक्ष रूप से बनेंगे, वहीं 3000 से ज्यादा अप्रत्यक्ष जॉब बनने की बात कही जा रही है। निश्चित रूप से इस बात पर नजर रखी जानी चाहिए कि ये वादे और दावे किस हद तक सच साबित होते हैं, लेकिन इन संभावनाओं को संकीर्ण राजनीतिक हितों से उपजी बहस की भेंट चढ़ने देने की इजाजत तो कतई नहीं दी जा सकती।

**22000 करोड़ रुपये के इस प्रोजेक्ट के तहत पहली बार देश में कोई प्राइवेट कंपनी भारतीय वायुसेना के लिए विमान बनाने जा रही है। यह मेक इन इंडिया के साथ ही देश के डिफेंस सेक्टर में आत्मनिर्भरता हासिल करने के सरकार के लक्ष्य की ओर भी एक बड़ा कदम है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**औपनिवेशिक मानसिकता से ग्रस्त रहे भारतीयों के लिए निश्चय ही यह एक गर्व का विषय है कि ऋषि सुनक उन गोरों के प्रधानमंत्री हैं जो कभी भारतीयों को शासन करने में नाकारा बताते थे। ऋषि सुनक को ये संस्कार श्रील एसी भक्तिवेदांत स्वामी प्रभुपाद द्वारा स्थापित इस्कॉन ने दिए हैं, जो मानता है कि हम हिंदू नहीं,हमारी पहचान सनातन धर्मी के रूप में है। जबकि कुछ संगठन सभी सनातन शास्त्रों व मान्यताओं के विपरीत चलते हुए अपना ही बनाया 'हिंदुत्व' सब पर थोपते हैं।**

# परदेस में कितने देसी नेता

**विनीत नारायण**



**पिछले कुछ वर्षों से हिंदुत्व को लेकर जो अभियान चलाया जा रहा है, उसे लेकर देश के करोड़ों सनातन धर्मियों के मन में अनेक प्रश्न खड़े हो रहे हैं, जिनका संतुष्टि पूर्ण उत्तर संघ परिवार के सर्वोच्च पदाधिकारियों को देना चाहिए। एक तरफ तो सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत ऐसे वक्तव्य देते हैं, जिससे लगता है कि संघ अपने कट्टरपंथी चोले से बाहर आ रहा है।**

क्या आप जानते हैं कि इंगलैंड के अलावा भी कई देशों में भारतीय मूल के प्रधानमंत्री हैं? दीपावली के दिन जैसे ही यह खबर आयी कि ऋषि सुनक निर्विरोध ब्रिटेन के प्रधानमंत्री चुन लिए गये हैं, तो विश्व भर के हिंदुओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी, विशेष कर भारत में। लोग बल्लियों उछलने लगे। मानो भारत ने इंगलैंड को जीत लिया हो। औपनिवेशिक मानसिकता से ग्रस्त रहे भारतीयों के लिए निश्चय ही यह एक गर्व का विषय है कि ऋषि सुनक उन गोरों के प्रधानमंत्री हैं, जो कभी भारतीयों को शासन करने में नाकारा बताते थे। ऋषि सुनक को ये संस्कार श्रील एसी भक्तिवेदांत स्वामी प्रभुपाद द्वारा स्थापित इस्कॉन ने दिये हैं, जो मानता है कि हम हिंदू नहीं,हमारी पहचान सनातन धर्मी के रूप में है। जबकि कुछ संगठन सभी सनातन शास्त्रों व मान्यताओं के विपरीत चलते हुए अपना ही बनाया 'हिंदुत्व' सब पर थोपते हैं। लंदन के इस्कॉन मंदिर में ऋषि सुनक ने सपरिवार जाकर गौ माता का पूजन किया, तो कुछ लोग इसे इंगलैंड में भारतीय संस्कृति के प्रसार की संभावना मान कर अति उत्साहित हो गये, पर अगले ही दिन ऋषि सुनक ने ट्विटर पर लिखा कि मेरा संसदीय क्षेत्र गाय और बकरों के मांस का व्यापार करने वालों का है।

**2017-2020 तक आयरलैंड के प्रधानमंत्री रहे लिओ वराडकर के माता-पिता मुंबई के पास वसई के रहने वाले हैं।**

यह एक बढ़िया उद्योग है। कोई क्या खाये, ये उसकी पसंद से तय होता है। इसलिए मैं इस उद्योग को पूरा बढ़ावा दूंगा- देश में भी और विदेश में भी। पिछले हफ्ते सोशल मीडिया पर छाए रहे इस पूरे प्रकरण से कुछ बातें समझनी चाहिए। पहली बात तो यह है कि भारतीय मूल के जो युवा विदेशों में पैदा हुए और पले बढ़े और वहीं के नागरिक हैं, उनका भारत के प्रति न तो वह भाव है और न ही वह आकर्षण, जो उनके माता-पिता या पूर्वजों का रहा है, जो भारत में जन्मे थे और बाद में विदेशों में जा बसे।

ऋषि सुनक भारतीय उपमहाद्वीप मूल के पहले युवा नहीं हैं, जो इस ऊंचाई तक पहुंचे हैं। अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की ननिहाल तमिलनाडु में है। उन्हें दक्षिण भारतीय खाना पसंद है और वे अपने मौसी-मामाओं से जुड़ी रहती हैं, पर भारत के प्रति कमला हैरिस का रवैया वही है, जो आम अमेरिकी का है। मसलन वे कश्मीर को मानवाधिकार का विषय मानती हैं। जो भारतीय दृष्टिकोण के विरुद्ध है। हम में से कितने लोग यह जानते हैं कि 2017-2020 तक आयरलैंड के प्रधानमंत्री रहे लिओ वराडकर के माता-पिता मुंबई के पास वसई के रहने वाले हैं।

लिओ ने 2003 में मुंबई के केइएम अस्पताल से इंटर्नशिप पूरी की थी। उनकी मां आयरिश हैं और पिता भारतीय। लिओ वराडकर की इस प्रभावशाली सफलता का भारत में कोई जिक्र क्यों नहीं करता? क्या इसलिए कि वे ईसाई हैं? यह बहुत ओछी मानसिकता का परिचायक है। इसी तरह पुर्तगाल के मौजूदा प्रधानमंत्री एंटोनियो कोस्टा भी भारतीय मूल के हैं। उनके माता-पिता का जन्म गोवा में हुआ था। ये दूसरी बार प्रधानमंत्री चुने गये हैं।

विडंबना देखिए कि न तो भारत के मीडिया को इसकी खबर है और न ही देश की जनता को। तो फिर भारत मां के इन सपूतों की इस उपलब्धि पर जश्न कौन मनायेगा? जबकि एंटोनियो कोस्टा तो आज भी ओसीआइ कार्ड के धारक हैं और लिओ वराडकर अक्सर अपने रिश्तेदारों से मिलने महाराष्ट्र के ठाणे जिले में आते रहते हैं, पर इसकी मीडिया में कहीं कोई चर्चा क्यों नहीं होती? ये प्रमाण हैं इस बात का कि देश का मीडिया कितना संकुचित और कुंद हो गया है। यह रवैया भारत की अंतर्राष्ट्रीय छवि और लोकतंत्र के लिए घातक है।

पिछले कुछ वर्षों से हिंदुत्व को लेकर जो अभियान चलाया जा रहा है, उसे लेकर देश के करोड़ों सनातन धर्मियों के मन में अनेक प्रश्न खड़े हो रहे हैं, जिनका संतुष्टि पूर्ण उत्तर संघ परिवार के सर्वोच्च पदाधिकारियों को देना चाहिए। एक तरफ तो सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत ऐसे वक्तव्य देते हैं, जिससे लगता है कि संघ अपने कट्टरपंथी चोले से बाहर आ रहा है। जैसे मुसलमानों और हिंदुओं का डीएनए एक है। अब मस्जिदों में और शिवलिंग खोजना बंद करें। दूसरी तरफ संघ प्रेरित सोशल मीडिया का दिन-रात हमला मुसलमानों के विरुद्ध भावनाएं भड़काने के लिए होता रहता है।

यह विरोधाभास क्यों? एक तरफतो संघ परिवार हिंदुत्व की जमकर पैरवी करता है और दूसरी तरफ सनातन धर्म की परंपराओं, वैदिक शास्त्रों और शंकराचार्य जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं के विरुद्ध आचरण भी करता है। ये विरोधाभास क्यों? ऐसे में हमारे जैसा एक आस्थावान सनातन धर्मी किस मार्ग का अनुसरण करे? ये भ्रम जितनी जल्दी दूर हो उतना ही हमारे समाज और राष्ट्र के हित में होगा। वरना हम इसी तरह ऋषि सुनक की उपलब्धि पर तो बल्लियों उछलेंगे और एंटोनियो कोस्टा एवं लिओ वराडकर की उपलब्धियों से मूर्खों की तरह बेखबर बने रहेंगे। मोहन भागवत के वक्तव्य को यदि गंभीरता से लिया जाये, तो यह खाई अब पटनी चाहिए।

## जमशेदपुर की खबरें

# टाटा का जमशेदपुर स्टील प्लांट बना भारत का पहला रिस्पांसिबल स्टील सर्टिफिकेशन हासिल करनेवाला प्लांट

**तीनों फैसिलिटिज के लिए रिस्पॉन्सिबल स्टील सर्टिफिकेशन प्राप्त करना सम्मान की बात : टीवी नरेंद्रन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने जमशेदपुर स्थित अपनी तीन उत्पादन फैसिलिटिज के लिए प्रतिष्ठित 'रिस्पॉन्सिबल स्टील सर्टिफिकेशन' प्राप्त कर भारत को वैश्विक डिकार्बोराइजेशन और सस्टेनेबिलिटी मानचित्र पर स्थापित कर दिया।

जमशेदपुर स्थित टाटा का स्टील प्लांट, ट्यूब डिवीजन और कोल्ड रोलिंग मिल (बारा) 'रिस्पॉन्सिबल स्टील सर्टिफिकेशन' प्राप्त करने के साथ ही दुनिया भर में स्टील उत्पादक साइटों के एक विशेष समूह में शामिल हो गया है। जिसमें दुनिया के कुछ अन्य प्रसिद्ध स्टील निमार्ता भी शामिल हैं। रिस्पॉन्सिबल स्टील जो कि स्टील उद्योग की पहली वैश्विक बहु-हितधारक मानक और प्रमाणन पहल है। जलवायु परिवर्तन, विविधता, मानवाधिकारों इत्यादि सहित प्रमुख चुनौतियों का समाधान करके एक स्थायी स्टील उद्योग के निर्माण की दिशा में इस्पात उत्पादकों, उपभोक्ताओं और बिचौलियों के साथ काम करती है।

मौके पर टाटा स्टील के सीईओ व एमडी टी.वी. नरेंद्रन ने कहा यह टाटा स्टील के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। उन्होंने बताया हमारी सस्टेनेबिलिटी की यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वैश्विक स्तर पर स्टील उद्योग एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है। हमें इस बात पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है ताकि हम जिस प्रकार स्टील का उत्पादन और उपभोग करते हैं उसका व्यापक प्रभाव क्या पड़ता। स्टील के सीईओ व एमडी टी.वी. नरेंद्रन ने बताया टाटा स्टील के जमशेदपुर प्लांट में जब पहली बार 1912 में स्टील का उत्पादन किया था तब से यह हमेशा से हमारी यात्रा का एक अत्यंत महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। उन्होंने कहा हमारे लिए अपनी तीनों फैसिलिटिज के लिए रिस्पॉन्सिबल स्टील सर्टिफिकेशन प्राप्त करना सम्मान की बात है। हमारी सभी उत्पादन इकाईयां इस सम्मान को प्राप्त करने की दिशा में काम करेंगी। उन्होंने रिस्पॉन्सिबल स्टील टीम, ऑडिटर्स, एश्योरेंस पैनल और टाटा स्टील की टीम को इसे संभव बनाने में उनके प्रयासों के लिए बधाई दी। वहीं रिस्पॉन्सिबल स्टील के सीईओ एनी हीटन ने कहा हम इस अविश्वसनीय उपलब्धि पर टाटा स्टील को हार्दिक बधाई देते हैं। टाटा ने दूरदर्शिता, प्रतिबद्धता और निवेश का प्रदर्शन किया है। जमशेदपुर प्लांट ने रिस्पॉन्सिबल स्टील सर्टिफिकेशन प्राप्त करने के लिए अविश्वसनीय रूप से कड़ी मेहनत की है। इस प्रमाणन को प्राप्त करनेवाली यह पहली टाटा स्टील साइट है। जिन्होंने भारत में पहला रिस्पॉन्सिबल स्टील सर्टिफिकेशन प्राप्त किया है। सिर्फ कम कार्बन उत्सर्जन पर ध्यान केंद्रित करना पर्याप्त नहीं है। प्रमाणित साइटों को भी सुनिश्चित करना चाहिए कि वे मानक में अन्य सस्टेनेबल उद्देश्यों के लिए पूरी तरह से संरेखित हैं। उदाहरण के लिए अच्छा जल प्रबंधन सुनिश्चित करना, एक स्वस्थ एवं सुरक्षित कार्यस्थल बनाना, श्रम अधिकारों की रक्षा करना व स्थानीय समुदायों और अन्य हितधारकों के साथ जुड़ना। यह टाटा स्टील और इसमें शामिल सभी लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा टाटा स्टील अक्टूबर 2020 से रिस्पॉन्सिबल स्टील की सदस्य रही है।

# महापर्व छठ पूजा शांतिपूर्ण संपन्न



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सूर्य मंदिर परिसर में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास व उनकी धर्मपत्नी ने अर्घ्य देकर राज्य में सुख-समृद्धि की कामना की**

**जमशेदपुर।** लोक आस्था के महापर्व उदीयमान भगवान भास्कर को सुबह का अर्घ्य के साथ ही चार दिवसीय छठ महापर्व संपन्न हुआ। पूर्वी सिंहभूम जिले में जिला प्रशासन और छठ पूजा कमेटियों की तत्परता से लोक आस्था का महापर्व पूरे श्रद्धा और निष्ठभाव से संपन्न किया गया। सूर्य मंदिर परिसर में राज्य में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास व उनकी धर्मपत्नी ने भाजपा नेताओं के साथ भगवान सूर्य देव को अर्घ्य देकर राज्य में सुख समृद्धि की कामना की। वहीं मंत्री बन्ना गुप्ता, उपायुक्त विजया जाधव सहित आलाधिकारियों ने छठ घाटों पर सपरिवार भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। श्री श्री महाकालेश्वर समिति जुगसलाई में भव्य छठ घाट का निर्माण कराया गया। पोटका विधायक संजीव सरदार के नेतृत्व में बनाये गए छठ घाट में लगभग 45 हजार श्रद्धालुओं ने दोनों दिन भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। घाट का उद्घाटन विधायक, सांसद, समाजसेवी व अन्य गणमान्य लोगों ने संयुक्त रूप से किया।

सांसद विद्युत वरण महतो ने सभी व्रत धारियों और श्रद्धालु को शुभकामनाएं देते हुए कहा आस्था के इस महान पर्व को हम सभी मिलजुल कर मनायें। इस दौरान सभी देश में समाज को सशक्त बनायें और समाज में व्याप्त बुराइयों को मिटाने का संकल्प लें। समिति द्वारा तैयार किए गए घाट की प्रशंसा करते हुए आस्तिक महतो ने कहा समिति ने नशा मुक्त भारत का आह्वान कर युवाओं को नशा से दूर रहने और पर्यावरण संरक्षण का जो संदेश दिया है वह काबिले तारीफ है। वहीं एसडीओ पियूष सिन्हा, अंचलाधिकारी अमित श्रीवास्तव, दंडाधिकारी सुमित प्रकाश,विशेष पदाधिकारी जगदीश प्रसाद यादव अपनी टीम के साथ महाकालेश्वर छठ घाट का दौरा किया समिति द्वारा पुष्प गुच्छ एवम शॉल ओढ़ाकर सभी का सम्मान किया गया।

# विधायक मंगल कालिंदी ने अपनी निधि से बने छठ घाटों का किया उद्घाटन

**अर्घ्य देकर छठी मैया से की राज्य की जनता के लिए सुख समृद्धि की कामना**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले में लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा जिला प्रशासन के सहयोग से हर्ष उल्लास के साथ से मनाया गया। छठ पूजा के अवसर पर झारखंड सत्तारूढ़ दल के सचेतक सह जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने राधिका नगर व कैरेज कॉलोनी में विधायक निधि से निर्मित छठ घाट का उदघाटन किया। मौके पर स्थानीय लोगों ने विधायक के प्रति आभार प्रकट कर उनका भव्य स्वागत किया। विधायक मंगल कालिंदी ने बताया राधिका नगर व कैरेज कॉलोनी में छठ घाट नहीं रहने से स्थानीय लोगों को काफी परेशान होती थी। पूर्व में ही स्थानीय लोगों ने अपनी समस्या से अवगत कराते हुए छठ घाट निर्माण का मांग की थी। विधायक ने कहा परेशानी को संज्ञान में लेते हुए विधायक निधि से छठ घाटों का निर्माण करवाया गया। उन्होंने बताया सोमवार छठ घाट के उदघाटन के दौरान कैरेज कॉलोनी में छठ व्रतियों के बीच साड़ी का वितरण किया गया। वहीं गोविंदपुर के विवेक नगर छठ घाट में स्थानीय लोगों ने हाई मास्ट लाइट लगाने की मांग की थी। जिस पर संज्ञान में लेते हुए वहां पर हाई मास्ट लाइट विधायक निधि से लगवाया गया। छठ पूजा के पहला अर्घ्य के पूर्व उदघाटन किया गया।

वहीं दूसरी ओर विधायक मंगल कालिंदी ने जुगसलाई नगर परिषद क्षेत्र के आरपी पटेल स्कूल परिसर में छठ व्रतियों के बीच पहुंचकर उनके साथ भगवान सूर्य देव को अर्घ्य देकर आस्था के महापर्व छठी मैया की पूजा अर्चना की। मौके पर विधायक ने श्रद्धा पूर्वक व्रतियों के पांव छूते हुए उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। विधायक ने भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर झारखंड वासियों के सुख समृद्धि व मंगलमय जीवन की कामना की। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा छठ पूजा लोक आस्था का महापर्व है। इसमें छठ व्रती अपने साथ-साथ पूरे समाज की भलाई के लिए छठी मैया से प्राथना करती है। इस दौरान पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लेती हैं।

# रांची पुलिस ने जमशेदपुर से किया सुमित नाग को गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घर से एक हथियार और कुछ गोलियां भी बरामद की गयीं**

**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बेली बोधन घाट के पास सौकित उर्फ किट्टू पर चापड़ से हमला कर घायल करने के मामले में पुलिस ने आरोपित सुमित नाग को उसके कदमा स्थित आवास से हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। वह फरार चल रहा था।

पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि वह अपने घर आया हुआ है। इसके बाद पुलिस ने उसके घर पर छापेमारी की और गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके घर से एक हथियार और कुछ गोलियां भी बरामद की गई है। फिलहाल पुलिस थाने में सुमित से पूछताछ कर रही है।

**पुलिस ने अवैध कब्जे पर बुलडोजर चलवा दिया था :** उल्लेखनीय है कि पांच सितंबर को बेली बोधन घाट के पास सौकीत सिंह उर्फ किट्टू पर आरोपितों ने जानलेवा हमला किया था। इस मामले में पूर्व में पुलिस ने आरोपित राजकुमार सिंह, अखिलेश सिंह, अमन मिश्रा, आदित्य झा और सतवीर सिंह को जेल भेज दिया है जबकि लालू सिंह और रोहित सिंह उर्फ गोलू ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए राजकुमार सिंह के कदमा मरीन ड्राइव के पास अवैध कब्जे पर बुलडोजर चलवा दिया था।

## छठ महापर्व : मंत्री ने अपने सौजन्य से बने दो छठ घाटों का किया उद्घाटन, कहा

# गढ़वा के विकास के लिए मेरा सर्वस्व न्योछावर



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** छठ महापर्व के मौके पर गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने विभिन्न छठ घाटों का भ्रमण किया। इस दौरान मंत्री श्री ठाकुर के सौजन्य से शहर के दानरो नदी तट छठ घाट पर जागृति क्लब भगलपुर व जय देवी संघ टंडवा का निर्मित नियंत्रण स्टेज का फीता काटकर मंत्री ने उद्घाटन किया। साथ ही विभिन्न छठ घाटों पर आयोजित गंगा आरती में भाग लिया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा है छठ माता की कृपा से एवं गढ़वा वासियों के आशीर्वाद से उन्हें गढ़वा सहित पूरे राज्य की जनता का सेवा करने का मौका मिला है। जनता की उम्मीद पर वे पुरी तरह खरा उतरने का प्रयास कर रहे हैं। जिस उम्मीद से लोगों ने उन्हें आशीर्वाद दिया उसी तरह उन्होंने भी तीन वर्षों में गढ़वा की तस्वीर बदल दी है। गढ़वा के गांव गांव, हर क्षेत्र में विकास की झलक दिखलाई पड़ रही है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा के विकास के लिए उनका सर्वस्व न्योछावर है। गढ़वा के एक-एक विकास को कार्यों को वे अपनी पुरी क्षमता लगाकर करेंगे। साथ ही गढ़वा सहित पूरे राज्य की जनता को उनके घर तक शुद्ध पेयजल मिलेगा। इस दौरान मंत्री ने जागृति क्लब भगलपुर, जयदेवी संघ टंडवा, स्टूडेंट क्लब, फ्रेंड्स क्लब, टी ग्रुप, छठ सेवा समिति सहिजना, पुलिस लाइन सहित विभिन्न छठ घाटों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने लोगों को छठ की शुभकामनाएं देते हुए छठ माता से गढ़वा के सुख, समृद्धि, खुशहाली एवं विकास की कामना की। मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, प्रवक्ता धीरज दुबे, नवीन तिवारी, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि जागृति क्लब के अध्यक्ष सुनील कुमार, डा. प्रतिमा कुमारी, विधायक प्रतिनिधि चंदन पासवान, संजय चौधरी, प्रमोद कुमार, सोनू कुमार, सुमन साहू, जीतू पहलवान, पिंटू गुप्ता, शिव शंकर कुमार, राहुल गुप्ता, गणेश गुप्ता, अरुण गुरुजी, शिवपूजन गुरुजी, गौरी शंकर, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, मुकेश कुशवाहा, संत गुरुजी, सहित विभिन्न क्लबों के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे।

## छठ के रंग में रंगा मंत्री का आवास, 16 सूप से दिया अर्घ्य

**मंत्री ने की गढ़वा की खुशहाली की कामना**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर भव्य छठ महापर्व का आयोजन किया गया। मंत्री का आवास परिसर पूरी तरह भक्ति के रंग में रंगा रहा। मंत्री श्री ठाकुर की भाभी अमिता ठाकुर ने 16 सूप से भगवान भास्कर को अर्घ्य दीं। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने छठ माता से गढ़वा के विकास, सुख, शांति, खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की।

आवासीय परिसर में कृत्रिम तालाब एवं छठ घाट का निर्माण कर भव्य तरीके से सजावट की गई थी। मंत्री श्री ठाकुर के सभी परिवार व रिश्तेदारों ने गढ़वा में छठ महापर्व में भाग लिया। चुनाव जीतने के बाद से ही मंत्री के सभी परिजन एवं रिश्तेदार छठ के मौके पर गढ़वा में ही आकर छठ व्रत करते हैं। यहां सनातन धर्म एवं भक्ति के प्रति मंत्री एवं उनके परिजनों का बेहतर समर्पण व विश्वास देखने को मिलता है। छठ महापर्व के मौके पर जिले के सभी पदाधिकारियों, प्रबुद्ध जनों, पार्टी के कार्यकर्ताओं आदि सभी को आमंत्रित किया जाता है। काफी संख्या में लोग मंत्री आवास पर पहुंचते हैं। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर के भाई अमरनाथ ठाकुर, रंजीत ठाकुर, विनय ठाकुर, पत्नी चंचल ठाकुर, रोजी ठाकुर सहित उनके बहन, बहनोई सहित सभी परिजन मौजूद थे।

## सात साल की मालिनी ने छठ पूजा करने के लिए रखा 36 घंटे का निर्जला उपवास



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** लगातार 36 घंटे तक निर्जला व्रत रखने की बात ही सुनकर कई लोगों की हिम्मत जवाब दे जाती है। लेकिन, कहते हैं कि दृढ़ संकल्प कर लें, तो कोई भी काम नामुमकिन नहीं है. झारखंड के गढ़वा जिले की सात साल की मालिनी कुमारी को देखेंगे, तो आपको भी इस वाक्य पर यकीन हो जायेगा। आपको यकीन करना होगा कि दूसरी कक्षा में पढ़ने वाली इस बच्ची ने पूरी नियम-निष्ठा के साथ न केवल छठ पूजा की, बल्कि 36 घंटे का निर्जला उपवास भी रखा।

**मालिनी कुमारी की भक्ति की सभी कर रहे तारीफ :** झारखंड के गढ़वा जिले के केतार प्रखंड की इस बच्ची के बारे में जिसने भी सुना, उसने दांतों तले उंगली दबा ली। मालिनी कुमारी की भक्ति-भावना की सभी तारीफ कर रहे हैं। उसकी हिम्मत को लोग सलाम कर रहे हैं। लोगों के मन में सवाल उठना लाजिमी है कि नन्हीं-सी इस बच्ची ने इतना कठिन व्रत क्यों किया? क्या किसी ने उस पर छठ पर व्रत रखने का दबाव बनाया था? क्या उसने अपनी किसी मनोकामना के लिए यह व्रत रखा?

### मालिनी कुमारी ने क्यों रखा छठ का व्रत?

इस सवाल का जवाब खुद मालिनी कुमारी देती है। केतार प्रखंड के लतमरवा ग्राम निवासी रंजीत मेहता की पुत्री मालिनी कुमारी (7) ने बताया कि उसके घर में उसकी मां अनुराधा देवी, पिता रंजीत मेहता, चाची दालेंद्री देवी एवं दादी मीरा देवी को उसने छठ व्रत करते देखा। तैयारी के दौरान उसके मन में भी छठ पूजा करने की इच्छा जगी। उसने तय कर लिया कि वह छठ का व्रत रखेगी। इसके बाद उसने पूजा की तैयारी शुरू कर दी और पूरे विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की।

**छठव्रतियों के साथ रात भर नदी किनारे जागती रही मालिनी :** प्राथमिक विद्यालय लतमरवा में दूसरी कक्षा में पढ़ने वाली मालिनी ने 36 घंटे का निर्जला उपवास प्रारंभ किया और घर के पास ही स्थित लतमरवा पंडा नदी के तट पर डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया। इसके बाद पूरी रात घाट पर ही रही। वह रात भर अन्य छठव्रतियों के साथ जागती रही और सुबह उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर छठ महापर्व के अनुष्ठान को संपन्न किया। छठ व्रत पूर्ण करने के बाद मालिनी कुमारी पूरी तरह स्वस्थ है।

## मेराल में छठ घाटों पर उमड़ा आस्था का सैलाब



**मेराल (आजाद सिपाही)।** उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही सोमवार की सुबह में चार दिवसीय छठ महापर्व संपन्न हो गया। इस दौरान छठ घाटों पर आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। मुख्यालय के प्रमुख छठ घाटों में बाजार टोला शिव मंदिर छठ घाट, नेनुआ मोड़ छठ घाट, हॉस्पिटल चौक सरस्वटिया नदी छठ घाट, स्टेशन रोड तालाब छठघाट, मुडल टोला यूरिया नदी छठ घाट के अलावे गोंदा छठ घाट, अकलवानी सूर्य मंदिर छठ घाट पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के बाद घाट पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने व्रतियों से ठेकुआ का प्रसाद प्राप्त किया। थाना प्रभारी नीतीश कुमार अपने सहयोगी पुलिस अवर निरीक्षक संजय कुमार कुशवाहा एवं सुरजीत चौधरी के साथ बाजार टोला शिव मंदिर छठ घाट पर उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर अपने घर-परिवार तथा थाना क्षेत्र वासियों के सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की।

## बंशीधरनगर में छठ घाटों पर उमड़ी भीड़



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** सूर्योपासना का महापर्व छठ उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य के साथ ही संपन्न हो गया। श्री बंशीधर नगर अनुमंडल मुख्यालय में स्थित सूर्य मंदिर समेत विभिन्न गांवों में स्थित नदी एवं तालाबों में छठ व्रतियों की भारी भीड़ रही। श्री बंशीधर नगर पंचायत अध्यक्ष विजयालक्ष्मी देवी ने सूर्य मंदिर परिसर स्थित छठ घाट पर छठ व्रत कर क्षेत्र में अमन चैन एवं खुशहाली की कामना की। सूर्य मंदिर परिसर स्थित छठ घाट पर श्री बंशीधर सूर्य मंदिर ट्रस्ट, प्रभात क्लब, नव युवक क्लब, जय भामा शाह क्लब एवं फ्रेंड्स रॉक ग्रुप की ओर से साफ सफाई, लाईट एवं साउंड की व्यवस्था की गई थी एवं बड़े ही आकर्षक तरीके से सजाया गया था। छठ व्रतियों को क्लब के साथ-साथ समाजसेवियों ने भी काफी सहयोग प्रदान किया। जय भामा शाह क्लब की ओर से भंडारा का आयोजन किया गया था। भंडारा का शुभारंभ पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव एवं श्री बंशीधर सूर्य मंदिर ट्रस्ट के प्रधान ट्रस्टी राजेश राजेश प्रताप देव ने किया। भंडारा में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा को सफल बनाने में क्लब के संरक्षक भारत भूषण प्रसाद, ओमप्रकाश गुप्ता, कामेश्वर प्रसाद, अध्यक्ष वीरेंद्र अग्रहरि, रजनीकांत मधुर (भोलू), संजीत कुमार छोटू, विकास कुमार शालु, छन्नू अग्रवाल समेत कई लोगों के नाम शामिल हैं। उधर छठ पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर पुलिस काफी सक्रिय रही। एसडीपीओ प्रमोद कुमार केसरी, पुलिस इंस्पेक्टर राजेश कुमार एवं थाना प्रभारी योगेंद्र कुमार लगातार गश्ती कर रहे थे।

## अज्ञात अपराधियों ने स्कूल निदेशक पर चलायी गोली, रांची रेफर

**शुभचिंतकों ने किया एनएच 75 मार्ग जाम, अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिले के बेलचंपा स्थित ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल के निदेशक सह युवा समाजसेवी अमित कुमार सिंह उर्फ बाबुल सिंह को टारगेट करते हुए अपराधियों ने रेहला थाना के समीप उन पर गोलियां दागी। गोलियां अमित सिंह को जख्मी करते हुए आगे निकल गयीं। घायलावस्था में अमित सिंह ने दौड़ते हुए रेहला थाना को इसकी जानकारी दी। तत्पश्चात इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल पहुंचे। वहां से उन्हें रांची रेफर कर दिया गया।

इस संबंध में दूरभाष पर अमित कुमार सिंह ने बताया कि छठ की शाम अर्घ्य दिलाने के बाद वह थाना के सामने कई लोगों के साथ बैठे हुए थे। वहां से वह अपने घर के लिए निकले थे। कोयल नदी के पुल के समीप उनकी गाड़ी थी। गाड़ी तक पहुंचने के क्रम में ही उन्हें कुछ युवकों ने घात लगाकर टारगेट किया। उन्होंने भाग कर अपनी जान बचायी और थाना को इसकी सूचना दी।

फिलवक्त वह रांची में इलाज करा रहे हैं। गोली उनके पेट और हाथ को छिछोरते हुए दूसरी दिशा में निकल गई थी। हालांकि गोली लगने से खून बहुत बहा है। अभी वह स्वास्थ्य परीक्षण करा रहे हैं। डॉक्टरों की सलाह के बाद ही घर वापस लौटेंगे।

इस घटना की जानकारी मिलते ही उनके शुभचिंतकों में रोष का माहौल पैदा हो गया। कुछ लोगों ने बेलचंपा में एनएच 75 को जाम कर इसका पुरजोर विरोध किया एवं अपराधियों को अविलंब पकड़ने की मांग की।

## जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा ने छठ व्रतियों के बीच किया पूजा सामग्री का वितरण



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के द्वारा में आस्था के महापर्व छठ पूजा के शुभ अवसर पर जायंट्स के पूर्व अध्यक्ष मनोज केशरी के प्रतिष्ठान हिंदुस्तान सेनेटरी के पास लगभग 2100 छठ व्रतियों के बीच सुपला का कपड़ा तथा फल का वितरण ग्रुप अध्यक्ष ध्रुव केशरी की अध्यक्षता में किया गया। सदस्यों ने कहा कि जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के द्वारा स्थापना काल से ही छठ पूजा के अवसर पर छठ से संबंधित पूजन सामग्रियों का वितरण किया जाता रहा है। उसी कड़ी में आज सुपला का कपड़ा एवं फल का वितरण किया जा रहा है। इस अवसर पर फाउंडर अध्यक्ष सह जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 8 के अध्यक्ष अलखनाथ पाण्डेय, ग्रुप अध्यक्ष ध्रुव केशरी, फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी, फेडरेशन 8 के सचिव नंद कुमार गुप्ता, फेडरेशन पदाधिकारी मनोज केशरी, यूनिट 2 के यूनिट डायरेक्टर मनोज केशरी, प्रशासनिक निदेशक मोजीबुद्दीन खां, उपाध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता, वित्त निदेशक अशोक केशरी, दीपक तिवारी, मंदीप प्रसाद, अवधेश प्रसाद कुशवाहा, रविंद्र केशरी, अशोक केशरी, आनंद कुमार सिन्हा, मुकेश सिन्हा आदि उपस्थित थे।

## जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति ने की गोलीबारी की निंदा

**बैठक कर अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के वरिष्ठ सदस्य सह ज्ञान निकेतन स्कूल बेलचम्पा के निदेशक अमित सिंह उर्फ बाबुल सिंह पर छठ की रात हुई गोलीबारी का जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति कड़ी निंदा की और पुलिस से अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग किया। आज समिति के अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय की अगुवाई में समिति के सदस्यों ने बाबुल सिंह के पिता उमेश सिंह से उनके आवास पर मुलाकात कर हालचाल जाना। फिलहाल अमित सिंह खतरे से बाहर हैं और रांची में इलाज करा रहे हैं। समिति के सदस्यों ने उन्हें जल्द स्वस्थ होकर लौटने की कामना की है। गोलीबारी की घटना से जिला पब्लिक स्कूल समिति के सभी सदस्य काफी दुखी हैं।

अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय ने कहा कि रेहला थाना के सामने यह घटना घटी है। इससे पता चलता है कि अपराधियों के हौसले कितने बुलंद हैं। आने वाले दिन को लेकर लोग चिंतित हैं। इसलिए समिति यह मांग करती है कि अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी हो। गोलीबारी करने के पीछे उनका क्या इरादा था इसका जल्दी खुलासा हो। मौके पर समिति के उपाध्यक्ष सुशील कुमार केशरी, सचिव एमपी केशरी, कोषाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, संयुक्त सचिव संजय सोनी, चंद्रभूषण सिन्हा, कमलेश दुबे, महेंद्र विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

## घर में फंदे से झूलते मिला किशोरी का शव हत्या की आशंका

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला मेराल थाना क्षेत्र के कजराठ गांव निवासी रमेश चौधरी की पुत्री गुड्डी कुमारी 14 वर्ष की संदेहास्पद परिस्थिति में मौत हो गई। उसका शव घर में ही ओढ़नी के फंदे से झूलता हुआ पाया गया। घटना रविवार की रात की है। मृतका के स्वजनों के अनुसार रविवार की रात में घर के सभी लोग छठ घाट पर गए थे। जबकि गुड्डी कुमारी घर में अकेली थी। रात करीब नौ बजे गुड्डी के पिता रमेश चौधरी घर पहुंचे तो गुड्डी को ओढ़नी के फंदे से झूलता हुआ पाया। उन्होंने परिवार वालों को तत्काल इसकी सूचना दी। इसके बाद परिवार के लोग छठ घाट से घर पहुंचे और शव को फंदे से उतारा गया। लोगों ने इसकी सूचना मेराल पुलिस को दी। मृतका के स्वजनों ने गुड्डी कुमारी की हत्या किये जाने की आशंका जतायी है।

## मेराल थाना पुलिस ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा की ली शपथ



**मेराल (आजाद सिपाही)।** देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर सोमवार को पूरे देश में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इसी क्रम में मेराल थाना परिसर में शपथ समारोह आयोजित कर थाना प्रभारी नीतीश कुमार के द्वारा पुलिस पदाधिकारीयों एवं कर्मियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता व सुरक्षा की शपथ दिलायी गई।

## छठ महापर्व : झामुमो रंका प्रखंड अध्यक्ष ने किया पूजा कमेटियों का आर्थिक सहयोग

# मंत्री के सौजन्य से झामुमो रंका प्रखंड कमेटी ने छठव्रतियों के बीच फल वितरित किया

**थाना प्रभारी की अगुवाई में छठव्रतियों के बीच किया पूजा सामग्री का वितरण**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** सूर्य उपासना एवं लोक आस्था का पावन पर्व छठ बड़े ही हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया। छठ व्रतियों के बीच समाजसेवियों एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा पूजन सामग्री एवं प्रसाद फलाहार आदि का सहयोग प्रदान कर छठ पर्व करने हेतु प्रेरित किया गया।

छठ के अवसर पर गढ़वा विधायक सह मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के सौजन्य से झामुमो रंका प्रखंड कमेटी के द्वारा रंका नदी पुल के पास सटॉल लगाकर प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता के नेतृत्व में फल का वितरण किया गया। विश्रामपुर पंचायत मुखिया प्रतिनिधि छोटू सिंह के नेतृत्व में पंचायत अन्तर्गत छठ पूजा कमेटी को सहयोग राशि प्रदान की गयी। रंका राजनंदिनी ग्रुप के द्वारा सूर्य भगवान की मूर्ति स्थापित कर पूजा अर्चना की गयी। इसके लिए यहां मंत्री के द्वारा 5100 रुपए, थाना मोड़ गिदियाही नदी छठ घाट पूजा समिति को 2100 रुपये, चौधरी मुहल्ला छठ घाट पूजा समिति को 2100 रुपए, सोनार मुहल्ला छठ घाट पूजा समिति को 2100 रुपये प्रदान किये गये। रंका के सिंगाकला लोहवा पुल नदी सूर्योदय छठ पूजा कमेटी के द्वारा भक्ति जागरण कार्यक्रम आयोजित किया गया एवं सूर्य भगवान की पूजा मूर्ति स्थापित कर की गयी। इसके लिए मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के सौजन्य से झामुमो रंका प्रखंड कमेटी के द्वारा 30 हजार रुपये की सहयोग राशि प्रदान की गयी। छठ पूजा के अवसर पर रबदा- कंचनपुर एवं दूधवल पंचायत के ग्राम जून एवं हेताड़कला में छठ पूजा के अवसर पर भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। चुटिया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि शंभू गुप्ता के नेतृत्व में मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के सौजन्य से फल व पूजा सामग्री का वितरण किया गया।

सबसे सराहनीय बात यह है कि रंका थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय की अगुआई में छठ व्रतियों के बीच स्टॉल लगाकर फलाहार सामग्री का वितरण कर हौसला बढ़ाया गया।

इस अवसर पर झामुमो रंका प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, बीस सूत्री अध्यक्ष अहमद अली अंसारी, उपाध्यक्ष कार्तिक पांडेय, प्रखंड प्रमुख हेमंत लकड़ा, दक्षिणी जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि रतन सिंह, उतरी जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि राहुल तिवारी, देवेंद्र नाथ तिवारी, रंका मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार मद्धेशिया, युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, राजकू रवि, लवली उरांव, उपाध्यक्ष अरविंद सोनी, संतोष कुमार रवि, श्याम सुंदर यादव, समाजसेवी श्याम सुंदर प्रसाद, सचिव इरफान अंसारी, जिला अल्पसंख्यक मोर्चा के आफताब आलम, नौशाद राय, उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, सचिव सह खरडीहा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि पप्पू यादव, संजय सिन्हा, बलराम यादव, समाजसेवी अमरेंद्र कुमार, रणजीत कुमार सौडिक सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## संदेहास्पद स्थिति में युवक की मौत

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के अग्रवाल मोहल्ला में संदेहास्पद स्थिति में एक युवक की मौत हो गई। घटना रविवार देर रात की है। मृतक संजय चौधरी 35 वर्ष पिता राजेंद्र चौधरी बिहार राज्य के गया जिले के मैगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत चांहो गांव का रहनेवाला था। वह गढ़वा शहर के नगवां में रहकर मेन रोड स्थित जवाहर भोजनालय में 17 वर्षो से काम करता था। स्वजनों के अनुसार संजय चौधरी अपनी पत्नी व बच्चों के साथ नगवां मोहल्ला स्थित सूर्या क्लब छठ घाट पर गया था। इस दौरान अग्रवाल मोहल्ला की गली से होकर गुजरने के दौरान किसी मकान के छत से उसके सिर पर एक ईंट गिर गई। इलाज के लिए सदर अस्पताल लाने पर मौत हो चुकी थी।

## एक ही रात दो पुलिस जवान सहित पांच घरों में चोरी

**मझिआंव (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के दवनकरा गांव के झनझनवां टोला पर रविवार छठ पूजा की बीती रात्रि में चोरों ने दो पुलिस जवान सहित पांच घरों में ताला तोड़कर चोरी कर ली। जानकारी के अनुसार बीती रात्रि घर के सभी परिजन छठ घाट पर पूजा में व्यस्त थे। इसी में घर सुनसान होने के कारण चोर बड़े आराम से लाखों रुपये के जेवरात, नकद रुपये, बर्तन, कपड़ा सहित पांच घरों में चोरी कर फरार हो गए। परिजनों ने बताया कि रात्रि में छठ पर्व को लेकर छठ घाट पर थे। छठ घाट से सोमवार को अहले सुबह घर आने के बाद देखा कि घर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था और घर के समान बिखरे पड़े थे। जिसके बाद चोरी की आशंका होने पर मझिआंव थाना को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंचे मझिआंव थाना के एएसआई आलोक कुमार चोरी की घटना की काफी गहनता से जांच में जुट गए। इधर भुक्तभोगी प्रदीप पाल ने बताया एक बक्सा सहित 30 हजार नगद, सोने की एक लॉकेट, पांच थान सोना का गहना की चोरी हो गयी है। वहीं उमेश पाल के घर से 12 हजार रु. नकद, दो थान चांदी के गहना, साड़ी, एलआईसी का पेपर पासबुक, वहीं मलु पासवान के घर से बक्सा तोड़ कर 20 हजार रु. नकद की चोरी हो गयी है। मलु पासवान ने बताया कि इस पैसे से बड़े लड़का दिलीप पासवान का टीबी की बीमारी का इलाज कराना था, जो चोरों ने चोरी कर ली है। बताया कि इलाज के लिए रांची जाना था। लेकिन पैसे की चोरी हो जाने से अब नहीं जा पाएंगे। वहीं झारखण्ड पुलिस में कार्यरत शोभनाथ पासवान की मां सनझिरिया देवी ने बताया कि घर में रखे बक्सा एवं गोदरेज तोड़ कर पांच थान सोना की जेवरात एवं चार थान चांदी के जेवरात, बर्तन, साड़ी एवं तीन हजार रु. नकद की चोरी कर ली गयी है। बताया कि घर में हमारे साथ एक मात्र वृद्ध पति रहते हैं। वहीं सरयू पासवान ने बताया कि चोरों ने घर में रखे बक्सा एवं गोदरेज तोड़ कर तीन थान चांदी का जेवरात, एक थान सोना की जेवरात, साड़ी, बर्तन, पांच हजार रु. नकद एवं एटीएम रार्ड की चोरी कर ली गयी है। बताया कि मेरा लड़का सीआइ एसएफ का जवान है।

## सरदार पटेल की जयंती पर भरनो व करंज पुलिस ने एकता रैली निकाली



**भरनो (आजाद सिपाही)।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर भरनो और करंज पुलिस के द्वारा एकता रैली निकाली गई। बीडीओ तेज कुमार हस्सा, थाना प्रभारी कृष्ण कुमार तिवारी और करंज थाना प्रभारी आशीष भारती के नेतृत्व में एकता रैली निकली गई। हाथ में तिरंगा झंडा लेकर राष्ट्रीय एकता जिंदाबाद, सरदार बल्लभ भाई पटेल अमर रहें, भारत माता की जय का नारा लगाते हुए विभन्न चौक चौराहों का भ्रमण कर रैली पुनः थाना लौट गयी। जहां भरनो थाना प्रभारी कृष्ण कुमार तिवारी और करंज थाना प्रभारी आशीष भारती द्वारा अपने अपने पुलिस बल के जवानों को राष्ट्रीय एकता और अखंडता की शपथ दिलवायी। मौके पर सहरु उरांव, राजू गुप्ता, शिवम गुप्ता, फागु उरांव, मिचराय पांड्या, नबी फराश, साबिर फराश, शिवकुमार यादव समेत दोनों थाना के पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर बसिया थाना परिसर में खिलाड़ियों के बीच फुटबाल व जर्सी का वितरण



**बसिया (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर सोमवार को बसिया थाना परिसर में सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर एसडीपीओ विकास आनंद लागुरी के नेतृत्व में थाना परिसर में एकता दिवस के अवसर पर सभी पुलिसकर्मी एवं ग्रामीणों ने राष्ट्र की एकता अखंडता व प्रभुता को बनाये रखने की शपथ ली। साथ ही ग्रामीणों के साथ रैली निकालकर राष्ट्र की एकता का परिचय दिया। एकता दिवस के अवसर पर पुलिस और पब्लिक के बीच दूरी कम करने ओर सामाजिक दायित्व के तहत थाना प्रभारी छोटू उरांव ने बालक फुटबॉल टीम को फुटबॉल ओर जर्सी एवं बालिका फुटबॉल टीम को फुटबॉल दिया। मौके पर मुख्य रूप से थानेदार छोटू उरांव, एसआई मंटू कुमार, भानु कुमार भारती, एएसआई बिनोद टोप्पो, परवेज आलम, चालक विनोद शर्मा सहित कई गण्यमान्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## बिशुनपुर थाना पुलिस ने ली राष्ट्र की एकता, अखंडता व प्रभुता को बनाये रखने की शपथ




**बिशनपुर (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर बिशनपुर थाना परिसर में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर थाना प्रभारी सदानंद सिंह एवं सभी पुलिसकर्मियों ने राष्ट्र की एकता अखंडता वा प्रभुता को बनाए रखने की शपथ ली। उसके उपरांत थाना प्रभारी के नेतृत्व में एकता रैली निकाली गई जहां पुलिस पब्लिक एक साथ रैली भाग लिया। इस मौके पर थाना प्रभारी सदानंद सिंह ने कहा कि पुलिस और पब्लिक दोनों एक दूसरे के पूरक है। पब्लिक जब तक पुलिस की मदद नहीं करेगी क्षेत्र में अमन चैन कायम नहीं हो सकता है। इस मौके पर एसआई वीरू कुमार, दशरथ कुमार , सुरेंद्र कुमार, सहित कई पुलिसकर्मी मौजूद थे।

## 15 नवम्बर झारखंड स्थापना दिवस पर कामडारा में फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन : मिशन बदलाव

**गुमला (आजाद सिपाही)।** मिशन बदलाव कामडारा के प्रखंड अध्यक्ष मारवाड़ी विरहोर ने मिशन बदलाव व कामडारा टीम के साथ प्रखंड कार्यालय में बैठक की। मारवाड़ी विरहोर ने बताया कि मिशन बादलाव कामडारा टीम के द्वारा एकदिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन मिशन चौक मैदान में किया जा रहा है। कामडारा प्रखंड के सभी पंचायत से एक एक टीम भाग लेगी। फाइनल के तौर पर विजेता को 10,000 एवं उपविजेता को 5000 दिया जाएगा। सभी पंचायत की टीमों को एक0एक जरसी भी दिया जायेगा। प्रखंड संयोजक रामबालक बड़ाईक ने बताया कि एक टीम का खेल 15-15 मिनट का होगा। सभी खिलाड़ियों को खाने का भी व्यवस्था की गयी है एवं कुछ बाहरी कोच को बुलाया जायेगा जो टीम के प्रतिभावान खिलाड़ी का चयन कर खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने में भी मदद करेंगे। प्रखंड कार्यालय में बैठक के दौरान खेल कमेटी का गठन किया गया। जो खेल का सफलतापूर्वक आयोजन करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी। बैठक में मिशन बदलाव के कामडारा प्रखंड सचिब जॉन टोपनो, जेम्श होरो, नमन टोपनो, सिलबनुस होरो, आशीष सिंह, सिकनदर सिंह, सुमित्रा कुमारी, चन्किया बरला एवं मुकन्द राम, विमल होरो, बीरेंद्र सुरीन, चम्पा कोनगड़ी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## उमरा कर के लौटे जायरीनों का हुआ भव्य स्वागत



**गुमला (आजाद सिपाही)।** थाना रोड स्थित सगीरा मंजिल में हज उमरा करके लौटे पांच लोगों का किया गया स्वागत। गुमला थाना रोड निवासी नेशनल खिलाड़ी सैयद जुन्नू रैन के छोटे भाई सैयद आले हसन, उनकी पत्नी सैयद रकसनदा उर्फ रकसी नाज, बेटी सैयद शादियां सिबतैन, सैयद सामिया सिबतैन और सैयद साइजा सिबतैन का मक्का मदीना से हज उमरा से लौटने पर फूल माला से स्वगत किया गया। ये पांच लोग 18 दिनों के उपरांत गुमला पहुंचे। इस पर परिवार के साथ-साथ विभिन्न समाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने इन लोगों का शानदार भव्य तरीके से मुंह मीठा कराकर किया। इस मौके पर सय्यद जुन्नू रेन बताया कि हमारे छोटे भाई और परिवार के लोग पाक सरजमीन जहां लोग बहुत ही अकीदत और श्रद्धा से जाकर हज उमरा करते हैं और अपने पालनहार अल्लाह के दरबार में और रसूल पाक सल्लल्लाहो ताला अलेही वसल्लम के मजार पर जाकर सलातो सलाम का नजराना पेश करते हैं और अमन और सलामती के लिए सारे इंसानों के लिए और अपने लिए भी दुआ करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे परिवार के लोग बहुत ही अच्छे से हज उमरा करके घर लौट आये हैं हम सब बहुत खुश हैं और साथ ही साथ जिन लोगों ने हमारे घर आकर हज उमरा से लौटे लोगों का स्वागत किया उसके लिए सभी लोगों का आभार प्रकट करते हैं। इस मौके पर हमदर्द पंचायत के सदर मोहम्मद करीम उर्फ कल्लू जमीयत ए इस्लाहुल एराकीन के अध्यक्ष अफसर आलम, पूर्व अंजुमन के सचिव शहजाद अनवर, सैयद मोहम्मद शाहिद, सरफराज कुरैशी, मास्टर अताउल्लाह अंसारी, डॉक्टर एएच खान, मास्टर सरवर आलम, मास्टर हाफिजुर रहमान, माइसा रैन, सैयद आरीब आबेदीन, सैयद असर आबेदीन, सैयद कुरूतूल ऐन, व अन्य लोग उपस्थित थे।

**कार्यक्रम :** कार्तिक बाबा की पुण्यतिथि कार्यक्रम में विधायक चमरा लिंडा ने कहा

# समाजिक कुरीतियों को दूर करने से ही होगा सरना समुदाय का विकास

### आदिवासी समुदाय शत प्रतिशत शिक्षा ग्रहण कर जागरूक बने : जिगा मुंडा

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**गुमला।** सरना समुदाय से कुरीतियों को हटाने के लिए हम लगातार संघर्ष कर रहे हैं और जब तक कुरीतियां सरना समुदाय को घेरे हुए हैं तब तक सरना समुदाय का विकास नहीं हो सकता। उक्त बातें झारखंड मुक्ति मोर्चा के बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक चमरा लिंडा ने कही। वे कार्तिक उरंव महाविद्यालय के समीप कार्तिक बाबा की पुण्यतिथि पर सरना समुदाय को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक चमरा लिंडा और विधायक जिगा मुंडा शामिल हुए। लोगों को संबोधित करते हुए श्री लिंडा ने कहा कि कुछ सोशियोलॉजिस्ट का कहना है कि आदिवासी धर्म और संस्कृति विशेषकर सरना धर्म की संस्कृति नष्ट हो जाएगी। लेकिन हम अपने लोगों को इतना जागरूक करेंगे कि सोशियोलॉजिस्ट की यह भविष्यवाणी खुद ब खुद गलत साबित हो जाएगी। उन्होंने कहा कि कार्तिक उरांव के सपनों को साकार करने के लिए आदिवासी धर्म समुदाय में जो कुरीतियां आ गई हैं उन कुरीतियों को दूर करना होगा। क्योंकि कोई भी धर्म अच्छाई सिखाता है और शैतान अधर्मी लोगों के साथ होता है। सरना धर्म समुदाय में भी हम नशा पान पर प्रतिबंध लगाना चाहते हैं। शिक्षा की ओर आदिवासियों को अग्रसारित करना चाहते हैं। साथ ही हर धर्म समुदाय से मिलकर एक समाज का निर्माण करने के लिए हम आदिवासियों को प्रेरित करते हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आदिवासी समुदाय दुनिया के सभ्य समुदायों में से एक समुदाय कहलायेगा। उन्होंने कहा कि सरना धर्म के वैसे लोग जो जागृत हैं उन्हें अपने आसपास के सरना धर्मावलंबियों को जागृत करने का प्रयास करना चाहिए। क्योंकि कोई भी अच्छा काम मिलजुल कर करने से ठीक होता है।

वहीं सिसई विधानसभा क्षेत्र के विधायक जिग्गा मुंडा ने कहा कि जिस समुदाय में शिक्षा आ जाती है वह समुदाय अपनी कुरीतियों को छोड़ता रहता है। उसी प्रकार हम यह चाहेंगे कि आदिवासी समुदाय में भी शत प्रतिशत शिक्षा हो, ताकि यह समुदाय भी जागरूक बने। उन्होंने कहा कि आदिवासियों को आरक्षण मिला है अज्ञानता के कारण उसका भरपूर लाभ अभी भी आदिवासी नहीं उठा पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार से लेकर सामाजिक स्तर तक आदिवासियों की उन्नति के लिए हम लड़ने और संघर्ष करने के लिए तैयार हैं। इन दोनों विधायकों का इस कार्यक्रम में जोरदार स्वागत किया गया। विधायकों ने अपने बलिदानी पूर्वजों के चित्रों में पुष्प अर्पण भी किया। साथ ही सरना झंडे की पूजा अर्चना की। उक्त कार्यक्रम में काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# छठ महापर्व सिखाता है जो डूबता है उसका उदय भी निश्चित है : गौतम कुमार

### छठ पर्व के मौके पर सीओ ने दिव्यांग बच्चों के बीच किया बिस्कुट व फल का वितरण

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चैनपुर।** दुनिया कहती है जिसका उदय हुआ है उसका डूबना निश्चित है, लेकिन छठ महापर्व सिखाता है जो डूबता है उसका उदय भी निश्चित है। चैनपुर अंचलाधिकारी गौतम कुमार ने बरवे नगर पंचायत के दिव्यांग बच्चों के साथ सूर्योपासना और लोक आस्था के पावन महापर्व छठ मनाते हुए उक्त बातें कही। उन्होंने दिव्यांग बच्चों के बीच जाकर पर्व मनाते हुए बिस्किट और फल का भी वितरण किया। आगे उन्होंने कहा कि शारीरिक रूप से दिव्यांग ना जाने कितने लोग आज अपने अपने क्षेत्रों में अगर कामयाब हैं तो इसके पीछे उनके माता पिता और परिवार वालों की मेहनत व कोशिशें हैं। उन्होंने उनमें आत्मविश्वास भरा जीवन के प्रति उनकी सोच को सकारात्मक बनाये रखा। यह सच है कि दिव्यांग बच्चे को पालना कोई बच्चों का खेल नहीं है। जन्म से लेकर युवावस्था तक माता-पिता अपने बच्चों की देखरेख में जरा भी कसर बाकी नहीं रखते। बच्चे तो गीली मिट्टी के समान होते हैं। माता पिता जैसा आकार दें वैसा ही ढल जाते हैं। इस परिस्थिति में यदि माता-पिता जरा सा भी लापरवाही दिखाते हैं तो बच्चे पर बुरा असर पड़ सकता है और वह खुद को समाज के अन्य बच्चों की तुलना में हीन समझने लगते हैं। इसलिए ऐसे बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास माता-पिता को बचपन से ही करना चाहिए। बच्चे को किसी के ऊपर निर्भर रहने का आदि बनाने के बजाय उसको अपने काम खुद करने की आदत डलवानी चाहिए।

## सिसई में चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार

**सिसई (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। जेल जाने वालों में लोहरदगा थाना क्षेत्र के बमनडीह करमटोली निवासी शशि टाना भगत (19) व कैमो पतराटोली निवासी सुरेन्द्र उरांव (19) शामिल हैं। इस बावत थाना प्रभारी आदित्य कुमार चौधरी ने बताया कि बीते सितंबर में रेड़वा निवासी ओमप्रकाश कुमार ने अपने बाइक की चोरी डाड़हा गांव से होने को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। छानबीन के दौरान लोहरदगा थाना क्षेत्र के शशि टाना भगत के द्वारा बाइक चोरी करने की जानकारी मिली। जिसके बाद शशि व सुरेन्द्र को उनके घर से चोरी के पल्सर बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया और दोनों को रविवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## सड़क दुर्घटना में अज्ञात वाहन की धक्के से युवक की मौत

**सिसई (आजाद सिपाही)।** अज्ञात वाहन की चपेट में आने से सड़क दुर्घटना में नागफेनी गांव निवासी दुती उरांव का पुत्र गजेन्द्र उरांव (25) की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार नागफेनी स्थित कृष्णा होटल के समीप शनिवार रात एक अज्ञात वाहन ने गजेन्द्र को टक्कर मार दी, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से गजेन्द्र को रेफरल अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया, रविवार को सिसई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर भेज दिया।

# थाना प्रभारी ने दिलायी एकता एवं अखंडता की शपथ

### चैनपुर थाना परिसर में सरदार पटेल की जयंती एकता दिवस के रूप में मनायी गयी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चैनपुर।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनायी गयी। इस अवसर पर सोमवार को चैनपुर थाना परिसर में पुलिस अवर निरीक्षक बैजू उरांव एवं थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में एकता एएसआई रंजन कुमार झा ने थाना के जवानों सहित चैनपुर के युवाओं को एकता एवं अखंडता की शपथ दिलाई। शपथ के बाद पुलिस और ग्रामीणों का एक समूह बनाकर पथ संचलन किया गया जिसमें थाना के जवानों के साथ चैनपुर के युवाओं ने भी भाग लिया। जिस पर सभी एक साथ भारत माता की जय, राष्ट्रीय एकता जिंदाबाद, सरदार बल्लभ भाई पटेल अमर रहे का नारा लगाया गया।

मौके पर मुख्य रूप से चैनपुर महिला थाना प्रभारी प्रियंका तिर्की, संतोष केसरी मनोज कुमार, नीरज मौर्य, शिवम केसरी, राहुल नंद, निखिल कुमार, बिक्रम कुमार के साथ काफी संख्या में युवा मौजूद थे।

**कार्यक्रम :** कांग्रेसियों ने इंदिरा गांधी का शहादत दिवस पटेल की जयंती मनायी, कहा

# इंदिरा गांधी को पूरा विश्व आयरन लेडी के नाम से जानता है

### सरदार पटेल पटेल ने देश की एकता, अखण्डता को बनाये रखने का काम हमेशा से किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** जिला कांग्रेस कमेटी गुमला के वरीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी के आवास में आयरन लेडी इंदिरा गांधी का शहादत दिवस व लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। इन दोनों महापुरुषों के जीवन पर प्रकाश डालते हुए रमेश चीनी ने कहा कि देश की प्रथम महिला इंदिरा गांधी ने राष्ट्र हित में बहुत से काम किये और देश को एक मजबूत व सशक्त राष्ट्र बनाया। जिसका उदाहरण है कि पाकिस्तान के टुकड़े कर बांग्लादेश जैसे देश की उत्पति किया। आज पूरा विश्व उनको आयरन लेडी के नाम से जानता है। उन्होंने अपने जीवनकाल में शिक्षा को काफी महत्व दिया और बड़े बड़े शिक्षण संस्थान से शिक्षा हासिल किये। विश्व भर के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय से इनको डॉक्टरेट की उपाधि से नवाजा गया।

उन्होंने कहा कि सरदार पटेल देश को देश लौह पुरुष के नाम से याद करता है। सरदार पटेल पटेल ने देश की एकता, अखण्डता को बनाये रखने का काम हमेशा से किया है। स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका अहम थी। उनका जीवन संघर्ष के लिए जाना जाता है।

मौके पर अकील रहमान, हेमावती देवी, हिमेश कुमार, अमृता भगत, कलावती देवी, संध्या देवी, रामनिवास प्रसाद, सुनील कुमार थे।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## कामडारा प्रखंड में अर्घ्य के लिए छठ घाटों में उमड़ी व्रतियों व श्रद्धालुओं की भीड़



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा छठ पूजा को लेकर तालाब को काफी आकर्षक तरीके से सजाया गया था। अस्ताचलगामी और उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के लिए कामडारा का बड़ा तालाब के चारों ओर व पोखरा स्थित बरदा नाला के समीप जन सैलाब उमड़ पड़ा। छठव्रती कल पानी में प्रवेश कर अस्ताचलगामी सूर्य की आराधना में लगे रहे और फिर अर्घ्य दिया। सोमवार को उदीयमान सूर्य को व्रतियों और श्रद्धालुओं ने अर्घ्य अर्पित किया। छठ घाट में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी कौशलेंद्र कुमार दल बल के साथ अलर्ट रहे। उसके अलावे दुर्गा पूजा समिति व बजरंग दल के सदस्यों का योगदान सराहनीय रहा। छठ पर्व पर कामडारा व पोकला में खास उत्साह का माहौल देखा गया।

## छठव्रतियों के बीच दुर्गा पूजा समिति सदस्यों ने पूजा सामग्रियों का किया वितरण



**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के बसिया, कोनबीर, मोरेंग, ससिया, नारेकेला, कुम्हारी, रामजड़ी समेत पूरे प्रखंड क्षेत्र में नदियों एवं तालाब किनारों पर अर्घ्य देकर पावन छठ महापर्व धूमधाम से मनाया गया। रविवार शाम को डूबते और सोमवार को सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ छठ महापर्व का समापन हुआ। जिला परिषद सदस्य बसंती डुंगडुंग द्वारा मोरेंग जाकर उगते सूर्य को अर्घ्य दिया गया। साथ ही मोरेंग और ससिया गांव के सभी छठव्रतियों से मिलकर उन्हें छठ की शुभकामनायें दी गयीं। एसडीपीओ विकास आनंद लागुरी और थाना प्रभारी छोटू उरांव के नेतृत्व में पुलिस लगभग सभी छठ घाट पर मुस्तैद रही। बसिया दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों पंकज सिंह, सुशील कुमार होता, राजकुमार गुप्ता, अमित तिवारी, टिंकू कुमार समेत अन्य सदस्यों का श्रद्धालुओं के लिए अस्थायी पुल निर्माण करने के साथ ही उनके बीच चाय, दूध, प्रसाद आदि का वितरण किया गया। पंकज सिंह द्वारा छठव्रतियों के बीच फल का वितरण भी कराया गया।

## चैनपुर अनुमंडल में अर्घ्य देने के लिए छठ घाटों पर पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा चैनपुर अनुमंडल में उत्साह के साथ मनाया गया। सोमवार को आस्था का महापर्व छठ पूजा उगते सूर्य को अर्घ्य देकर संपन्न हो गया। भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के लिए चैनपुर मुख्यालय के सफी नदी घाट पर सुबह से ही लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। इसके पहले रविवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के लिए आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा था। चैनपुर बीडीओ डॉ शिशिर कुमार सिंह, सीओ गौतम कुमार, थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह, रजंन कुमार झा, मदन शर्मा ने भी छठ व्रतियों के साथ उगते सूर्य को अर्घ्य दिया। छोटा नागपुरिया तेली उत्थान समाज के द्वारा कुरूमगढ़ रोड से छठ घाट तक लाइट की व्यवस्था की गई थी। टेंट व साउंड की व्यवस्था के साथ जगह-जगह तोरण द्वार भी बनाए गए थे। चैनपुर पुलिस द्वारा सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की गई थी। मौके पर चैनपुर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह दलबल के साथ छठ घाट पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते नजर आये। चैनपुर पुलिस के द्वारा छठ घाट पर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया था।

## बिशुनपुर में छठ घाटों पर अर्घ्य देने के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही सोमवार सुबह मुख्यालय स्थित शिवालय छठ घाट में चार दिवसीय छठ महापर्व संपन्न हो गया। इस दौरान छठ घाटों पर आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। प्रखंड के प्रमुख छठ घाटों के साथ ही तुमसे कोयल, बड़का दोहर कोयल, बनारी कोयल, जोरी नदी, हेसराग नदी किनारे छठ पूजा करने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस अवसर पर संबंधित छठ पूजा समितियों के द्वारा घाटों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। विधि व्यवस्था को लेकर प्रखंड सह पुलिस प्रशासन सहित समिति के कार्यकर्ता भी सक्रिय रहे। इस अवसर पर मुख्यालय स्थित छठ घाट में मुख्य रूप से महेंद्र भगत भिखारी भगत, केदार साहू, ओम सिंह, देवेंद्र सिंह, रिंकू गिरी, रामदास यादव, जगत ठाकुर, उदय प्रसाद, अनिल सिंह, मजिस्ट्रेट के रूप में राकेश कुमार, एसआई बिरुदेव कुमार, दशरथ दास, तिवारी जी सहित कई श्रद्धालु उपस्थित थे।

## भरना में छठ महापर्व हर्षोल्लास व भक्तिमय माहौल में संपन्न



**भरनो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्रों में छठ महापर्व का त्यौहार हर्षोल्लास न भक्तिमय माहौल में संपन्न हो गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी छठ पूजा धूमधाम से प्रखंड के भरनो बस्ती स्थित छठ तालाब घाट एवं अन्य नदी घाटों, जलाशयों, तालाबों में तथा लोगों ने अपने घरों में भी भगवान भगवान भवन भास्कर की पूजा-अर्चना की और अस्ताचलगामी सूर्य तथा उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर अपनी मनोकामना पूर्ण होने की कामना की।

# उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ छठ महापर्व संपन्न, गंगा आरती रहा आकर्षण

## छठ महापर्व पर विश्रामपुर और रेहला में हुआ भक्ति जागरण, झूमे श्रोता



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पूरे पलामू क्षेत्र में लोक आस्था का महापर्व छठ उगते हुये भगवान सूर्य के अर्घ्य देने के साथ सोमवार को संपन्न हो गया। चार दिनों तक चले इस महापर्व से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया था। रविवार की शाम को क्षेत्र के सभी छठ घाटों पर गंगा आरती का आयोजन किया गया। रेहला कोयल छठ घाट के गंगा आरती में सैकड़ों लोग शामिल हुये। विश्रामपुर के शिव छठ घाट और राजघाट पर भी गंगा आरती हुई। सभी घाटों पर आयोजित गंगा आरती श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। इधर इस अवसर पर विश्रामपुर व रेहला में भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। भक्ति जागरण में गायकों के देवी गीतों पर सारी रात श्रोता झूमते रहे। विश्रामपुर शिव घाट व राज घाट पर छठ पूजा समिति ने भक्ति जागरण का आयोजन किया। शिव घाट व राज घाट पर आयोजित भक्ति जागरण का उद्घाटन भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह विधायक पुत्र डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने बतौर मुख्य अतिथि फीता काट कर किया। कार्यक्रम के दौरान शिव घाट पूजा कमेटी ने अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में मुन्ना चंद्रवंशी,विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, सामाजिक सेवा समिति अध्यक्ष संजय पांडेय,प्रेम शंकर दुबे, बड़कू सिंह, विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, राजन पांडेय, बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम, थाना प्रभारी शशि रंजन, नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम, विजय कुमार रवि, एनके तिवारी, एसएम एस्ले, रवींद्र नाथ उपाध्याय, मुंशी प्रसाद गुप्ता, लक्ष्मण साव, बिहारी लाल गुप्ता, ललन सोनी, गोपाल सोनी का नाम प्रमुख है। इधर रेहला कोयल छठ घाट पर आयोजित भक्ति जागरण का उद्घाटन मंत्री मिथलेश ठाकुर, दिनेश सिंह, डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, अजीत तिवारी,अमृत शुक्ला,ब्रहदेव प्रसाद आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

### नगर निगम की महापौर ने खुद छठ घाटों की सफाई का संभाली थी कमान



मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। छठ महा पर्व के अवसर पर महापौर अरुणा शंकर ने जहां एक ओर छठ घाटों पर सफाई की कमान संभालती नजर आ रही थी वही दूसरी ओर निगम के हर घाटों पर जाकर छठ व्रतियों से मिलकर आशीर्वाद लेते नजर आई। इस अवसर पर कई सामाजिक संस्थानों ने महापौर अरुणा शंकर को उनके कार्य शैली को देखते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी घाटो की विशेष साफ-सफाई को देख हर जगह महापौर अरुणा शंकर की भूरी भूरी प्रशंसा छठ करने दूसरे शहरों से आये अतिथियों ने भी किया। स्थानीय लोगों ने बताया चैनपुर, शाहपुर, डाल्टनगंज, कचरवा, पंपू कल के कई घाटों में महापौर ने छठ व्रतियों को असुविधा ना हो इसके लिए गत 10 दिनों से अपने निजी खर्च कर कई जगहों पर जेसीबी, डस्ट, मोरम, स्ट्रीट लाइट, ब्लीचिंग के छिड़काव के साथ सफाई की व्यवस्था करवा रही थी जिसे स्थानीय लोगों ने खूब सराहा। निगम के एक पदाधिकारी जो घाटों की सफाई की देखरेख कर रहे थे से पूछा गया तो बताया निगम में कर्मी काफी कम है, काफी कर्मी छठ करने भी गये हैं बावजूद महापौर मैडम ने गत एक सप्ताह से अपने खुद हर व्यवस्था की मॉनिटरिंग करते हुए जरूरत पड़ने पर अपने निजी मैन पावर और भाड़े पर जेसीबी लगाकर खुद अपनी निगरानी में हम सबों का हाथ बटा रही थी जिससे हम उत्साही थे और हम सब मिलकर घाटों के साथ-साथ शहर की सफाई भी कर पाये।

### भक्ति जागरण सनातन सांस्कृतिक का सुरक्षा कवच है : अविनाश देव



मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। छठ महापर्व के मौके पर चैनपुर प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम कूदागा कला टोला भंडार में माटी कला बोर्ड के सदस्य अविनाश देव ने फीता काटकर भक्ति जागरण का उद्घाटन किया। लोक आस्था एवं विश्वास का पर्व छठ के मौके पर उपस्थित दर्शक श्रोता छठव्रती को उद्बोधन में श्री देव ने कहा कि आज भी गांव देहात में सामूहिक मनोरंजन का घोर अकाल है, खास कर महिलायें इससे वंचित रह जाती है। इस स्थिति में पर्व त्योहार के मौके पर सामूहिक मनोरंजन की व्यवस्था काबिल ए तारीफ है। हमारी मातायें बहने मनोरंजन के साथ सांस्कृतिक समझ को भी विकसित करती है। भक्ति जागरण सिर्फ मनोरंजन ही नहीं बल्कि सनातन संस्कृती का सुरक्षा कवच है। मैं भगवान भास्कर से सुख शांति स्वच्छता स्वास्थ्य समृद्धि की कामना करता हूं। इस मौके पर भुनेश प्रजापति, प्रदीप प्रजापति, विनय प्रजापति, अर्जुन प्रजापति, जयकुमार, डब्लु कुमार, चारखु भुइयां, विनोद भुइयां, प्रभु भुइयां, माटीकला कार्यालय के प्रभारी शोभा प्रजापति सहित दर्जनों युवा कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय रहे। गयक डब्लू दीवाना, गायिका शिल्पी चंद्रा पूरे कार्यक्रम में रात भर अपनी स्वर का जलवा बिखराते रहे और दर्शक श्रोताओं को झुमाते रहे। पलामू जिला सिविल कोर्ट के एडवोकेट एवं समाजसेवी ओंकार नाथ तिवारी ने अपने सुनहरे शब्दों को स्वर में पिरो कर श्रोताओं को शुभकामनायें प्रेषित किये। सबों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ और इसी तरह सामाजिक कार्यों को करते रहने का उम्मीद भी रखता हूं।

## हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार ने किया छठ घाट का उद्घाटन



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने हुसैनाबाद के बसडीहा छठ घाट का विधिवत उद्घाटन किया। उन्होंने हुसैनाबाद के जेपी चौक पर छठ व्रतियों के बीच फल का वितरण किया। वहीं हैदरनगर के सदाबह नदी मुख्य छठ घाट पर विधायक मद के सात लाख रुपए की लागत से बनने वाले नाला निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। हैदरनगर छठ घाट पर आयोजित कार्यक्रम में विजेता क्लब की मांग पर घाट पर डीप बोरिंग, पुल का निर्माण, दो हाई मास्ट लाइट एवं स्नानागार की व्यवस्था करने की घोषणा की। उन्होंने क्षेत्र के सभी लोगों को छठ महापर्व की शुभकामनायें दी। विधायक ने कहा कि क्षेत्र के सभी नागरिक उनके परिवार के सदस्य हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो इसका वह हमेशा ख्याल रखते हैं। वह हैदरनगर छठ घाट के बाद कुकही स्थित सूर्य मंदिर छठ घाट पर पहुंच कर उपस्थित लोगों को छठ महापर्व की शुभकामनायें दी। उन्होंने कहा कि समयभाव की वजह वह जिन घाटों पर नहीं पहुंच सके इसके लिए उन्हें अफसोस है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, डा प्रदीप कुमार सिंह, विनय पासवान,शंकर ठाकुर, मानना खान ,विमलेश सिंह, सजू खान, योगेंद्र कुमार सिंह, गुडु सिंह, बबिता सिंह, राजकुमार ठाकुर, जी जयप्रकाश उपाध्याय, चंदन सिंह, जितेंद्र सिंह, संजय सिंह,रंजित मालाकार,अनूप सिंह, अपपू सिंह, अशरफ हसन के अलावा विजेता क्लब व जगराता क्लब के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ लोक आस्था का महापर्व छठ संपन्न



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा का चार दिवसीय अनुष्ठान के साथ हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया। सोमवार को व्रतियों ने उदीयमान सूर्य को अर्ध्य देने के साथ जन कल्याण की कामना की साथ समापन किया।सुबह के अर्ध्य देने के लिए सभी छठ घाट पर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखी गयी। आस्था के इस महापर्व को लेकर शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में काफी हर्षोल्लास था। चारों तरफ छठी मइया की गीत से पूरा माहौल भक्तिमय बना था, रविवार की शाम अस्तांचलगामी सूर्य की उपासना की गई थी सोमवार को उदीयमान सूर्य की उपासना की गई। दोपहर तीन बजे से घाट पर व्रतियों को आने का सिलसिला शुरू हुआ 4:30 बजे शाम तक सभी छठ घाट पर काफी भीड़ हो गई। इस अवसर पर शहर के जेपी चौक स्थित छठ घाट पर नगर पंचायत द्वारा प्रकाश एवं साउंड की व्यवस्था की गई थी।वहीं कई सामाजिक संस्था द्वारा स्टॉल लागकर पूजन सामग्री का प्रबंध किया गया था। स्वयंसेवी संगठन द्वारा भव्य गंगा आरती का आयोजन किया गया। वहीं पंच मंदिर सरोवर पार्क में छठपूजा समिति द्वारा पूरे पार्क को काफी आकर्षक ढंग से सजाया गया था। वही नहर मोड़ स्थित जमुहारी छठघाट पर मेला का आयोजन किया गया। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में देवरी पंम्पू सोन घाट, शिवमंदिर सोन घाट, दंगवार सूर्य मंदिर घाट, बराही घाट, बुधुआ बड़ेपुर समेत कई घाट को सजाया गया था। छठ घाट पर पुलिस थी मुस्तैद छठ घाट पर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद थे। वहीं पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी जगन्नाथ धान, पुलिस निरीक्षक दीपक कुमार, महिला थाना प्रभारी सुरबाला भृंगराज, देवरी ओपी प्रभारी इंद्रदेव राम, दंगवार ओपी प्रभारी चंदन सिन्हा अपने अपने क्षेत्रों में काफी सक्रिय देखे गये। मौके पर विधायक कमलेश कुमार सिंह, पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव, जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह,भाजपा के वरिष्ठ नेता बिनोद कुमार सिंह, नगर अध्यक्ष शशि कुमार, उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दिकी, रामेश्वर राम, उषा देवी ,कांग्रेस के वरीय नेता धनंजय तिवारी,आरएसएस के जिला संघचालक दिनेश कश्यप, चंदन सिंह, गुड्डु सिंह,राजद नेता विनय यादव, लखनदेव सिंह, निरंजन प्रसाद, अनुराग कुमार,समाजसेवी मिंटू सिंह, मुन्ना कुमार देव,पवन चौधरी,भाजपा नेता अविनाश कश्यप,छोटू सिंह,अमित कश्यप, अजय गुप्ता, अर्जुन गुप्ता समेत कई लोग मौजूद थे।

## विधायक के जिला प्रतिनिधि ने भक्ति जागरण का किया उद्घाटन

पांकी(पलामू) लोक आस्था छठ माहपर्व के अवसर पर पांकी प्रखंड स्थित मंगलपुर में भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि पांकी विधायक के निदेर्शानुसार जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता,विशिष्ट अतिथि पांकी थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी ने फीता काट कर किया। मौके पर प्रकाश मेहता ने कहा कि छठ महापर्व एक ऐसा त्योहार है कि जो लोग सूर्य भाग्यवान को पूजा करते है। इस पूजा में अमीर हो या गरीब एक कतार में पूजा करते है। छठ महापर्व पूजा से हम सभी लोग को समझने की जरूरत है। थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी ने कहा कि छठ महा पर्व सुद्धता का पर्व है। यह पर्व से हम सभी को यह सीख मिलती है कि उगते हुए सूर्य के साथ डूबते हुए सूर्य की भी पूजा की जाती है। मौके पर विधायक के निजी सहायक प्रो बच्चन ठाकुर, अधिवक्ता लाला यादव, बिरेन्द्र मेहता ,गोपाल यादव, बिजय ठाकुर, पूजा समिति अध्यक्ष उमेश प्रसाद ,चंदन प्रसाद,अरविंद पासवान , कार्तिक सिंह , नीरज सिन्हा, मंटू सिन्हा, अनिल राम सुनेश्वर राम तथा सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## खाद्यान्न संधारण में अनियमितता बरतने के मामले में उपायुक्त की बड़ी कार्रवाई

# सहायक गोदाम प्रबंधक सह जनसेवक निलंबित, विभागीय कार्रवाई के लिए प्रपत्र 'क' गठित करने का भी निर्देश

जिला आपूर्ति पदाधिकारी को आरोपी जनसेवक से चार सौ क्विंटल तैंतीस किलो छह सौ ग्राम खाद्यान्न के विरुद्ध सोलह लाख एक हजार तीन सौ चौवालीस रूपये वसूलने के निर्देश

खाद्यान्न उठाव, निर्गत एवं वितरण में अनियमितता को लेकर गंभर हैं : उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत एनएफएसए मद में अनियमितता बरतने व खाद्यान्न घोटाले के आरोप में पलामू डीसी आंजनेयुलू दोड्डे ने हुसैनाबाद के राज्य खाद्य निगम गोदाम के सहायक गोदाम प्रबंधक सह जनसेवक अरविंद कुमार सिंह को निलंबित कर दिया है साथ ही जनसेवक अरविंद कुमार सिंह से सोलह लाख एक हजार तीन सौ चौवालीस रुपये की वसूली करने के लिये संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है। निलंबन अवधि में जनसेवक का मुख्यालय सदर मेदनीनगर निर्धारित किया गया है। सहायक गोदाम प्रबंधक सह जनसेवक पर होगा विभागीय कार्यवाही प्रारंभ, प्रपत्र 'क' गठित करने का उप विकास आयुक्त को दिया गया निर्देश। जनसेवक के निलंबन के पश्चात उपायुक्त ने हुसैनाबाद के प्रखंड विकास पदाधिकारी को जनसेवक सह सहायक गोदाम प्रबंधक के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही प्रारंभ करते हुए प्रपत्र 'क' में आरोप पत्र गठित कर एक सप्ताह के अंदर नियमानुसार अग्रसारित करने के लिये उप विकास आयुक्त को निर्देशित किया है। इसी तरह उपायुक्त ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी शब्बीर अहमद को जनवेसक से सोलह लाख एक हजार तीन सौ चौवालीस रुपये की वसूली करने के लिये निर्देशित किया है।

### क्या है पूरा मामला

हुसैनाबाद के विधायक कमलेश कुमार सिंह ने पलामू उपायुक्त से हुसैनाबाद के राज्य खाद्य निगम गोदाम के सहायक गोदाम प्रबंधक सह जनसेवक अरविंद कुमार सिंह द्वारा खाद्यान्न का घोटाला किये जाने के संबंध में शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की थी जिसके पश्चात उपायुक्त ने हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में एक संयुक्त जांच दल के द्वारा पूरे मामले की जांच करवायी जिसमें संधारित पंजी के अनुसार मिलान किये जाने के पश्चात चार सौ क्विंटल तैंतीस किलो छह सौ ग्राम खाद्यान्न कम पाया गया। जिसके बाद डीसी ने हुसैनाबाद के राज्य खाद्य निगम गोदाम के सहायक गोदाम प्रबंधक सह जनसेवक अरविंद कुमार सिंह से चार सौ क्विंटल तैंतीस किलो छह सौ ग्राम खाद्यान्न के विरुद्ध वसूलनीय राशि सोलह लाख एक हजार तीन सौ चौवालीस रुपये वसूलने के लिये जिला आपूर्ति पदाधिकारी शब्बीर अहमद को निर्देशित किया गया। ज्ञातव्य है कि जिले के उपायुक्त श्री दोड्डे खाद्यान्नों में अनियमितता को लेकर गंभर हैं। इसी माह के 22 तारीख को पांकी के कोनवाई में अंगूठा लगवा कर लाभुक को राशन नहीं देने जाने के मामले में जन वितरण प्रणाली दुकानदार अजय कुमार सिंह को भी निलंबित किया गया था।

## युवा समाजसेवी ने छठ व्रतियों के बीच पूजन सामग्री का किया वितरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर के डिहरिया वार्ड 11 मे युवा समाजसेवी सह प्रगति इंस्टिट्यूट एंड कंप्यूटर सेंटर बिश्रामपुर के डायरेक्टर अल्ताफ हुसैन एवं डिहरिया वार्ड 11 के भावी वार्ड पार्षद प्रत्याशी युवा नेत्री फिरदौस आरा के द्वारा प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी 90 छठ व्रतियों के बीच फल एवं पूजा सामग्री का वितरण किया गया। फिरदौस आरा ने कहा आज छठ महापर्व के शुभ अवसर पर फल एवं पूजा सामग्री छठ व्रतियों के बीच बांटकर हमें बहुत अच्छा लगा। उन्होंने कहा कि जनता एक बार सेवा करने का मौका देती है तो वार्ड 11 को स्वच्छ और सुंदर बनाने में तन मन धन लगा दूंगी और सेवा भाव से समाज के सभी वर्गों के लिये काम करूंगी। सभी वर्गों को एक साथ लेकर चलूंगी। मैं सब से यही कहूंगी कि हमें एक बार सेवा करने का जरूर मौका दें। इस मौके पर भोला ठाकुर, अंगल कुमार, बाल्मीकि ठाकुर, शंभू चंद्रवंशी, मुन्ना कुमार, बलवंती देवी, फुलवंती देवी, रानी कुमारी, पूजा कुमारी, शंभू राम सहित काफी संख्या में छठ व्रतियों को छठ पूजा सामग्री वितरण किया गया।

## स्पोर्ट्स



टी-20 वर्ल्ड कप में रविवार को टीम इंडिया साउथ अफ्रीका से 5 विकेट से हार गई। इस नतीजे के बाद सुपर-12 में ग्रुप-2 का समीकरण काफी बदल गया है। अब ग्रुप की 6 में से 5 टीमें सेमीफाइनल में पहुंचने की होड़ में हैं।

### भारत की हार से बदला समीकरण

# बांग्लादेश से हारी तो बाहर हो सकती है टीम इंडिया



**पर्थ (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप में रविवार को टीम इंडिया साउथ अफ्रीका से 5 विकेट से हार गई। इस नतीजे के बाद सुपर-12 में ग्रुप-2 का समीकरण काफी बदल गया है। अब ग्रुप की 6 में से 5 टीमें सेमीफाइनल में पहुंचने की होड़ में हैं। चलिये एक-एक कर सभी टीमों की संभावनाओं को जानते हैं। नीदरलैंड की टीम रविवार को पाकिस्तान से हार गई। यह तीन मैचों में डच टीम की लगातार तीसरी हार है। वह सेमीफाइनल की होड़ से बाहर होने वाली ग्रुप-2 की पहली टीम बन गई है। रविवार के मुकाबलों से पहले टीम इंडिया ग्रुप-2 में सबसे अच्छी स्थिति में थी। भारत पर जीत के बाद अब इस स्थिति में साउथ अफ्रीका की टीम आ गई है। तीन मैचों से साउथ अफ्रीका के पांच पॉइंट्स हैं। उसके अब पाकिस्तान और नीदरलैंड से मैच बाकी हैं। दोनों मैच जीतने पर टीम 9 अंक के साथ टेबल टॉपर रहते हुए सेमीफाइनल में पहुंच जायेगी। एक मैच में हार के बाद भी साउथ अफ्रीका अंतिम चार में पहुंच सकता है। उसका नेट रन रेट 2.772 का है जो ग्रुप में सबसे बेहतर है।

### भारत के लिए बांग्लादेश से मुकाबला बेहद अहम

टीम इंडिया को अब बुधवार को बांग्लादेश से मैच खेलना है। यह मैच भारत के लिए काफी अहम हो गया है। अगर भारतीय टीम यह मैच हारती है तो फिर उसके पांच मैच खत्म होने के बाद ज्यादा से ज्यादा 6 अंक हो सकते हैं। इसके लिए भी आखिरी मैच में भारत को जिम्बाब्वे को हराना होगा। अगर भारतीय टीम बांग्लादेश से हार जाती है और बांग्लादेश आगे चल कर पाकिस्तान को भी हरा देता है तो वह साउथ अफ्रीका के साथ सेमीफाइनल में पहुंच सकता है। इस वजह से भारत के लिए बांग्लादेश के खिलाफ मैच एक तरह से करो या मरो जैसा हो सकता है। पाकिस्तान के लिए अब सेमीफाइनल में पहुंचना बेहद मुश्किल हो गया है। हालांकि यह असंभव नहीं है। अगर भारतीय टीम बांग्लादेश से हारती है और पाकिस्तान की टीम साउथ अफ्रीका को हरा देती है तो उसके लिए चांस बन सकता है। इस स्थिति में दोनों टीमों के 4-4 पॉइंट हो जाएंगे और 6 नवंबर को होने वाले दोनों मुकाबले काफी अहम हो जाएंगे। उस दिन भारत का सामना जिंबाब्वे से और पाकिस्तान का मुकाबला बांग्लादेश से होगा। उस दिन अगर भारत और पाकिस्तान दोनों जीत जाती हैं तो फिर दोनों के 6-6 पॉइंट होंगे और बेहतर नेट रन रेट वाली टीम अंतिम चार में पहुंच जायेगी।

## न्यूजीलैंड-बांग्लादेश दौरों के लिए टीम इंडिया का ऐलान:न्यूजीलैंड नहीं जायेंगे रोहित और विराट

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड और उसके बाद बांग्लादेश दौरे के लिए टीम इंडिया का ऐलान कर दिया गया है। न्यूजीलैंड टूर टी-20 वर्ल्ड कप के बाद 18 नवंबर से शुरू होगा। इसमें 3 वनडे और इतने ही टी-20 खेले जायेगे। इसके बाद टीम इंडिया बांग्लादेश जायेगी। वहां तीन वनडे और दो टेस्ट मैच खेले जायेंगे। उत्तरप्रदेश के ऑलराउंडर यश दयाल को पहली बार टीम इंडिया में मौका दिया गया है। वो बांग्लादेश में वनडे सीरीज खेलेंगे। यश लेफ्ट आर्म पेसर और राइट हैंड बैटर हैं। मध्यप्रदेश के रजत पाटीदार को भी इसी फॉर्मेट में जगह दी गई है। **न्यूजीलैंड दौरे के लिए टी-20 टीम:** हार्दिक पंड्या (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान), ईशान किशन (विकेटकीपर), शुभमन गिल, दीपक हुड्डा, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, संजू सैमसन (विकेट कीपर), वॉशिंगटन सुंदर, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, हर्षल पटेल, मोहम्मद सिराज, भुवनेश्वर कुमार, अर्शदीप सिंह और उमरान मलिक। **न्यूजीलैंड दौरे के लिए ओडीआइ टीम:** शिखर धवन (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेट कीपर), शुभमन गिल, दीपक हुड्डा, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, संजू सैमसन (विकेट कीपर), वॉशिंगटन सुंदर, शार्दूल ठाकुर, शहबाज अहमद, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, दीपक चाहर, कुलदीप सेन और उमरान मलिक।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 01 नवंबर, 2022
www.azadsipahi.com



## धनबाद कोयलांचल में धूमधाम से संपन्न हुआ लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ

# उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य दे व्रतियों ने मांगा सुख, समृद्धि और शांति का आशीर्वाद



उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर आशीर्वाद मांगती छठव्रति महिलाएं।

## उग हो सूरज देव अरघ के बेरिया, पूजन के हो बेरिया न...



छठघाट कर भगवान भास्कर को जल अर्पण करने के लिए भारी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु।



छठव्रति को जल अर्पण करते लोग।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद/झरिया।** अस्ताचलगामी और उदयीमान भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ संपन्न हुआ। व्रतियों ने देश, समाज और परिवार की कुशलता की कामना की। जिले के झरिया, डिगवाडीह, तिसरा, चासनाला, भौरा, धनबाद, मनईटांड, स्टीलगेट, गोविंदपुर, बैंकमोड निरसा, चिरकुंडा, एग्यारकुंड, मैथन, पंचेत, सिंदरी, बलियापुर, बाघमारा, महुदा, कतरास, तेतुलमारी, लोयाबाद, पुटकी, केंदुआटुंडी, पूर्वी टुंडी और राजगंज आदि क्षेत्र के दर्जनों तालाबों में लाखों श्रद्धालुओं ने भगवान भास्कर की पूजा कर आशीर्वाद मांगा। इससे पूर्व भारी संख्या में श्रद्धालु अहले सुबह ही अपने-अपने छठ घाट पहुंच गए। सूप और डालियों में दीप प्रज्ज्वलित कर सूर्योदय का इंतजार किया। सूर्य उदय होते ही अर्घ्य देने का सिलसिला शुरू हुआ। आकर्षक साजो सज्जा से सजे छठ घाटों का नजारा अलौकिक था। छठी मईया के कर्णप्रिय भक्ति गीतों से पूरा इलाका गुंजायान रहा। वहीं सैकड़ो व्रतियों ने अपने-अपने घर में ही बने जलकुंड से अर्घ्य अर्पित कर भगवान सूर्य की आराधना की।

### निगम, परिषद और प्रशासन रहा सतर्क

सोमवार की अहले सुबह जिले के हर क्षेत्र से गीत गाती महिला श्रद्धालुओं की टोली छठ घाट की ओर प्रस्थान करने लगी। सड़कों पर युवाओं की टोली, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि और विभिन्न छठ पूजा समिति के सदस्य दूध का वितरण करते दिखे। व्रतियों की वापसी में प्रसाद मांगकर ग्रहण किया। इस दौरान शहरी क्षेत्रों में नगर निगम और ग्रामीण क्षेत्रों में नगर परिषद के कर्मी के साथ प्रशासनिक व छठ पूजा समिति पदाधिकारी व सदस्य, स्थानीय पुलिस, शांति समिति सदस्य छठ घाटों पर व्यवस्था और सुरक्षा को लेकर सजग दिखे।

## धनबाद की ग्रामीण एसपी ने पहली बार किया छठ पर्व

धनबाद की ग्रामीण एसपी रिष्मा रमेशन और उनके पति लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने भी चार दिवसीय महापर्व छठ को धार्मिक नियमानुसार संपन्न किया। केरल की मूल निवासी एसपी रिष्मा ने अपने पति सह लातेहार एसपी आवास पर पूरे नियम और निष्ठा के साथ 36 घंटे का निर्जला व्रत किया। सोमवार को अपने पूरे परिवार के साथ छठ घाट पहुंची और पूजा अर्चना करते हुए भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित कर नमन किया। पति एसपी अंजनी भी छठ महापर्व पर पूरी आस्था के साथ शामिल हुए। सिर पर प्रसाद का दऊरा उठा घाट तक पहुंचे। इस दौरान धनबाद की ग्रामीण एसपी रिष्मा रमेशन ने कहा कि उन्होंने पहली बार छठ व्रत किया है। यह आस्था और विश्वास का त्योहार है, जिसमें प्रकृति की पूजा होती है। उत्तर भारत में इसे करने वालों की संख्या काफी अधिक है। उन्होंने कहा कि पहली बार छठ व्रत करने पर उन्हें अपार खुशी मिली। सूर्य उपासना का धार्मिक महत्व होने के साथ-साथ वैज्ञानिक महत्ता भी है, जिसका मानव जीवन पर खासा असर पड़ता है। वहीं दऊरा उठा घाट पहुंचे एसपी अंजनी अंजन ने भी कहा कि छठी मैया का पर्व कर आपार खुशी मिली है।



## ब्राह्मण समाज ने फूंका जलेश्वर महतो का पुतला

कतरास (आजाद सिपाही)। कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो द्वारा विगत दिनों ब्राह्मणों द्वारा कसाईखाने के संचालन संबंधित दिए गए बकाय के बाद उपजा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसके प्रतिवाद में ब्राह्मण समाज के लोग जगह-जगह पर जलेश्वर महतो का विरोध कर रहे है। इसी कड़ी में सोमवार को झगराही पांडेय बस्ती में ब्राह्मण समाज के दर्जनों लोगों ने जुलूस निकालकर जलेश्वर महतो के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद उनका पूतला जलाकर विरोध दर्ज कराया। ब्राह्मण समाज के धर्मेंद्र पांडेय ने कहा कि जलेश्वर महतो अपनी राजनीतिक रोटी सेंकने के लिए ब्राह्मण समाज पर अति आपत्तिजनक ब्यान दिए थे। जिसकी वे कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। जलेश्वर महतो खुलासा करें कि कौन ब्राह्मण कसाईखाना का संचालन करता है। वे अपने ब्यान के लिये माफी मांगे नहीं तो उग्र आंदोलन होगा।

## बोकारो व बेरमो में लोक आस्था का महापर्व छठ संपन्न

**जरीडीह बाजार दामोदर तट पर ड्गवान भास्कर को अर्घ्य देने को उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब**

**आजाद सिपाही टीम**

**जरीडीह बाजार/बेरमो।** उदीयमान भगवान भास्कर के अर्घ्य देने के साथ ही लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ का सोमवार को समापन हुआ। पूरे बेरमो कोयलांचल सहित जरीडीह बाजार में छठ महापर्व को लेकर काफी उल्लास रहा। रविवार को छठ व्रतियों ने अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को पहला अर्घ्य दिया। सोमवार को उदीयमान भगवान भास्कर के अर्घ्य के साथ पर्व का समापन हुआ। अर्घ्य देने को लेकर जरीडीह बाजार दामोदर तट हजारों छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं से दूर-दूर तक पटा हुआ था। श्रद्धा और आस्था का यह सैलाब अद्भुत नजारा पेश कर रही थी। इस मनभावन नजारा को हर कोई अपने कैमरे में कैद करने को उत्सुक थे। विशेषकर युवक-युवतियों में सेल्फी का क्रेज भी बढ़ चढ़कर देखी जा रही थी। छठ घाट के किनारे विभिन्न संगठन और क्लब की ओर से



भगवान भास्कर को अर्घ्य देते श्रद्धालु।



सूर्य उपासना करते झामुमो के वरीय नेता मदन मोहन अग्रवाल।

## भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर मांगा आशीर्वाद

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** उदीयमान बगवान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही लोक आस्था का महापर्व छठ संपन्न हुआ। सोमवार को अंतिम दिन बोकारो वासियों ने भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर सुख-समृद्धि की कामना की। जिले के सभी तालाबों, नदियों, जल कुंभी पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। छठ घाटों पर छठी मइया के गीत बज रहे थे, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। तरह-तरह के लाइट्स छठ घाटों पर आकर्षण का केंद्र रहे.। अर्घ्य देने के बाद व्रति महिलाओं ने एक-दूसरे को सिंदूर लगाया। वहीं, बोकारो के विभिन्न घाटों पर सामाजिक संगठनों एवं पूजा समितियों ने व्रतियों के बीच फलों का वितरण किया। कई जगहों पर निःशुल्क पानी, चाय आदि की व्यवस्था की गयी थी। छठ पूजा समितियों ने प्रशासनिक अधिकारियों और सामाजिक सरोकार से जुड़े लोगों को सम्मानित भी किया। वहीं, पूजा को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए सभी घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। बोकारो डीसी, एसपी, विधायक, समेत अन्य लोगों ने छठ पूजा को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



चाय कॉफी बिस्किट के स्टाल लगाए गए थे। विधि व्यवस्था को लेकर गांधीनगर पुलिस पूरी तरह मुस्तैद दिखी। झामुमो के वरीय नेता मदन मोहन अग्रवाल भी अपने पूरे परिवार के साथ यहां अर्घ्य देने पहुंचे थे। सभी ने भगवान भास्कर को जल अपर्ण कर सुख, समृद्धि और क्षेत्र के उन्नति की कामना की। वहीं, गांधीनगर थाना क्षेत्र के विभिन्न जोरिया, पोखर और तालाबों में भी श्रद्धालुओं ने अर्घ्य अपर्ण किया।

## छठपूजा में व्यस्थ पांच घरों को चोरों ने बनाया निशाना, 25 लाख की संपत्ति लेकर हुए चंपत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**झरिया।** सुदामडीह थाना अंतर्गत रिवर साइड टाइप 2 और न्यू माइनस कॉलोनी के पांच आवासों में सोमवार अहले सुबह अपराधियों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। घटना के वक्त सभी घरों के लोग महापर्व छठ को लेकर अर्घ्य देने छठ घाट गए थे, जिसका लाभ उठा कर चोरों ने पांचों आवासों से नगदी सहित लगभग 25 लाख रुपये के स्वर्णाभूषण की चोरी की है। घटना को अंजाम देने से पहले अपराधियों ने क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरे को कपड़ों से ढक दिया था। उधर, घर वापस लौटते ही गृहस्वामियों को घटना का पता चला, तो सभी के होश उड़ गए। इसकी सूचना पाकर सुदामडीह पुलिस मौके पर पहुंच जांच में जुट गई है। पीड़ित गृहस्वामी चोरी गए सामानों के आंकलन में जुटे रहे।



### अर्घ्य देकर घर लौटने पर उड़े गृहस्वामियों के होश

पीड़ित गृहस्वामियों में अजय शर्मा, गीता चौहान, दिनेश विश्वकर्मा और ओमप्रकाश कुमार सहित अन्य के अनुसार छठ महापर्व को लेकर वे लोग सपरिवार अर्घ्य देने छठ घाट गए थे। वापस लौटने पर घर के भीतर के सामान बिखरे पड़े मिले। अलमीरा और बक्शे का ताला टूटा था। लॉकर में रखे सभी आभूषण सहित नगदी नदारद थे। इसके बाद हो हल्ला करने और दूसरे आवासों में भी चोरी होने की जानकारी हुई। अहले सुबह हुई घटना से लोगों में पुलिस के खिलाफ गुस्सा है। लोगों का कहना था कि उक्त क्षेत्र में देर रात तक पान, सिगरेट, गुटखा की दुकान खुली रहती है जहां शराब के नशे में असामाजिक तत्व जुटे रहते है। पुलिस को इन सब से कोई सारोकार नहीं रहता है। आशंका जताई गई की घटना के पीछे क्षेत्र के ही कुछ लोगों का हाथ हो सकता है। पीड़ितों ने सुदामडीह पुलिस को अज्ञात चोरों के विरुद्ध शिकायत देते हुए घटना का उद्भेदन कर चोरी गए आभूषणों को बरामद करने की मांग की है।

## बोकारो में याद किए गए भारत रत्न सरदार पटेल

# राष्ट्रीय एकता और अखंडता के शिल्पकार थे लौहपुरुष सरदार पटेल: बिरंची नारायण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

बोकारो। राष्ट्रीय एकता दिवस भारत रत्न लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 147वीं जयंती पर बोकारो विधायक सह मुख्यसचेतक (विरोधी दल) बिरंची नारायण ने गरगा पूल के पास स्थापित सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। कहा कि भारत लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल राष्ट्रीय एकता और अखंडता के शिल्पकार थे। भारत के इतिहास में अपना नाम सुनहरे अक्षरों से दर्ज कराने वाले सरदार पटेल का योगदान कोई नहीं भूला सकता। भारत का 'शिल्पकार' माने जाने वाले सरदार पटेल ने आजादी के बाद टुकड़ों में बनी 565 रियासतों को जोड़ कर एक अखंड भारत बनाया था। इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री संजय त्यागी, ओबीसी मोर्चा जिलाउपाध्यक्ष सुभाष प्रसाद सिंह, भाजपा पिंडरा जोरा मंडल अध्यक्ष सनातन सिंह, हीरालाल मंडल, दुर्गा गोराई, किरण महतो, कृतन कुंभकार, नरेश कुमार रजवार, बंटी मंडल, निमाई दास, शक्ति सोनार, मेघु महतो, श्यामल किशोर महतो, मनोज कुमार, राजेश कुमार और धर्मेन्द्र कुमार आदि उपस्थित थे।



## महत्वपूर्ण न्यूज

### सीएसआईआर-सिंफर में सर्तकता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ, मना राष्ट्रीय एकता दिवस



धनबाद (आजाद सिपाही)। सीएसआइआर-केंद्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान, धनबाद के बरवा रोड परिसर स्थित सभागार में सोमवार को लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्मतिथि पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। लगे हाथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह का भी शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर संस्थान के प्रशासन नियंत्रक आलोक शर्मा ने संस्थान के वैज्ञानिकों, अधिकारियों और कर्मचारियों को हिंदी व अंग्रेजी भाषाओं में राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई। उसके बाद सतर्कता जागरूकता के संबंध में अपना विचार रखते हुए उन्होंने इस सप्ताह के दौरान आयोजित किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में संक्षिप्त जानकारी पेश की। इसके बाद संस्थान के सदस्यों को सत्यनिष्ठा शपथ भी दिलाई गई। इसके अतिरिक्त संस्थान में प्रातः 6.30 बजे संस्थान के बरवा रोड परिसर में गेट संख्या 1 से लेकर गेट संख्या 2 तक और डिगवाडीह परिसर में नालंदा गेट से नेताजी कॉम्प्लेक्स तक राष्ट्रीय एकता दौड़ भी सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। संस्थान के डिगवाडीह परिसर एवं क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्रों में संबंधित प्रभारी वैज्ञानिकों द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस एवं सत्यनिष्ठा की शपथ दिलवाई गईं।

### हर व्यक्ति अपने आसपास हो रहे भ्रष्टाचार का विरोध शुरू कर दे तो बड़ा बदलाव संभव : महाप्रबंधक हर्षद



कथारा (आजाद सिपाही)। केंद्रीय सतर्कता आयोग के निर्देश पर कथारा क्षेत्र के सभी परियोजना व इकाइयों में सोमवार को सीसीएल मुख्यालय रांची के मुख्य सतर्कता अधिकारी सुमित कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ हुआ, जो छह नवंबर तक चलेगा। इस वर्ष का विषय भ्रष्टाचार मुक्त भारत, विकसित भारत रखा गया है। देश में हर साल 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाता है। इसी क्रम में इस दिन कथारा महाप्रबंधक कार्यालय में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाते हुए उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। वहीं, सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत प्रातः 11.30 बजे से सभी कार्यालयों में बैनर-पोस्टर लगाकर सतर्कता जागरूकता सप्ताह का प्रचार किया गया। महाप्रबंधक हर्षद दातार की उपस्थिति में महाप्रबंधक कार्यालय में सत्यनिष्ठा सपथ का आयोजन किया गया। जिसमें सभी विभागाध्यक्ष, अधिकारी एवं कर्मचारियों की भागीदारी रही। उन्होंने कहा कि नागरिक भागीदारी के माध्यम से सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी और सत्यनिष्ठा को बढ़ावा देने के लिए यह जागरूकता सप्ताह हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। उन्होंने सभी अधिकारियों-कर्मचारियों से अनुरोध किया कि वे आयोग द्वारा परिचालित सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा लें। कहा कि समाज में भ्रष्टाचार को तब और बढ़ावा मिलता है, जब लोग गलत कार्यों को देखकर निगाहें फेर लेते हैं और सामान्य भाव की तरह अपने काम में लग जाते हैं। हर व्यक्ति अपने आसपास हो रहे भ्रष्टाचार का विरोध शुरू कर दे तो बड़ा बदलाव खुद आ जाएगा। इस वर्ष स्कूलों में निबंध प्रतियोगिता, सतर्कता जागरूकता रैली एवं नुक्कड़ नाटक आयोजित की जाएगी। क्षेत्र के सभी परियोजना एवं इकाई में जागरूकता के लिए अभियान चलाया जाएगा। इस मौके पर उप प्रबंधक (सीएसआर) चंदन कुमार, एसओ माइनिंग सीबी तिवारी, एसओ पीएंडपी के जयंत कुमार, सतेन्द्र शर्मा, चंदन कुमार उप प्रबंधक (सीडी), सुप्रिया भारती सहायक प्रबंधक (पीसीआरएस), जयंत शाहा सहायक प्रबंधक (जुलोजी) के अलावा विश्वकर्मा भारती, साबिर अहमद अंसारी, सभी मखदूम और अमित टोप्पो आदि उपस्थित रहे।

### धनबाद : कॉस्मेटिक दुकान में लगी भीषण आग, लाखों की संपत्ति जलकर हुई खाक



धनबाद (आजाद सिपाही)। बैंक मोड़ थाना क्षेत्र के रे टाकीज के समीप स्थित श्याम भवन मार्केट की लक्ष्मी नारायण स्टोर के कॉस्मेटिक डिस्ट्रीब्यूशन हाउस नामक एक दुकान में सोमवार अहले सुबह भीषण आग लग गई। इससे दुकान में रखे करीब 50 लाख रुपये की संपत्ति जल कर खाक हो गई। आग में लगी। दुकान के मालिक विजय खेरिया ने बताया कि सुबह छह बजे उन्हें मार्केट के ही किसी साथी दुकानदार ने फोन कर आग लगने की सूचना दी। जिसके बाद वे तुरंत मौके पर पहुंचे। उनके साथ बाकी दुकानदार भी जुटे। वहीं, अगलगी की सूचना पाकर पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक सारा सामान जलकर राख हो चुका था। विजय खेरिया के अनुसार करीब 40 से 50 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। उधर, मार्केट के दुकानदारों ने आतिशबाजी की वजह से आग लगने की आशंका जताई है। बतातें चलें कि उक्त मार्केट में कई नमचीन दुकानें भी हैं।

### मनाई गई प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि



बोकारो थर्मल (आजाद सिपाही)। देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि सोमवार को बोकारो थर्मल स्थित त्रिजल नगर में मनाई गई। उपस्थित वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सह समाजसेवी बाबूलाल गिरी और बेरमो प्रखंड उप प्रमुख बिनोद कुमार साहू ने स्व: इंदिरा गांधी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही उनके बताए व दिखाए रास्ते पर चलने की शपत ली गई। वक्ताओं ने कहा कि हमें गर्व है कि देश की प्रगति और एकता अखंडता के लिए स्व: इंदिरा गांधी ने जो कार्य किया उसे हम सभी देशवासी कभी भूल नहीं सकते हैं। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य मो अख्तर अंसारी, रामजी साव, रत्नेश शर्मा, दीपक कुमार, दिलीप शर्मा, झबू प्रजापति, राजेंद्र शर्मा, चंदन महतो आदि थे।

### बीएसएल में आयोजित हुआ राष्ट्रीय एकता दिवस

बोकारो (आजाद सिपाही)। लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर सोमवार को बीएसएल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बीएसएल के कार्यकारी निदेशक प्रभारी सह अधिशासी निदेशक (संकार्य) बीके तिवारी ने राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। इससे पूर्व गांधी चौक से इस्पात भवन तक राष्ट्रीय एकता दौड़ का आयोजन भी किया गया।

सतर्कता : गुजरात हादसे के बाद उठाया गया कदम

# धबलेश्वर झूला पुल की क्षमता को कम किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** कटक गुजरात में मोरबी झूला पुल गिरने के बाद कटक प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। कटक जिले के आठगड धबलेश्वर पीठ को जोड़ने वाले झूला पुल की सुरक्षा को लेकर प्रशासन की ओर से ततपरता देखा गयी है। झूला पुल में एक ही समय में 200 व्यक्ति जाकर मंदिरों के दर्शन कर सकते हैं। धबलेश्वर पीठ को जोड़ने वाले झूला पुल की लंबाई 254 मीटर और वहन क्षमता 1500 लोगों की थी। प्रशासन ने बताया कि 2006 में बने इस पुल का रखरखाव नहीं होने से इसकी क्षमता 600 है, लेकिन आज यह 200 लोगों तक ही सीमित कर दिया गया है।

कटक धबलेश्वर झोला पुल को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है। कार्तिक महीने के कारण प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु इस झूला पुल से आने जाने करते हैं। पिछले कुछ वर्षों में क्षमता से अधिक आने जाने के कारण खंभे से जुड़ी लोहे की कड़ी कमजोर हो गयी हैं। कोलकाता के एक विशेषज्ञ टीम ने धबलेश्वर झूला पुल कमजोरी को स्वीकार किया है और तत्काल मरम्मत का सुझाव दिया है।

इंटीग्रेटेड परियोजना प्रबंधन ऐंड सर्विस नेहरू कॉलोनी कोलकाता के अभिजीत चक्रवर्ती के नेतृत्व में एक तकनीकी टीम ने ग्रामीण विकास विभाग (आरडी) से एक कॉल प्राप्त करने के बाद पुल का निरीक्षण किया। खंभे के निचले हिस्से कमजोर हैं, जबकि खंभे को ऊपर रखने वाली डंडियां कमजोर हो गयी हैं।

20 साल कि इस स्टीन की क्षमता था, लेकिन 16 साल में कमजोर हो गया। इसका कारण ज्यादा वजन ढोने के कारण खराब हो गयी है। साथ ही लंबे बोल्ट मुड़े हुए हैं। इसलिए टीम का मानना है कि झूला पुल की तत्काल मरम्मत की जरूरत है। पुल की निरीक्षण के बाद तकनीकी टीम व ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक हुई।

# पहले दलाल काम करवाने का लेते थे टेंडर, अब दलाली के आफिस हो गये खत्म : ब्रजेश पाठक

## 13 विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले लोगों को यूपी रत्न से किया गया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**लखनऊ।** वर्ष 2017 से पहले नोएडा सहित कई पश्चिमी जिलों में ऐसे आफिस खुले होते थे। दलाल दावा करते थे कि आप पैसा खर्च करो आपका काम सौ प्रतिशत हो जाएगा। आज कोई भी व्यक्ति पैसा लेकर यह दावा नहीं कर सकता कि आपका काम हो जाएगा। यह प्रमाण है कि भ्रष्टाचार को शून्य करने के लिए सरकार ने काम किया है। ये बातें उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कही। वे यूपी डवलपमेंट फाउंडेशन द्वारा आयोजित श्रेष्ठ यूपीः साकार होते सपने के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस अवसर पर उप्र के 13 विभिन्न क्षेत्रों में विशेष काम करने वाले लोगों को श्रेष्ठ यूपी रत्न सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि पहले कोई कहता कि हम पूर्वांचल के डान है, कोई कहता हम तो पूरे यूपी के डान हैं।



### उपेंद्र राय श्रेष्ठ यूपी रत्न से किये गये सम्मानित

वरिष्ठ पत्रकार उपेंद्र नाथ राय को यूपी रत्न से सम्मानित किया गया। उन्होंने छत्तीसगढ़ कांकेर में रहते हुए माओवादियों पर बहुत काम किया था। वहां खतरा मोल लेते हुए भी उनकी कई स्टोरियां की। जहां आम तौर पर संवावदाता नहीं जाते, उस सितरम और अबूझमाड़ में भी गये। आज वे पत्रकारिता क्षेत्र में लखनऊ में रहते हुए भी गांव पर वैज्ञानिक पद्धति से आठ बिग्घा हरी मिर्च की खेती करा रहे हैं। उनकी बहु आयामी प्रतिभा पर यह पुरस्कार उन्हें दिया गया। इसके साथ ही गो उत्पादक संघ के राधेश्याम दिक्षित, बांदा के डीएम अनुराग पटेल, हमीरपुर के डीएम डॉक्टर चंद्र भूषण त्रिपाठी, आधुनिक खेती के लिए 110 पुरस्कार पा चुके राम कीरत मिश्र, 15 से अधिक अपने नाम पेटेंट करा चुका आकाश श्रीवास्तव, जैविक कृषि पर कार्य करने वाले उदित नारायण शुक्ल, अंतरराष्ट्रीय शूटर रूचि सिंह, उपेंद्र नाथ राय आदि को श्रेष्ठ यूपी रत्न से सम्मानित किया गया।

आज दावा करके कहा जा सकता है कि यहां कोई अर्गजाइन्ज्ड क्रिमीनल नहीं रह गया है। यहां लुच्चे-लफंगे पूरे सिस्टम पर कब्जा कर लिये थे, लेकिन आज वे सभी जेल की सलाखों में हैं।

ब्रजेश पाठक ने कहा कि हमें जब काम करने का मिला, तब 13 मेडिकल कॉलेज थे। आज पूरे प्रदेश 35 सरकारी क्षेत्र के मेडिकल कालेज हैं। 20 प्राइवेट क्षेत्र के मेडिकल कालेज हैं। अब प्रधानमंत्री ने सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज खोलने का आदेश दे दिया है। इस कार्यक्रम का संचालन भारत सरकार के रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय में स्वतंत्र निदेशक चंद्र भूषण पांडेय ने किया। भाजपा के पूर्व अध्यक्ष व वर्तमान में देवरिया सांसद रमापति राम त्रिपाठी ने कहा कि आज भारत के साथ ही यूपी भी बदल रहा है, क्योंकि यहां प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की नीयत साफ है। ये दोनों लोग राष्ट्र व राष्ट्र के लोगों के लिए हर वक्त जीते-मरते हैं।

# नवीन पटनायक ने भुवनेश्वर से जयपुर के लिए उड़ान सेवा का शुभारंभ किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** जयपुर के लिए नियमित उड़ान सेवा शुरू की गयी है। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक द्वारा इसका शुभारंभ किया गया। विमान ने जयपुर के लिए उड़ान भरी, जो राज्य सरकार द्वारा संचालित पहला हवाई अड्डा है। पहले चरण में इंडिया वान एयर ने 9 सीटर विमान का संचालन किया है।

हालांकि उड़ान भुवनेश्वर से सुबह 11:35 बजे शुरू होगी और लगभग 1:20 बजे जयपुर पहुंचेगी। वहां से यह 1.40 बजे विशाखापत्तन के लिए रवाना होगी और 2:30 बजे पहुंचेगी। यह दोपहर 3 बजे विशाखापत्तन से रवाना होगी और 3:50 बजे जयपुर पहुंचेगी, फिर 4.05 बजे जयपुर से रवाना होगा और 5:50 बजे भुवनेश्वर पहुंचेगी। भुवनेश्वर से जयपुर के लिए टिकट की कीमत शुरू में 1,049 रुपये है और अधिकतम कीमत 2,500 रुपये होगी।

हालांकि परिवहन मंत्री टूकुनी साहू ने भुवनेश्वर से जयपुर के लिए हवाई सेवा के बारे में कहा कि इससे दूरदराज के इलाकों में परिवहन की सुविधा होगी। व्यापार, कला, संस्कृति और स्वास्थ्य सुविधाओं को सुगम बनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द ब्रह्मपुर और उतकेला के लिए रास्ता खुलेगा। इसी तरह वाणिज्य एवं परिवहन के विशेष सचिव मनोज मिश्र ने कहा कि अब सप्ताह में छह दिन उड़ानें संचालित होंगी। इससे पर्यटन और ईको-टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा। उतकेला हवाई अड्डा लाइसेंसिंग चरण में है। 15 नवंबर तक अनुमति मिलने की उम्मीद है। हॉकी विश्व कप से पहले राउरकेला को हवाई सेवा मिलेगी।

# स्वच्छता अभियान के दौरान एमसीएल ने 379 मीट्रिक टन स्क्रैप डिस्पोज किया



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** संबलपुर महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) ने कुल 64 साइट की सफाई की है और 5.27 लाख वर्ग फुट के क्षेत्र की अधिग्रहण किया और 379 मीट्रिक टन स्क्रैप का डिस्पोज किया है, जिसकी कीमत 154.25 लाख है। इस विशेष अभियान के तहत साफ-सफाई, अंतरिक्ष प्रबंधन और कार्यालयों के सौंदर्यीकरण की व्यापक योजना बनाई गई है, जिसे कंपनी मुख्यालय, परिचालन क्षेत्रों और परियोजना कार्यालयों के कार्यालय परिसर में और उसके आसपास लागू किया गया है। इस संबंध में अभियान की शुरुआत से काफी पहले स्वच्छता स्थलों की पहचान की गयी थी और कंपनी के निर्धारित नियमों और प्रक्रियाओं के अनुसार बेकार स्क्रैप सामग्री और अप्रचलित वस्तुओं को डिस्पोज के लिए पहचाना किया गया। स्वच्छता अभियान 2.0 में शामिल मुख्यालय और क्षेत्रीय टीमों के समन्वित प्रयासों के कारण अभियान सफल रहा है।

# पैर और एंकल अब ऑर्थोपेडिक्स का फोकस



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** आयुर्विज्ञान संस्थान और सम अस्पताल में पैर और एंकल की सर्जरी आर्थोपेडिक्स में एक नयी विकासशील उप-विशेषता दो दिवसीय सम्मेलन और कार्यशाला आयोजन किया गया। इंडियन फुट एंड एंकल सोसाइटी और ओडिशा ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन के तत्वावधान में होने वाले कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिनिधियों के लिए लाइव सर्जरी और व्यावहारिक कार्यशाला अनुष्ठित हो गया। इंडियन फुट एंड एंकल सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ राजेश साइमन मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल नयी दिल्ली से डॉ कमल दुरेजा और एमएस रमैया मेमोरियल अस्पताल बेंगलुरु के डॉ एसएम अजय सहित प्रख्यात रिसोर्स पर्सन कार्यशाला में शामिल हुए हैं।

डॉ साइमन ने कहा कि पैर ऑर्थोपेडिक्स का एक उपेक्षित हिस्सा था, क्योंकि हम इसे ठीक से समझ नहीं पाये थे, लेकिन आधुनिक तकनीक के आगमन और सीटी स्कैन और एमआरआइ की उपलब्धता के साथ हम आज इसे बेहतर समझते हैं। उन्होंने कहा कि यह समय है हमें अपना दिमाग खोलना होगा और जो हमने गलत तरीके से सीखा था, उसे भूल जाना चाहिए। सोआ के कुलपति प्रो (डॉ) अशोक कुमार महापात्र आईएमएस और सम अस्पताल के डीन प्रो. संघमित्रा मिश्र चिकित्सा अधीक्षक, प्रो. पुष्पराज सामंतसिंहर ओडिशा ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन के अध्यक्ष, डॉ आरके महापात्र और ओडिशा ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन के सचिव डॉ. बसंत बेहेरा ने भी उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। आईएमएस और सम अस्पताल में हड्डी रोग विभाग के प्रमुख प्रो (डॉ) अनिरुद्ध दास ने प्रतिनिधियों का स्वागत किया।

# संबलपुर मंडल में राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता





**संबलपुर।** संबलपुर मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद सिंह ने 31 अक्टूबर को रेलवे स्टेडियम, संबलपुर में स्वर्गीय सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर संबलपुर मंडल के अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलायी। सभी रेलकर्मियों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाये रखने के लिए खुद को समर्पित करने और सभी भारतीयों के बीच संदेश फैलाने के लिए कड़ी मेहनत करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर संबलपुर मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद सिंह की नेतृत्व में रेलवे स्टेडियम से रेल नगर गेट तक 'रन फॉर यूनिटी' का भी आयोजन किया गया। इस आयोजन में संबलपुर मंडल के सभी अधिकारियों, बड़ी संख्या में कर्मचारियों और खिलाड़ियों ने भाग लिया।

# संबलपुर मंडल कर्मियों ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह पर ली शपथ

आजाद सिपाही संवाददाता




**संबलपुर।** पूर्वतट रेलवे, संबलपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक, श्री विनीत सिंह ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2022 के आयोजन के अवसर पर सभी क्षेत्रों की गतिविधियों में निष्ठा और पारदर्शिता लाने के लिए 31 अक्टूबर-2022 को मंडल कार्यालय परिसर के प्रगति धारा में संबलपुर मंडल के कर्मचारियों और अधिकारियों को सतर्कता निष्ठा शपथ दिलायी। सतर्कता जागरूकता सप्ताह 31 अक्टूबर-2022 से 6 नवंबर-2022 तक मनाया जा रहा है। संबलपुर मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद सिंह, सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में इस प्रतिज्ञा समारोह में भाग लिया ।



# ब्राजील के अगले राष्ट्रपति होंगे लूला डा सिल्वा

**ब्राजील (एजेंसी)।** लूला डा सिल्वा लैटिन अमेरिका के सबसे बड़े देश ब्राजील के नए राष्ट्रपति होंगे। उन्होंने मौजूदा राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो को करीब 21 लाख 39 हजार वोटों से हरा दिया। लूला वामपंथी वर्कर्स पार्टी से हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक वो 1 जनवरी 2023 को पद संभालेंगे, तब तक बोल्सोनारो केयरटेकर राष्ट्रपति बने रहेंगे। इस साल लूला 6वीं बार राष्ट्रपति पद के लिए खड़े हुए, जिसमें उन्हें जीत मिली। उन्होंने पहली बार 1989 में चुनाव लड़ा था। ये तीसरी बार होगा जब लूला राष्ट्रपति पद संभालेंगे। इसके पहले वो 2003 से 2010 के बीच दो बार राष्ट्रपति चुने गये थे।
















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**